(3) 22 जुलाई 1971 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अस्तित्व में आ गया। हिमाचल निर्माता यशवतं सिंह परमार की दूरदर्शिता और शिक्षा प्रेम का यह स्मारक एक जाने–माने शिक्षाविद् प्राफेसर रामकरण सिंह के हाथ में सौंपा गया। विश्वविद्यालय के संस्थापक उपकुलपति के रूप में ऐसे असाधारण कर्मठ, विनम्र, मानवीय गुणों से युक्त शिक्षाविद् को पाकर विश्वविद्यालय धन्य हो गया। उन्होंने वर्ष 1975 तक अपने कार्यकाल में विश्वविद्यालय के प्रमुख भवन और अध्यापकों के लिए आवास ही नहीं बनवाए, बल्कि विभागाध्यक्षों और आचार्यों के रूप में देशभर से श्रेष्ठ अध्यापक भी आमंत्रित किए, चयनित किए। अंग्रेजी विभाग में वी.वाई कण्टक और चटर्जी, गणित में भटनागर जी, रसायनशास्त्र में के.सी. मल्होत्रा, हिन्दी में उदयभानु सिंह जी जैसे श्रेष्ठ विद्वानों ने यहाँ के विभागों को मजबूत आधार दिया, अच्छी परंपराएं स्थापित कीं। रीजनल सेटंर और सांध्य कालीन महाविद्यालय के अध्यापकों को पंजाब विश्वविद्यालय ने हिमाचल विश्वविद्यालय के अधीन रहने अथवा पंजाब विश्वविद्यालय में लौट आने का विकल्प दिया था। पंजाब विश्वविद्यालय के अनेक अध्यापक यहाँ के विभागों में अवकाश प्राप्ति तक बने रहे नए अध्यापकों का मार्गदर्शन करते रहे। मजबूत नींव पर सुन्दर भवन ऊपर उठता चला गया।

(4) पत्राचार निदेशालय का गठन

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के जन्म के साथ ही वर्ष 1971 में पत्राचार निदेशालय की स्थापना की घोषणा भी हो गई। स्नातक, स्नातकोत्तर के अधिकांश विषयों के साथ बी.एड. आरै एम.एड. की कक्षाओं की घोषणा भी कर दी गई। एक अवकाश प्राप्त प्रिंसिपल को कार्यभार सौंपा गया और एक डिप्टी डायरेक्टर (के.डी. गुप्ता) को नियुक्त किया गया। देशभर से 75000 छात्रों ने प्रवेश के लिए आवदे न किया। उनके लिए पाठ्य सामग्री तैयार करना, उनकी उत्तर–पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना तथा परीक्षा संबंधी कार्यों को सम्पन्न करना टेढ़ी खीर था। प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय के अध्यापकों ने यथाशक्ति सहयोग दिया परंतु अव्यवस्था बनी रही। अप्रैल 1972 में पत्राचार विभाग में 33 प्राध्यापकों को एक साथ नियुक्ति पत्र मिले और उन्हें प्राध्यापक का वेतनमान देकर भी "इवैल्यूएटर" पदनाम दिया गया। 14 अप्रैल से 26 अप्रैल तक सभी प्राध्यापकों "इवैल्यूएटेरों" ने कार्यभार संभाल लिया। शिमला में रहते हुए भी मैं कार्यभार संभालने वाला 31वाँ था। याद आता है कि मेरे प्रिंसिपल महोदय अंत तक आश्वासन देते रह कि मुझे सांध्य कालीन महाविद्यालय में समायोजित करवा देंगे। 25 अप्रैल को सांध्य कालीन महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव सम्पन्न हुआ जिसके सांस्कृतिक कायर्क्रमों का भार मुझ पर था। 26 अप्रैल को उन्होंने अपनी असमर्थता व्यक्त कर दी। पत्राचार विभाग में पूरे भारत से आकर 30 अध्यापक पद सभंाल चुके थे और मैं सबसे जूनियर "इवैल्यूएटेर" बन गया।

(5) पत्राचार निदेशालयः मधु–तिक्त स्मृतियाँ

26 अप्रैल, 1972 को अवॉलॉज में कार्यभार सभंालते ही पाया कि पत्राचार निदेशालय में एक लम्बे हॉल में मेज लगे थे जिसके दोनों ओर कुर्सियाँ लगी थीं। हम विभिन्न विषयों के 33 इवैल्यूएटेर, अवॉलॉज में छात्रों की 'असाइन्मेन्ट' के ढेरों को देख रहे थे जिनपर धूल की मोटी पर्त भी थी। मूल्याकंन करके अभ्यास पुस्तिकाएं छात्रों को समय पर लौटाई जानी थी। वर्ष 1971 में ही

शिक्षाविद् के. पी. पाण्डे निदेशक नियुक्त हो चुके थे उनके योग्य निर्देशन में पत्राचार के लिए पाठ्य सामग्री लिखना सीखा। कुछ विषयों में तो एक–एक अध्यापक को 60–60 पाठ भी लिखने पड़े। याद आता है लम्बा संघर्ष जो हमने अपने साथियों एस. के. गुप्ता, अनिल राकेश, एस.एस. राणा, नरेन्द्र शारदा, सुनील नागपाल तथा अन्य साथियों के साथ मिलकर किया, जिसका सुखद परिणाम यह है कि आज पत्राचार विभाग 'आईसीडियोल' कहलाता है। यहाँ के "इवैल्यूएटेर" आज प्राध्यापक से प्राचार्य तक की यात्रा सहज ही कर रहे हैं। उन्हें भी विश्वविद्यालय के अध्यापकों की तरह शरद अवकाश मिलता है, रहने का आवास मिलता है, निर्देशन के लिए शोधार्थी मिलते हैं। वर्ष 1972 से लगभग 2000 तक यह संघर्ष चला, तब जाकर पत्राचार के अध्यापकों को विश्वविद्यालय के अन्य अध्यापकों के जैसा सम्मान मिल सका। मेरी पीढ़ी का संघर्ष देशभर के पत्राचार विभागों के लिए आदर्श बना। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को हिमाचल से बाहर पूरे भारत में केवल पत्राचार निदेशालय के कारण ही जाना जाता था। मुझे अपने छात्रों को चेन्नई, बंगलुरू, कलकत्ता, दिल्ली, चण्डीगढ़ और हिमाचल के अन्य शहरों में जाकर पढ़ाने का अवसर मिला। सैंकड़ों विद्वानों से देशभर में संपर्क हुआ। उनसे सीखने को मिला और विपरीत परिस्थितियों में अपने ऊपर निर्भर रहना आ गया। वर्ष 1986 तक मैं पत्राचार में पढ़ाता रहा। वह मेरे व्यक्तित्व निर्माण का सुनहरा काल था। कलकत्ता में विष्णुकांत शास्त्री जी एक अध्यापक के नाते हमारे छात्रों को पढ़ाने आते थे।

कल्पना करें 32–33 युवा, देश के विभिन्न स्थानो ं से एक साथ आकर, एक नई प्रकार की शिक्षा प्रणाली के पुरोधा बने। एक दो छोड़कर सभी 25–30 आयु वर्ग के थे। जो आत्मीयता वहाँ विकसित हुई उसकी मधुर यादें आज भी मेरे साथ हैं। पत्राचार निदेशालय, विश्वविद्यालय के लिए लम्बे समय तक दुधारू गाय बना रहा। विश्वविद्यालय का मलू भतू ढाचां निर्मित करने में, पत्राचार निदेशालय की करोड़ों की कमाई काम आई परंतु वहाँ के अध्यापकों को अपना उचित अधिकार पाने के लिए हर कदम पर संघर्ष करना पड़ा। पत्राचार निदेशालय की एक प्रारम्भिक स्मृति यह भी है कि बोरीयों में भरी उत्तर–पुस्तिकाओं में कुछ बोरियां पोस्टल आर्डर की भी निकली थीं। छात्रों के आवदेन–पत्रों से अलग किए गए पोस्टल आर्डर बोरियों में भरकर न जाने कैसे स्टारे में फेंक गए थे। हमने उन्हें छंटाई कर डॉकखाने में भेजा और कायार्लय ने समयावधि पार कर चुके पोस्टल ऑर्डरों के लिए पास्ट ऑफिस से पत्र–व्यवहार किया था। बिना पूर्व तैयारी के कैसे काम किया जाता है, इसका सजीव उदाहरण हमारा पत्राचार निदेशालय बना था, यह एक कटु–स्मृति बनी हुई है। स्नातकोत्तर कक्षाओं और बी.एड., एम.एड. की कक्षाएं चलाने वाला हमारा पत्राचार निदेशालय, देश में प्रथम था। समय के साथ पत्राचार निदेशालय में बहुत परिवर्तन हुए, इसे अपना एक नहीं, दो–दो भवन मिल चुके हैं। आज वह देश के श्रेष्ठतम विभागों में से है। पत्राचार विभाग के विकास में चतुर्थ श्रेणी की कर्मचारी महिलाओं का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। पंजाब विश्वविद्यालय के बी.एड. कॉलेज को जब हि.प्र. विश्वविद्यालय ने अपने शिक्षा विभाग में लिया तो बिमला मौसी जैसी तीन–चार महिलाएं भी वहां कर्मचारी थीं। पत्राचार विभाग के हम 32–33 आरै आगे चलकर 40–50 अध्यापकों को चाय–पानी पिलाने से लेकर कमरों की डस्टिंग आदि का काम वही करती रहीं। वैधव्य का कष्ट भोगती फिर भी सहज भाव से सबका काम करती और किसी से कोई अपेक्षा न रखने वाली बिमला मौसी ने हमें निष्काम कर्म का पाठ सहज ही पढ़ाया। बी.एड. कॉलेज में काम करने वाली चतुर्थ श्रेणी की महिलाओं को मौसी पुकारने की परंपरा, हिमाचल की महान् शिक्षाविद् और बी.एड. कॉलेज की प्रिंसिपल रहीं मिस के. पसरीचा के समय से थी। पसरीचा मैडम हिमाचल शिक्षा विभाग की निदेशक भी रहीं।

(6) स्मृतियाँ छात्र सगंठन की हिमाचल प्रदेश में काग्रेंस और दक्षिणपंथ से जुड़े छात्र संगठन एन.एस.यू.आई और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुछ कॉलेजों और विश्वविद्यालय में उपस्थित थे। वामपंथी छात्र संगठन सातवें दशक के मध्य में उभरे जिनमें ए. आई.एस.एफ. और एस.एफआई. प्रमुख थे। आपसी वर्चस्व की लड़ाई में आपातकाल के पश्चात् एस.एफ.आई. अधिक उभरकर सामने आई। हि.प्र. विश्वविद्यालय और प्रथम छात्र आंदोलन–विश्वविद्यालय के संस्थापक उपकुलपति ने स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर समेस्टर सिस्टम लागू करने की घाषेणा वर्ष 1972 में कर दी। स्नातक स्तरीय कॉलेजों में अध्यापकों और छात्रों ने इसका विरोध किया। अध्यापकों को भय था कि कुछ अध्यापकों की छंटनी संभव है और छात्रों को लगता था कि इसके कारण छात्र राजनीति के लिए आम छात्र के पास समय नहीं रहेगा तो भीड़ कैसे जुटेगी। तर्क यह भी दिया गया कि समेस्टर प्रणाली परीक्षा केन्द्रित होने से हिमाचल की भौगोलिक मौसमी विविधता को देखते हुए, यह प्रणाली उपयुक्त नहीं। अंततः स्नातक स्तर पर इसे वापिस लिया गया। यह पहला छात्र आदोंलन था जिसमें सभी विचारधाराओं से जुड़े छात्र एक मचं पर आए। इसके पश्चात् वे किसी छात्र आन्दोलन में एक साथ नहीं दिखे।

आपातकाल के तुरंत पश्चात् उपकुलपति गणपतिचन्द्र गुप्त के कार्यकाल में एक बड़ा छात्र आदोंलन उन्हें हटाने के लिए 52 दिन तक लड़ा गया। 'छात्र–अध्यापक–कर्मचारी एकता' जिन्दाबाद के नारे लगे और जनता दल सरकार की अस्थिरता ने इसे पुष्ट किया। छात्र विजयी हुए और गणपतिचन्द्र गुप्त को जाना पड़ा। जिनके विरोध के चलते गुप्त जी ने हि.प्र. विश्वविद्यालय छोड़ा, उन्हीं के समर्थन के चलते वे बाद में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के उपकुलपति भी बने। अध्यापकों के लिए समयबद्ध, अनुपातिक पदोन्नति जिसे बाद में पूरे देश ने अपनाया, उसे सबसे पहले गुप्त जी के समय में 'पर्सनल प्रमोशन स्कीम' के रूप में वर्ष 1977–78 लागू किया गया था।

हिमाचल प्रदेश में छात्र राजनीति का एक अध्याय आर.के. सिंह जी के साथ भी जुड़ा है। विश्वविद्यालय कैम्पस में एन.एस.यू.आई. के आमंत्रण पर सत्यवती डांग (कांग्रेस नेत्री) आईं। उपकुलपति की उपेक्षा कर उन्हें बुलाया गया था। उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री से संभवतः विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उचित सम्मान न दिए जाने की शिकायत भी की थी। कहा जाता है कि प्रथम कुलपति द्वारा अपने कार्यकाल की समाप्ति से पूर्व ही त्याग पत्र देने के पीछे इस छात्र राजनीति का भी कुछ हाथ था।

मैं छात्र राजनीति का समर्थक रहा हूँ क्योंकि युवा यदि सचेत होकर सामाजिक–राजनीतिक–आर्थिक जीवन से जुड़ेंगे तो राजनीतिक गतिविधियों के माध्यम से उन स्थितियों को बदलने का प्रयास भी करेंगे। हिमाचल विश्वविद्यालय में एन.एस.यू.आई, एस.एफ.आई. और ए.बी.वी.पी. छात्र संगठन इसके स्थापना काल से ही सक्रिय रहे कांग्रेस का छात्र संगठन, विश्वविद्यालय में कभी प्रभावी नहीं रहा, यद्यपि लम्बे समय तक कांग्रेस ही सत्ता में रही। एस.एफ.आई. वामपंथी संगठन है, परंतु सी.पी.एम. की उपस्थिति हिमाचल विधानसभा में नगण्य सी रही है। विश्वविद्यालय, छात्रसंघ–चुनावों में इसका सदा वर्चस्व रहा है, यद्यपि दक्षिणपंथी ए.बी.वी.पी. ने कड़ी टक्कर दी है और एक–दो बार विजयी भी हुई। मैं स्वयं ए.बी.वी.पी. की छात्र राजनीति का हिस्सा रहा हूँ, इसलिए विश्वविद्यालय में हुए छात्र संघर्षों का द्रष्टा और भोक्ता रहा हूँ। यहाँ की छात्र नीति टकराहट और हिंसा की अधिक रही, वैचारिक आदान–प्रदान, वाद–प्रतिवाद का स्तर नगण्य रहा है। हिमाचल की छात्र राजनीति का राजनीतिक दलों द्वारा अपहरण किया गया और उसे प्रदेश राजनीति का पुर्जा बनाने के प्रयास होते रहे हैं। हि.प्र. विश्वविद्यालय के छात्र संगठन, ऐसे वैचारिक मंच निर्मित करने में असफल रहे जहाँ विभिन्न विचारधारा के विचारक, नेता एक साथ आकर, विवादस्पद विषयों

पर भी ठण्डे दिमाग से तथ्य और तर्कों के साथ अपनी बात रख सके हों। क्या भविष्य में ऐसा हो पाएगा? संघर्ष के पश्चात सामंजस्य का दौर अवश्य आएगा, मैं आशावान हूँ। विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने वाले छात्र नेता दिए। भारत के विदेश राज्य मंत्री रहे, कांग्रेस के नेता आनंद शर्मा, अस्सी के दशक में तथा श्री जगत प्रकाश नड्डा, नब्बे के दशक में विद्यार्थी परिषद् के लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे। हमें एक साथ परिषद में काम करने का अनेक वर्ष अवसर मिला। वर्तमान में हिमाचल की राजनीति सक्रिय सभी दलों के नेता, हि.प्र. विश्वविद्यालय में राजनीति में दीक्षित हुए हैं।

(7) मेरे विश्वविद्यालय के अध्यापक और अध्यापक संगठनः एक स्मृति चित्र

वर्ष 1971 में पंजाब विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र और सांध्य कालीन महाविद्यालय मूलभूत अध्यापक संकाय को लेकर विश्वविद्यालय बना था और सभी विभागों में नई नियुक्तियों की प्रक्रिया प्रारभं हुई। प्रदेश में अपना कोई विश्वविद्यालय वर्ष 1971 से पूर्व नहीं था इसलिए सभी संकायों में अध्यापक पूरे देश के विश्वविद्यालयों से आए। श्रेष्ठ अध्यापकों को चुनने में संस्थापक कुलपति आर.के. सिंह की भूमिका महत्त्वपूर्ण रही। अध्यापकों में राजनीतिक विचारधारा के आधार पर गाले बंदी नहीं थी। समय के साथ–साथ अध्यापकों के चयन में धरती–पुत्र का सिद्धातं हावी होता गया और बाहर से अध्यापक की नियुक्ति होना कठिन होता गया। संभवतः यही प्रवृत्ति देश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी चलती रही। यूजीसी द्वारा समयबद्ध आतंरिक पदोन्नति की नीति से भी अध्यापकों का बाहर से आना कम हुआ। छात्रों के संगठनों की तरह राजीनीतिक दलों के 'अध्यापक सेल' यहाँ भी सक्रिय हुए। समय के साथ अध्यापक संघ के चुनावों पर दलीय राजनीति और आतंरिक तथा बाहरी अध्यापकों की गाले बंदी भी होने लगी। अध्यापकों के मुद्दों से अधिक राजनीतिक प्रतिबद्धता आरै पहचान अध्यापक संघों की पहचान बनी। अध्यापक संघ यहाँ पर बनते बिखरते रहे हैं। आज भी यहाँ पर एकाधिक संगठन हैं।

मुझे संयुक्त अध्यापक संघ 'हपुटा' का नेतृत्व करने का दो बार अवसर मिला। अध्यापकों के हित में कार्य करते हुए उनमें सद्भाव आरै सहयोग बढ़े, इसके लिए प्रयास भी किए। अवकाश प्राप्त करने वाले अध्यापकों की विदाई और उसी मचं पर नव नियुक्त अध्यापकों को सम्मानित कर, पूरे अध्यापक वर्ग से परिचित करवाना मुझे आवश्यक लगा। ऐसे समारोह सभी द्वारा सराहे गए और एक स्वस्थ परंपरा निर्मित हुई। आज विश्वविद्यालय में अध्यापक संगठनों में बिखराव है। आशा करता हूँ कि अध्यापक संघ अध्यापक–कल्याण का लक्ष्य लेकर एकजुट होकर काम करेगा इसी में उनके होने की सार्थकता है।

(8) मेरी स्मृतियों में बसे कुछ उपकुलपति और अध्यापक हिमाचल विश्वविद्यालय के पचास वर्ष के जीवन में दो दर्जन से भी अधिक उपकुलपति न्यूनाधिक समय तक कार्यरत रहे हैं। हिन्दी विभाग के अध्यापक के नाते, एक छात्र संगठन के डेढ़ दशक तक प्रदेशाध्यक्ष होने के नाते और फिर अध्यापक राजनीति दो दशकों तक सक्रिय रहने और नेतृत्व करने के नाते, प्रायः सभी उपकुलपतियों से किसी–न–किसी रूप में मेरा संपर्क रहा। अधिकांश के साथ मधुर–तिक्त संबधं एक साथ रहे। कुछ संस्मरण जो भुलाए नहीं भूलते।

- प्रथम उपकुलपति आर.के. सिंह को पुराने लकड़ी के बने दो मंजिल के प्रशासनिक भवन के 10'x 12' के कमरे से विश्वविद्यालय चलाते देखा। अपनी कुर्सी से उठकर बगल में रजिस्ट्रार के कमरे तक काग़ज ले जाते देखा है। सिंह साहब

को प्रायः रास्ते में गाड़ी रोककर पदैल चले जा रहे अध्यापक को गाड़ी में लिफ्ट देते भी देखा है। वह विनम्रता और मानवीयता दिल को छू लेने वाली थी, भुलाए नहीं भूलती।

- आर.के. सिंह के पश्चात् नियुक्त हुए बी.एस. जोगी जी की स्मृति उभरती है जो मलूतः कृषि विभाग से थे। पत्राचार के युवा इवैल्यूएटस' को ॲवा लॉज में उन्होनें सीख दी थी कि शोध–पत्र लिखो उसके स्तर की चिन्ता, पढ़ने वालों को करने दो। लिखने लगोगे तो धीरे–धीरे स्तरीय शोध पत्र लिखना सीख जाओगे। मैंने अपना पहला शोध–पत्र तभी लिखा और अपने सभी साथियों के सामने पढ़ा, जैसा कि जोगी जी का आदेश था।
- रसायनशास्त्र विभाग से उपकुलपति बने प्रोफ़ेसर के. सी. मल्होत्रा, विश्वविद्यालय के स्थापना काल से ही विभाग में थे। उन्होंने नए विभाग खोले, अनेक भवन बनाकर आधारभूत ढांचा विकसित किया। एक–एक भवन के निर्माण में व्यक्तिगत रूचि लेकर ऐसे जाँच पड़ताल करते थे मानों निजी घर बनवा रहे हों संभवतः सबसे लम्बे समय तक उन्हीं का कार्यकाल रहा। भाजपा और कांग्रेस, दोनों दलों के मुख्यमंत्रियों ने उन्हें उपकुलपति बारी–बारी नियुक्त किया।
- इतिहास विभाग के प्रोफ़ेसर एस. के. गुप्ता पत्राचार निदेशालय के हमारे सहयागी और मित्र थे। अनेक आन्दोलन उनके साथ मिलकर किए थे। वे उपकुलपति बने तो बहुत अच्छा लगा। उनकी आकस्मिक मृत्यु से विश्वविद्यालय ने एक कुशल प्रशासक और इतिहासकार खो दिया। मैं उन दिनों हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में धर्मशाला में प्रतिनियुक्ति पर था।
- ए.डी.एन. वाजपेयी का कार्यकाल भी विश्वविद्यालय के विकास की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा। नैक ने इसे ''ए''ग्रेड विश्वविद्यालय घोषित किया। अकादमिक गतिविधियों को बहुत गति मिली। के.सी. मल्होत्रा जी के पश्चात सबसे लम्बे समय तक उपकुलपति वही रहे हॉस्टलों से चलने वाली छात्र राजनीति पर नकेल कसने में उनका निर्भीक व्यक्तित्व काम आया। उनका आचरण अनेक प्रकार के विवादों से भी घिरा रहा। आकषर्क व्यक्तित्व और दृढ़ प्रशासनिक इच्छाशक्ति के लिए वे जाने जाएगें मैं तब तक अवकाश प्राप्त कर चुका था, परंतु विश्वविद्यालय से नाता बना हुआ था।
- संभवतः विश्वविद्यालय के सबसे युवा उपकुलपति होने का श्रेय प्रोफ़ेसर सिकन्दर कुमार को जाता है। विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में आचार्य रहे सिकन्दरु कुमार ने लगभग चार वर्ष के अपने कार्यकाल में विश्वविद्यालय के आधारभतू ढ़ाँचें को विकसित करने, अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और शोध तथा साँस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि अवसर मिलने पर, ईमानदार और प्रतिबद्ध व्यक्ति चमत्कार कर सकता है।
- (9) कुछ वरिष्ठ साथी जिनकी यादें ताजा हैं
- अंग्रेजी विभागाध्यक्ष वी.वाई. कण्टक, शेक्सपीयर साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान, शेक्सपीयर संबन्धी समारोहों में भाग लेने इंग्लैण्ड गए तो वहीं के होकर रह गए। स्वयं मात्र एम. ए. थे परंतु अनेक को भी पीएचडी करवा चुके थे।
- अंग्रेजी के ही विक्रमादित्य राय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से पत्राचार के छात्रों के लिए व्याख्यान देने आए। रेलवे स्टेशन पर उनकी सादगी को देखकर चकित रह गया। धोती–चप्पल पहनने वाला वह विद्वान जब टी. एस. एलियट के 'वैस्टलैण्ड'

पर व्याख्यान रिकॉर्ड करने बैठा तो बिना किसी नोट के चार घण्टे धाराप्रवाह बोलता रहा। 'वैस्टलैण्ड' कंठस्थ था। उनका भाषण वर्षों तक हमारे छात्रों ने सुना, समझा और सराहा।

- अंग्रेजी विभाग का ही एक आकर्षक चेहरा चटर्जी साहब था। एक दिन प्रातः सफाई कर्मचारी से कह रहे थे– ''तुमने सभी के घर में आग लगाया, मेरे घर में क्यों नहीं लगाया।'' वास्तव में वे कहना चाहते थे कि मेरे यहाँ 'फायर प्लेस' में आग क्यों नहीं जलाई। सोम. पी. रंचन का छात्रों से अपनत्व और मैत्रीपूर्ण संबंध गुरुकुल की याद दिलाता था।
- गणित विभाग के दिग्गज विद्वान एस.एस. भटनागर जो राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुए उन्हें अपने सहकर्मी अध्यापकों की क्लास लेते देखा था। विभाग के कनिष्ठ साथियों का मार्गदर्शन और अन्य अध्यापकों का सहर्ष उनकी कक्षा में बैठना, सुखद अनुभव था। स्वयं आर.के. सिंह उनकी कक्षा में बैठने को उत्सुक रहते थे।
- सन् 1986 में, पत्राचार विभाग में 14 वर्ष काम करने के उपरांत मेरे चयन मूल हिन्दी विभाग में हो गया। विभाग पहुँचा तो एक वरिष्ठ प्रोफेसर क्लर्क के ऑफिस में अपना कमरा खुलने का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने मुझसे कहा' ''गुप्ता जी, आप अब विभाग में आ गए हैं तो यहाँ अब महाभारत होगा।'' उनका संकेत यह था कि विभाग में सीपीएम कार्ड होल्डर अध्यापक के होते मेरा उससे टकराव अवश्य होगा। मैंने उनसे कहा–''महाभारत, दुर्योधन के कारण हुआ, मैं उसकी भूमिका में नहीं हूँ परंतु यदि कोई यहाँ दुर्योधन की भूमिका में उतरेगा, तो महाभारत होने दो। ''उन्हें आगे चलकर निराश होना पड़ा क्योंकि उस वामपंथी प्रोफ़ेसर के साथ आपसी विश्वास और सहयोग का ऐसा रिश्ता बना कि लागे हैरान रह गए। जो सचमुच वैचारिक रूप से परिपक्वकता और अपने संगठन के प्रति समर्पित है, वह प्रतिबद्धता का सम्मान करता है, यह मेरी समझ में आया।
- मेरे विभागाध्यक्ष राजदेव सिंह रविवार के दिन एकाएक गभींर रूप से बीमार पड़ गए। एम्बुलंसे में उन्हें अस्पताल पहुँचाया। रविवार के कारण डॉक्टर छुट्टी पर थे, स्पेशल वार्ड मिल नहीं सकता था। मैं उनके पैरों की मालिश करते हुए उन्हें सांत्वना दे रहा था कि ठीक हो जाएंगे। अर्द्धचेतना की हालत में वे पड़े थे। उनका एक शोध–छात्र भी वहाँ पहुँच गया था परंतु कुछ समय पश्चात् उसे घर जाना पड़ा। रात भर उनके साथ रहा। भोर होते ही उन्हें स्पेशल वार्ड में शिफ्ट करवाया। राजदेव सिंह जी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में हिन्दी विभागाध्यक्ष बनकर चले गए। अमृतसर में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सेमिनार में हम वर्षों बाद मिले। रात्रि को मेरे कमरे में बैठे, बातचीत कर रहे तो अचानक बोले– ''गुप्ता जी, आप मुझे शमशान से उठाकर लाए। ''मैं हैरान रह गया कि क्या कह रहे हैं। वे आगे बोले– ''उस दिन अस्पताल में जब आप मेरे पाँवों को सहला रहे थे मुझे बहुत आराम मिल रहा था, इसलिए मैं आपको रोक नहीं सका, परंतु दिल से बहुत दुःखी था कि आपको ऐसा करना पड़ रहा था। शायद उसी का प्रायश्चित करने के लिए उन्होनें मुझे कुरुक्षेत्र विभाग की अनेक समितियों में भी रखा आरै प्रायः सभी बड़े कायक्रमों में भी आमंत्रित किया। मैं हिन्दी विभाग में रीडर था। सहकर्मी लल्लन राय के साथ भी ऐसा ही हुआ था, मुझे सेवा का अवसर मिला था। उनके साथ मैत्री भाव बना रहा।

अध्यापक राजनीति में वर्षों तक सक्रिय रहने के कारण अनेक ऐसी अनकही कहानियाँ हैं जो मेरे विश्वविद्यालय के अध्यापकों के मानवीय पक्ष को उजागर करती हैं।

Forty-Four Summer Sojourns at Summerhill: Some Nostalgic Musings

-Prof. Laxman S. Thakur

Prof. (Retd.) Department of History, Himachal Pradesh University



It is extremely impossible to summarise the reminiscences of almost forty-four years spent at Himachal Pradesh University, Summerhill, Shimla in a brief note of this kind, however, it was proud privilege for me as a witness to the emergence of a temple of learning at the western end of the Shimla town, first as a student, and subsequently as a teacher. I joined the Department of History in 1976 as MA student because I secured highest marks in that subject at UG level and was lucky to be a student of the Department which was then headed by Professor Ravinder Kumar. The other members of the teaching faculty were globally known for their professional academic contributions in their respective arenas and joined Himachal Pradesh University coming from different continents. I passionately remember the strict class-room time management of Dr. Eva Mehrotra and the quality and method of teaching of other teachers. Professor Ravinder Kumar's lectures were so stimulating that how he would put off his watch on the table and inscribing down the topic of the day on the blackboard with a caption. I emulated that tenet of the class-teaching for my teaching profession from him. Whatever little I have learnt about historical research methodology, the credit goes to Professor S. R. Mehrotra, for whom even a full stop or comma was an author's mistake. My revered teacher Professor L. P. Panday had never imposed his personal views on his research students and nurtured in me an idea of independent thinking. Professor A. R.



Organizers of National Seminar on Guru Gobind Singh and Himachal in a cheerful mood with the Vice-Chancellor, Prof. S. K. Gupta. Photo shows from L to R Dr. Lakshman Thakur, Dr. Chaten Singh, Dr. Abha Malhotra and Prof. M. S. Ahluwali

Khan had always motivated his students to contribute papers and participate in conferences in India and abroad. On many occasions he had paid annual subscriptions and travel expenses of many research scholars to enable them to participate in the seminars.

Within limited infrastructure and finances the teachers were intensively involved in research and teaching. An episode that lingers in my memory time and again and I have narrated it to my students and colleagues, goes back to the year 1977. While going back to Shimla town on foot through wooded surroundings of Indian Institute of Advanced Study I met Professor Ravinder Kumar near Square's Hall while he was returning from the Institute with a leather bag stretched over his head in one hand and unfolded umbrella in the second hand. He smiled for a while and quickly realised that he had forgotten to unfold the umbrella. He was totally engrossed in the thought process. This reminded me of Dr. Yashwant Singh Parmar's inspiring speech at the first convocation of Himachal Pradesh University on 2 April 1972: 'Magnificent buildings, campuses and equipment were no substitute for great teacher' (The Tribune Archive, Chandigarh). It was indeed a proud honour to be tutored under the guidance of such stimulating and credulous teachers who joined the University and made Shimla their home 'by choice' as Professor Mehrotra had simply put it.

I had spent very fruitful six years at New Boys Hostel in room no. 15 from 1979 to 1985. Going out in the morning hours for study in the thick forests of deodar, rhododendrons and pines near Potters' Hill has special place in my hostel-life and those wonderful moments vibrate so often in my mind. I made it a routine to reach the library at 9 am and usually used to be the last person to come out. Late Mr. K. K. Talwar and his gentle wife of Calm Café never treated me as their customer and sustained my cuisine requirements as their own family member for a couple of years. My special appreciation goes to both of them for serving me family dinners during winter months when café used to be closed for two months.



Delivering a lecture on Buddhist scriptures at Sichuan University in an International Conference in 2013, Harvard University Professor looks on

When I joined the department in 1985 as a lecturer there was no separate sitting room for teachers but later Arts Block Phase I was completed in early 1987 and separate room for each teacher was available. Research

was a passion and adventure of my entire teaching-career sojourn at Summerhill that culminated with many fruitful research tours, some of them with my colleagues Dr. Chetan Singh, Dr. R. S. Pirta and Shri V. S. Negi to the remotest and last villages of Himachal Pradesh, including Chamba, Lahaul-Spiti, Kullu and Kinnaur. We would frequently exchange our field experiences on Himachal's history, culture and environment at the dining table on finishing the day's journey. Most of these trips were completed on foot. Dr. Dilwar Sharma, who completed his doctorate degree with me, was surely the finest *kalyanamitra* accompanying me to Lahaul-Spiti and Kinnaur on more than dozen times and on foot journey of 84 km from Losar in Spiti to Gramphoo in Lahaul via Kunzam pass undertaken on 10 July 1994 is worth-mentioning and gives me rays of hope how to keep moving on in the journey of life.

Two locations in and around Summerhill always attracted my active attention: Amrita Shergil's cottage near railway station, and a much-dilapidated house 'Woodfield' near Boileauganj where Rabindranath Tagore spent some time in late 1890s and penned down his poems. I always searched for the 'creative auras' around these two cottages and the search continues even today.

Benevolent students of thirty-five academic sessions have persistently sustained my continued interest in teaching and research for over more than three decades. I used to sit late in the department and have been locked up many times in the Arts Block; once I jumped from the windows at the ground floor to come out when there was no response from university security to unlock me. Professor Jaidev of English department would sometime drop in my room to invite me for a cup of coffee in his room after 5 pm. I very much liked his persona and gentle scholarship without exhibiting it.

All these and many more sporadic events are still fresh in my memory and give me emotional stirrings while pondering over those momentous years spent at Summerhill.

पुरातन मधुर स्मृतियां- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय

प्रो० विद्या शारदा
सेवानिवृत प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्लाय, शिमला



स्मृतियां लहरों की भांति आती हैं, दिल को छू कर चली जाती हैं, बार-बार उस पीछे छूटे यादगार संस्थान में ले जाती हैं, एक मधुर सपने की तरह फिर घर पर छोड़ जाती हैं । जी हाँ ,पुरानी यादें न कभी विस्मृत होती है, न मरती हैं, न बोलती हैं, न साथ छोड़ती हैं, कभी सुकून देती हैं, कभी पश्चाताप कभी आनंदित करती हैं, कभी भयभीत, कभी दु:ख देती हैं, तो कभी लगता है, कि काश वह दिन फिर वापिस लौट आते, हम खुशी के गीत गाते, उन सभी अपनों से मिलते जो, आज सपने बनकर रह गए हैं ,वह घने वृक्ष ,पशु-पक्षी , इमारतें ,यहां तक कि मिट्टी की खुशबू भी कभी नहीं भूलती, जहां जीवन का सबसे अच्छा, ओजपूर्ण तारुण्य पूरित जीवन व्यतीत किया वहां का कण-कण आज भी बहुत याद आता है। यादें, प्रगाढ़ प्रेम और आदर का समन्वय आपको अपने हृदय में छुपे उदगारों को अभिव्यक्त करने की प्रेरणा देतीं है। मन में यह विचार उठता है कि मेरे अध्ययन केंद्र का पुरातन समय, परिस्थितियां, व्यवहार, वातावरण, और इतिहास हमारी दूसरी पीढ़ी भी जान पाए और इस शिक्षा मंदिर को उत्थान की चरम सीमा पर ले जाए।

पुरातन मूल्यों और संस्कारों के संस्मरण के साथ जो अच्छे लोग अपनी अच्छाइयाँ छोड़ गए, उन्हें भी विस्मृत न, करें उनसे प्रेरणा लेकर और भी अच्छे काम करें। आज मैं आपके साथ साझा करने जा रही हूं अपने विश्वविद्यालय की सबसे खूबसूरत और स्वर्णिम यादें जो 55 साल से मेरे मस्तिष्क में संजोए रखी हैं और भी मुझे जीने की प्रेरणा भी दे रही हैं। मैं सुदूर पहाड़ों की लड़की, जहाँ न तब बिजली थी न यातायात के साधन, अपनी अग्रिम पढ़ाई अपने स्वर्गीय पिता जी के आशीर्वाद से जालंधर से स्नातक और पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से स्नातकोत्तर

परीक्षा उत्तीर्ण की। स्वर्गीय प्रोफेसर डी डी शर्मा जी ने मुझे पी0एच0डी के लिए संस्कृत के तत्कालीन विभागाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के पास भेजा। स्वर्गीय प्रोफेसर डॉ बलदेव सिंह जी ने मेरा निर्देशक बनने की स्वीकृति प्रदान कर दी और बस यहीं से मेरा विश्वविद्यालयी सफर आरंभ हो गया। उन यादों को मैं दो भागों में बांट रही हूँ।

पहले भाग में मैं अपने विद्यार्थी जीवन को साझा करूंगी, दूसरे भाग में इसी विश्वविद्यालय की अध्यापिका के रूप में संस्मरण। यदि वे पूरी यादें क्रमशः लिखी जाएँ तो न जाने कितने ग्रंथ बन जाएंगे ,यहां केवल कुछ बहुत विशिष्ट प्रेरणादायी और पुरातन समय की परिस्थितियाँ, वातावरण और आपसी सौहार्द की द्योतक स्मृतियाँ ही प्रतिपादित कर रही हूँ।

मैं मई, 1972 में अपने पिताजी के साथ तारघर से पैदल विधानसभा से चौड़ा मैदान वायसराय लॉज के नीचे जंगल के सुनसान रास्ते से समरहिल चौक पहुंची और वहां एक मंदिर, पोस्ट ऑफिस, कुछ गिनी-चुनी इमारतें, तथा टीन की छत वाले कमरे दिखे, फिर ऊपर पुरानी इमारत के पास पहुंचे जहां प्रशासनिक कार्यालय था। उसके साथ एक कैंटीन, लॉन और रास्ते के नीचे कुलपति निवास था। उसके पीछे कुलपति कार्यालय था। मेनयोर हाउस के पीछे डिस्पेंसरी थी और उस पुरानी इमारत में अध्यापकों के निवास थे। संस्कृत विभाग नीचे टीन की छत वाले दो कमरों में था और उसके सामने कक्षाएं लगती थी। अन्य विभाग भी वहीं थे। ऊपर एक पुरानी इमारत में अधिष्ठाता अध्ययन, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण के कार्यालय भी थे। मैंने अपने गुरु जी से अपना फार्म हस्ताक्षरित करवाया पढ़ाई के लिए और लगा कि बहुत सुंदर प्राकृतिक स्थल है, फीस जमा की और वापिस शिमला चली गयी, बहुत शांत और अनुकूल स्थान है।

छात्रावास भी कुलपति कार्यालय के पास सड़क के ऊपर था, नाम था "चंद्रभागा" जो कि हमारी खूबसूरत कल-कल करती नदियों के नाम पर रखा गया था। वहां मुझे भी जगह मिल गई, बाहर एक पेड़ था, साथ में छोटी सी कैंटीन। छात्रावास में केवल 16 कमरे थे, जिसमें 50 के करीब छात्राएं रहती थीं और पीछे की ओर 10 कमरे बनाए गए थे। मुझे विश्वविद्यालय के विषय में बहुत कम जानकारी थी।



जून में मुझे यू.जी.सी. स्कॉलरशिप मिली उस समय में अनुदान गुण के आधार पर वितरित होने के कारण मेरा नंबर पहला था सो मुझे मिला, पर विश्वविद्यालय इसीलिए नहीं दे रहा था कि मैंने हिमाचल से एम. ए. नहीं की थी। हम अपनी समस्या लेकर तत्कालीन शिक्षा मंत्री जी के पास गए, उन्होंने कुलपति डॉ. आर॰ के॰ सिंह को फोन किया कि मैं एक छात्रा को आपके पास से भेज रहा हूँ, इसकी समस्या का समाधान करें, क्योंकि यहाँ उस समय छात्रावासों में सुविधा न होने के कारण इसे एम0 ए0 चंडीगढ़ से करनी पड़ी थी। फिर हम कुलपति जी के पास पहुंचे, मेरे साथ पिताजी थे। उस समय कुलपति जी अपने निवास स्थान पर थे, जैसे ही उन्हें हमारे आने की सूचना मिली उन्होंने हमें ऊपर अपने निवास पर ही बुला लिया। कार्यालय के पीछे से सीढ़ियाँ उनके निवास को जाती थीं। डॉ. सिंह अपनी पत्नी और अपनी बेटी गुज्जू के साथ रहते थे। हम वहां पहुंचे तो वे शीशे वाले एक छोटे से कमरे में बैठे थे। हमें वही अपने पास बिठा दिया, ऐसा लगता था कि वे हमें बरसों से जानते हों। उनकी विनम्रता देखकर हमारा सिर श्रद्धा से झुक गया। उन्होंने हमें बर्फी, काजू-बादाम के साथ चाय पान कराया और तुरंत मेरी समस्या का समाधान कराया। ऐसा प्रतीत हुआ कि हम एक घर के मुखिया से मिल रहे हैं। उनकी विनम्रता, विद्वता, प्रेमशीलता, अप्रतिम थी। उन्होंने इस विश्वविद्यालय का भरण-पोषण एक नव वृक्ष की भांति किया, जिसकी जड़ें उनके प्रयासों से बहुत मजबूत हुई और आज प्रदेश में ही नहीं, बाहर भी प्रख्यात विश्वविद्यालय बन गया है। यहां पर डॉ सिंह ने व्यक्तिगत रुचि लेकर हर विभाग की गुणवत्ता बढ़ाई।

यहाँ जरूर बताना चाहूंगी कि हर विभाग के अध्यक्ष बाह्य विश्वविद्यालय से चुन-चुन कर यहाँ लाए गए थे। हमारी अधिष्ठाता अध्ययन डॉ॰ भटनागर गणित के प्रख्यात प्रोफेसर एवं पुरस्कार विजेता थे। हिंदी के डॉ बच्चन सिंह, संस्कृत के डॉ बलदेव सिंह, इकोनॉमिक्स के डॉ डी डी नेरुला, राजनीतिक विभाग की डॉ॰ बी॰ रा॰ मेहता,

बायोसाइंस की डॉ॰ हरिओम अग्रवाल, केमिस्ट्री के डॉ के सी मल्होत्रा, हिस्ट्री के डॉ मेहरोत्रा, सभी विश्वविख्यात थे और इस विश्वविद्यालय की नींव को इन सब ने बहुत सुदृढ़ किया, जिसका फल आज की पीढ़ी प्राप्त कर रही है। उस समय विश्वविद्यालय का वातावरण पारिवारिक था, सब एक दूसरे को जानते पहचानते थे, प्रेम-पूर्वक संबंध थे और आपसी सद्भाव था। विद्यार्थी अपने गुरुजनों का बहुत आदर करते थे, उनकी आज्ञा का पालन करते थे। मुझे याद है कि एक बार वरिष्ठ अध्यापक ने अपने शोधार्थी को क्रुद्ध होकर थप्पड़ मार दिया था। कुछ लोगों ने उसे भड़काने का प्रयास किया, परंतु उसने कहा गलती मेरी थी, गुरु जी ने मुझे सुधारने का प्रयास किया माता-पिता भी अपने बच्चों को मारते हैं, गुरु जी भी पिता समान है। यह उस समय की गुरु-शिष्य परंपरा थी, जिसमें आज बहुत अधिक बदलाव आ गया है।

प्रारंभ में केवल तीन छात्रावास ही थे। छात्रों के लिए हिमकिरीट और ब्रेग हाउस तथा छात्राओं के लिए चंद्रभागा। नाम से अनुमान लगाइए कि विश्वविद्यालय का प्रकृति के साथ कितना जुड़ाव रहा है, बाद में मनीकरण को लड़कियों का छात्रावास बनवाया था। छात्र-छात्राओं का आपसी सद्भाव भी दर्शनीय था। होली, दीपावली सब इकट्ठे मिलकर मनाते थे। पार्टी कैंटीन के लॉन में हुआ करती थी। अध्यापक तथा संचालक-संचालिकाएं भी उस में भाग लेते थे। जब भी उत्सव होते थे तो भी कुलपति, वरिष्ठ अध्यापक सब अपने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया करते थे , हमारे साथ गायन-नृत्य में भी भाग लेते थे बहुत ही घरेलू माहौल था।

एक संस्मरण यह भी है कि सब छात्र-छात्राएं एक साथ मिलकर होली खेलने सबसे पहले कुलपति डॉ सिंह के घर जाकर होली लगाते, मिठाई खाते और उनसे पैसे लेते फिर सभी अध्यापकगणों को रंग लगाते थे। शाम को सब कैंटीन के पास एकत्र होकर नाच-गाना करते थे। वातावरण में समय के साथ-साथ परिवर्तन होता गया।

हमारा छात्रावास सड़क के किनारे था वहां से मार्ग प्रशासनिक शाखा तथा मनियर हाउस की ओर जाता था। छात्राएं कभी-कभी खिड़कियों से मजाक में कुछ कह कर छुप जाया करती थीं। एक प्रवक्ता थे, उनका निक नेम पप्पू था जब भी वह वहां से जाते थे, छात्राएं यह नाम लेकर उन्हें मजाक में पुकार कर चुप हो जाती थीं। वह

बेचारे ऊपर को देखकर जब कुछ नहीं देख पाते थे तो सिर झुका कर निकल जाते थे। छात्राएं ऐसी चंचल शरारतें करके मन बहलाती थीं ; क्योंकि छात्रावास के नियम काफी कठोर थे वह कभी उनका उल्लंघन नहीं करती थीं। डॉ सिंह ने छात्र-छात्राओं के लिए एस बी सी छात्रावास का निर्माण करवाया और उसके उद्घाटन में सभी छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। मिसेज सत्यवती परमार उस समय मुख्य अतिथि थी। डॉ सिंह की पुत्री गज्जू बहुत सुशील और मधुर भाषी थी। स्वयं डॉ सिंह शाम को घूमते थे और हर छात्र-छात्रा से बात करते थे। उनका कार्यकाल पूरा होने पर सब ने उन्हे भारी मन से विदाई दी और उनका ऋण इस विश्वविद्यालय पर सदैव रहेगा, क्योंकि उन्होंने इसे स्थापित करने में बहुत कठिन परिश्रम किया है।

हमारे कुलपति डॉ बी. ए. जोगी बने। हमारे यहां एक छोटा सा चिकित्सालय भी मेनेयरे हाउस के पास ही था जिसमें डॉ सुमन त्रेहन डेपुटेशन पर थी, वह भी बहुत अच्छी थी। छात्र-छात्राओं से बहुत प्रेम करती थी। और वह प्रकृति की भी बहुत प्रेमी थी। जब मैं पीएचडी कर रही थी, तब डॉ एल आर वर्मा हिम किरिट के संचालक थे और डॉ के सी मल्होत्रा डीन स्टूडेंट वेलफेयर थे। डॉ वर्मा की धर्मपत्नी सावित्री वर्मा के पिताजी हमारे परिवार को जानते थे, इसलिए डॉ वर्मा को मेरा लोकल गार्डियन बनाया गया था। मैं कई बार सावित्री दीदी के साथ हिमकिरीट में रहने आती थी। छात्र बहुत ही अनुशासित थे, कभी किसी ने एक भी शब्द नहीं कहा, न ही कभी आधुनिक काल की भांति कुछ कहने का प्रयास किया, ऐसा था उस समय का आचार-व्यवहार और शांतिपूर्ण वातावरण।

एक भयंकर दुखद संस्मरण बता रही हूँ। मई के महीने में मेनयोर हाउस, जहां आजकल प्रशासनिक भवन कार्यालय है, भयंकर आग लगी जिसमें डॉ एल पी पांडे जी की धर्मपत्नी जलकर खाक हो गई। डॉ मिस सुरेंद्र मान, डॉ चौहान डॉ हरिओम अग्रवाल, डॉ बलदेव सिंह जी के घर जलकर खाक हो गए। यह हादसा भी भयंकर था। एक बार मेरे एक शोध-छात्र का सरकारी कॉलेज के संस्कृत प्रवक्ता के रूप मे पब्लिक सर्विस कमीशन में साक्षात्कार था। वह स्वर्ण पदक विजेता था, एम फिल मेरे साथ की थी वह मेरे पास आया, कहा कि आप किसी को कह सकते हैं, मैंने कहा बेटा अपना शोध कार्य साथ ले जाना, मैं आज ज्वाला माँ के दर्शन करने जा रही हूँ। कल तुम्हारे नाम से

प्रसाद चढ़ा दूंगी और तुम्हारी सफलता के लिए प्रार्थना करूंगी। उसी दिन उसका साक्षात्कार था। साक्षात्कारकर्ता उसके कार्य से बहुत प्रसन्न हुए और उसका चयन प्रथम स्थान पर हुआ। वह बहुत प्रसन्न था। आज भी बहुत आदर करता है।

शिक्षिका संचालिका आदि के संस्मरण

अब मेरा दूसरा अध्याय प्रारंभ होता है। मैंने पी एच डी सबमिट कर दी और 1977 मे कि मुझे डीसीसी पत्राचार पाठ्यक्रम निदेशालय में प्रवक्ता के पद पर चयनित कर दिया गया। यहाँ पर हम दो प्राध्यापिकायें आईं थीं, डॉ उर्मिल शर्मा जी वहां पहले से काम कर रही थी। अब विश्वविद्यालय में छात्राओं की संख्या बढ़ने के कारण दो छात्रावास और खोल दिए गए एक मणिकरण, जिसमें हिंदी विभाग की डॉ रैना संचालिका थीं और नया छात्रावास गार्गी बन रहा था। एक चेरीटन बिल्डिंग भी छात्राओं के लिए ली गई थी। डॉ वर्मा ने मेरे भाई अरुण के पास मुझे संचालिका बनाने का पत्र भेज दिया और मैंने अपना किराए का घर छोड़कर चैरिटन में शिफ्ट कर दिया। वहाँ न कोई कैंटीन थी, न कोई गाड़ी आती जाती थी, पैदल का ही रास्ता था। वहां पर 40 से 50 छात्राओं के साथ मैं और मेरी माता जी आराम से रहने लगे। वहाँ अब देखिए समय का परिवर्तन, जोगी जी के कार्यकाल में बाहर के कुछ शरारती तत्त्व भी विश्वविद्यालय में प्रवेश कर गए थे। छात्रावासों का वातावरण भी परिवर्तित हो रहा था, संचालिकाओं को डराने-धमकाने का प्रचलन भी चल पड़ा था। कुछ छात्र-छात्रायें गलत हाथों में पड़ गए और छात्रावासों के नियमों को भी ताक पर रखा जाने लगा था।

मुझे याद है कि एक बार हिमकिरीट के वार्षिक उत्सव में संचालिका के साथ-साथ छात्राओं को भी आमंत्रित किया गया था। सब अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष तथा संचालकों को बुलाया गया था, क्योंकि प्रारंभ में संख्या काफी कम होती थी। मुख्य अतिथि कभी मंत्री तो कभी मुख्यमंत्री या अन्य गणमान्य बुलाए जाते थे। उस उत्सव में बहुत बढ़िया सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई, यहां तक कि प्राध्यापकों ने भी उस में भाग लिया। विभाग के वरिष्ठ प्रो बी आर चौहान ने गाना गाया "अभी तो मैं जवान हूँ", तथा झूम झूम कर नाचे सब विद्यार्थी हंस हंस के लोटपोट हो रहे थे।



हिमाचल प्रदेश के पूर्व गवर्नर प्रो0 विष्णुकांत शास्त्री एवं पूर्व कुलपति प्रो एस के गुप्ता



प्रो० विद्या शारदा को सम्मानित करते हुए



प्रीति भोज के दौरान श्री राधा रमन शास्त्री



प्रसिद्ध गणितज्ञ प्रो भटनागर छात्रावास के दौरे पर

मैंने उनके हाथों छात्रावास का उद्घाटन करवाया। अब हमारे कुलपति डॉ॰ एस एल नेगी जी बन गए थे, वे मेरे काम से बहुत खुश थे। मैंने सारे नियमों का अच्छी प्रकार से अध्ययन किया । छोटा छात्रावास था, छात्राएं भी 50-60 के करीब थीं। उन्हें एकत्र करके समझाया कि इन नियमों से कोई समझौता नहीं होगा, आपको उनका पालन करना पड़ेगा बाकी यह मेरा एक परिवार है, मैं आप सबको अपनी बहनों की तरह समझती हूं, मिलकर



प्रो० नरेंद्र शारदा एवं प्रो० विद्या शारदा, मित्रों के संग



पूर्व राष्ट्रपति, श्री शंकर दयाल शर्मा एवं प्रूव कुलपति प्रो० के सी मल्होत्रा



प्रो० विद्या शारदा, पूर्व मुख्यमंत्री, श्री शांता कुमार जी के साथ



पूर्व मुख्यमंत्री, श्री वीरभद्र जी के साथ

अनुशासित ढंग से रहेंगे, जिससे आप अपने उद्देश्य की प्राप्ति कर सको। मैंने छात्रावास के काम को सुचारू रूप से चलाने और छात्राओं के प्रतिनिधित्व के रूप में एक प्रिफ़ैक्ट बनाया उसका नाम था परमजीत जो बहुत गुणी और सुयोग्य लड़की थी। मुझे याद है कि एक दिन एक खूब लंबा-चौड़ा लड़का परमजीत को मिलने आया। शाम का समय था, मिलने का समय खत्म हो गया था, चौकीदार ने रिपोर्ट किया कि मैडम यह बहुत बड़ा दादा है और कह रहा कि मुझे अपनी बहन से मिलना है, मैंने कहा कि उसे मेरे पास ऊपर बुलाओ मैं बात करुँगी। बेचारा चौकीदार

घबराया हुआ गया लड़का आया और मैंने उसे बिठाया और छात्रावास के नियम बताए कहने लगा कि मैडम हम तो कभी भी किसी से भी मिल लेते थे। मैंने कहा देखो भाई ऐसा यहां नहीं चलेगा, नियम, नियम हैं, उनका उल्लंघन दंडनीय है, फिर मैंने उसे चाय पिलाई, समझाया और उसे मिलने के लिए छात्रा को दो मिनट के लिए अपने सामने बुलाया और आगे के लिए उसने स्वयं कहा कि मैडम हो हमेशा नियम के पालन में हम आपका साथ देंगे, आज के लिए क्षमा करना। मेरे पास एक लड़की सोलंकी थी, उसने चंद्रभागा से शिफ्ट किया था। एक रात को घूमता हुआ एक महानुभाव हॉस्टल में घुस गया। मैंने उसको स्वयं बाहर निकाला और उसकी शिकायत चीफ वार्डन और छात्र-कल्याण अधिष्ठाता से लिखित रूप में की वह लड़की बिना छुट्टी की अर्जी दिए हॉस्टल से गायब थी। मैंने रात को ही उसके माता-पिता को सूचित किया और उसके विषय में सब कुछ लिख कर हायर अथॉरिटीज को दे दिया। उसके भाई को बुलाया और पता चला कि वह लड़की स्मगलर गैंग में फंसी हुई है। शारीरिक शिक्षा के अध्यापक डॉ मही होते थे उन्होंने उसे फंसाया था बाद में वह शक्स विश्वविद्यालय छोड़कर पाकिस्तान भाग गया था। मुझे बड़ी धमकियां मिलती थी, ऐसी जगह मारेंगे जहां पानी भी नहीं मिलेगा। मैंने कहा हिम्मत है, तो सामने आओ, मैं अनुशासनहीनता कभी सहन नहीं करूंगी। मुझे ऐसा लगा कि शरारती तत्त्वों को कठोरता से ही नियंत्रित किया जा सकता है परंतु जो दादा छात्र थे, समझाने से ही समझ गए थे। उसके बाद लगभग डेढ़ वर्ष वहां छात्रावास चला, कभी कोई घटना नहीं घटी, किसी ने कभी नियमों का उल्लंघन नहीं किया। फिर एक नया छात्रावास बना, जिसका नाम गार्गी रखा गया और मिसेज रैना को उसकी संचालिका बनाया गया। चेरीटन को मनीकरन में शिफ्ट किया गया । मुझे वहां की संचालिका बनाया गया और वहां मेरे लिए निवास तैयार किया गया जो कमरा पहले वहां का अतिथि रूम था उसके साथ दो कमरे और किचन बनाया गया, एक कमरा नीचे की मंजिल में था । जब मैं वहां गई तो वहां भी परिसर में नियमों का खुला उल्लंघन होता था, परंतु मैंने जाते ही अपने अनुसार कर्मचारी वर्ग और छात्राओं को अनुशासित किया और बाहर के लोग भी थोड़ा डरने लगे, क्योंकि उन्हें पता था कि नियमों का उल्लंघन महँगा पड़ सकता था। मेरे साथ निडर और निर्भय डॉ बलदेव सिंह जैसे स्वाभिमानी और अनुशासन-पालक का आशीर्वाद और मेरे भाई का साथ था ।

मेरा विवाह मार्च 1978 में हुआ और मेरे पति विश्वविद्यालय में ही कार्यरत थे तथा उन्हें विश्वविद्यालय के नियम और कानून की पूर्ण जानकारी थी, इसलिए वहां का वातावरण ठीक करने में ज्यादा समय नहीं लगा। भूतपूर्व राष्ट्रपति करजई मेरे भाई के सहपाठी थे। मेरे घर कई बार आए थे, अब वही राष्ट्रपति बनकर हमारे विश्वविद्यालय में आए तो उन्हें छात्रावासों की पूरी यादें थीं। छात्रावासों में हर वर्ष दो बहुत बड़े-बड़े उत्सव हुआ करते थे। एक नई छात्राओं के आने पर और एक पुरानी छात्राओं के जाने पर। मुख्यमंत्री या मंत्री या गणमान्य व्यक्ति मुख्य अतिथि होते थे।

वर्ष में एक बार सब छात्राएं मिलकर एक दिन पिकनिक पर जाती थीं। पूरा कर्मचारी वर्ग भी हमारे साथ जाता था। खाना, फल, नाश्ते में ब्रेड और रोलज़ सब साथ लेकर जाते थे। दो बसें साथ निकलती थी। रेणुका मणिकरण के नारे लगाती नाचती-गाती, अंताक्षरी प्रतियोगिता करती लड़कियां, बहुत आनंद मनाती थी। चाय-पान, रात का खाना, मार्ग में खाया करते थे। लगता था कि हमारा एक बेहद खुश परिवार है, जिसके सदस्य एक-दूसरे से बहुत अधिक प्रेम करते हैं, एक दूसरे का ध्यान रखते हैं। मैं सभी छात्राओं को अपने घर के सदस्य की भांति बहुत अधिक प्रेम करती थी। एक बार मणिकरण की एक छात्रा बहुत बीमार हो गई थीं। उसका रात को ही ऑपरेशन करना पड़ा मैंने फार्म पर हस्ताक्षर करके स्वीकृति दी और छात्रा की जान बचाई उसके माता-पिता जब तक पहुंच पाए तब तक वह होश में आ गई थी। मैस, छात्राएं स्वयं चलाती थी। ऑडिट कमेटी उसका निरीक्षण करती थी और कोई भी बेइमानी कभी नहीं होती थी।

अब रही दो छात्रावासों के कर्मचारी वर्ग की बात। सभी कर्मचारियों की नियुक्ति में मेरी सहमति को हमेशा प्रमुखता दी गई। मुझे कुलपति से लेकर प्रमुख संचालक तक सभी का भरपूर सहयोग मिलता था और हमारा कर्मचारी वर्ग एक वृहद परिवार का प्रमुख अंग था, वे छात्रावास के कार्य के साथ-साथ अपने अध्ययन की प्रेरणा पाकर सब उच्च पदों को प्राप्त करने में सक्षम हुए और मैस से प्रशासनिक कार्यालय में अपनी योग्यता के अनुसार पदों को प्राप्त करके सेवानिवृत्त हुए। आपको खुशी होगी कि हमारे द्वारा विश्वविद्यालय में लगाए गए योग्य लोग, योजना एवं विकास अधिकारी के पद तक भी पहुंच गए, उन्होंने अध्ययन के क्षेत्र में भी कठिन परिश्रम किया।

दोनों छात्रावासों की प्रारंभिक और वार्षिक उत्सव दर्शनीय होते थे। छात्राओं के गुण रंगमंच पर दिखाई देते थे। मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, खानपान का बहुत बढ़िया आयोजन, अतिथियों, छात्राओं सब को मोहित करने वाला होता था। पूरे विश्वविद्यालय परिसर में दो-चार दिन प्रशंसा के प्रवचन निरंतर सुनने को मिलते तो हमारा मन प्रसन्न होता था। सब का संचालन छात्राएं स्वयं किया करती थी। हमारे छात्रावास परिसर में माननीय राज्यपाल श्रीमती रमा देवी जी ने एक छोटे से कोऑपरेटिव स्टोर का उद्घाटन किया था और बाद में हमारे सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में छात्राओं की मनोरम प्रस्तुतियों का आनंद लिया था, छात्राओं की मननोहक प्रस्तुतियों से मन प्रफुल्लित होता था, लगता था कि मेरे वृहद परिवार की बेटियों की प्रशंसा इस विश्वविद्यालय की प्रगति में दुआ बनेंगी।

छात्राओं और कर्मचारियों का प्रेम मुझे कभी विस्मृत नहीं होगा। आज भी मुझे भूले नहीं है, जब छात्राओं का एक नया छात्रावास रेणुका बना, तब कुलपति डॉ सिन्हा ने मुझे उसकी भी संचालिका बना दिया उसकी पूजा स्वयं मेरे हाथों हुई और उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह जी ने किया था। कितने वर्ष दोनों हॉस्टल का मैस इकट्ठा चला। दस वर्ष रेणुका की भी संचालिका रही। कुल 20 वर्ष मैं इस पद पर रही जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है और एक उल्लेखनीय संस्मरण भी है। एक बार एक लंबे कद वाले नीले कपड़े पहने प्रभावशाली व्यक्ति घर के ऊपर सड़क पर आए और बात करने लगे मैंने उन्हें कभी नहीं देखा था फिर उन्होंने कहा कि मैं गवर्नर हूं सोचा कि आज अचानक अपनी बेटियों के छात्रावासों का दौरा करूं। मैंने अभिवादन किया उन्हें सारे छात्रावास दिखाए। हमने रेणुका मनीकरन के इर्द-गिर्द खूब फूल लगाए थे। काफी खुश हुए कुछ देर रुकने के बाद वापस चले गए। उनकी सादगी और निस्वार्थ कर्मठता देखकर नई प्रेरणा मिली। इतने बड़े पद पर आसीन व्यक्ति पैदल राजभवन से चलकर छात्रावास पहुंचे। वहां की व्यवस्था स्वयं देखना इतनी महानता की प्रतिमूर्ति थे राज्यपाल के॰ एस॰ गांधी जी। 1983 में गार्गी की एक छात्रा ने कमरे में आत्महत्या कर ली। मनीकरण की छात्राओं ने देखा कि वहां बहुत अधिक मक्खियां लगी हैं, उन्होंने शिकायत की। संचालिका को बताया और कमरा खुलवाया तो अंदर लड़की मृत पाई गई थी। मुझे कुलपति जी ने बुलाया और उसका पता लिया क्योंकि एक वर्ष वह मेरे पास रेणुका में भी थीं उसके माता-पिता को बुलाया और फिर वहां परिसर में एक डर का वातावरण था। दोनों छात्रावास की छात्राओं की सभा में कुछ धार्मिक अनुष्ठान करने का फैसला लिया गया और मनीकरन में गायत्री

महायज्ञ करवाया जिसमें सात पंडित कॉमन रूम में दिन को पाठ, शाम को पूजा करते थे। अंत मे हवन हुआ और सब को भोजन कराया गया और वहां डर का माहौल भी नियंत्रित हो गया।

प्रवक्ता के रूप में जब मैं विभाग में आई तो अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा शोध छात्रों के विषय पास करवाने, परीक्षक नियुक्ति आदि में प्रारंभ में काफी संघर्ष करना पड़ा।

एक वृतांत बताती हूं, मेरे एक शोध-छात्र ने "वाल्मीकि रामायण में कलाएं" नामक शीर्षक पर काम किया जब परीक्षण के लिए एक परीक्षक के पास गया तो उन्होंने आर॰डी॰सी॰ को ही गलत सिद्ध कर दिया कि रामायण काल्पनिक है। इस पर तो शोध हो ही नहीं सकता । इसका आधार ही गलत है । अब सोचिए कि हमारी शिक्षा किस दिशा की ओर जा रही थी। कुलपति प्रोफेसर के॰सी॰ मल्होत्रा के कार्यकाल में वह मुझे बार बार पूछते थे कि तुम ऐसा क्या करती हो कि जिससे दो छात्र संगठन ए॰बी॰वी॰पी॰ और एन॰एस॰यू॰आई॰ तुम्हारा बहुत सम्मान करते हैं, और तुम्हें स्नेह करते हैं और तुम्हारे विषय में अच्छा बोलते हैं।

मैंने उत्तर दिया सर में हमेशा छात्राओं को सच का आईना दिखाने का प्रयास करती हूँ। संस्कृत में मैंने अपने विभाग में पहली बार डेटा पर आधारित और प्रश्नावली भरवा कर शोध कार्य करवाए, जिनकी काफी प्रशंसा की गई थी। याद है कि एक बार एक महानुभाव ने मेरी शिकायत कुलपति महोदय से की थी कि इसे पढ़ाना नहीं आता। कुलपति ने स्वयं कक्षा के बाहर खड़ा होकर मेरा पूरा व्याख्यान सुना और उन महोदय को डांटा और स्वयं मुझे से यह बात बताई। कुछ राजनीति से प्रेरित छात्र विरोध करते थे परंतु छात्राएं हर संगठन की बहुत आदर करती थीं। विरोधी भी काम की प्रशंसा किया करते थे ।

ऐसे बहुत संस्मरण है आज बहुत खुशी होती है, हमारे संरक्षण और संपर्क में रहे सभी विद्यार्थी देश-प्रदेश में बहुत ऊंचे ऊंचे पदों पर हैं, कोई खेलकूद में उच्च पद प्राप्त किए हैं, बहुत सारी छात्राएं प्रिंसिपल बन गईं है। कुछ सेवानिवृत्त भी हो गई हैं। राजनीति में चमकते सितारे देश- प्रदेश, यहां तक कि विदेश में भी ख्याति प्राप्त किए हैं, उन्हें देखकर गर्व से सिर ऊंचा होता है और उनका आदर भाव देख कर बहुत संतोष प्राप्ति होती है। वे उच्च पदों पर आसीन होकर भी साधारण लोगों की सेवा करते हैं।

अंतिम संस्मरण के बाद में अपनी लेखनी को विराम दूंगी। मुझे एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान की निर्देशिका नियुक्त किया गया । उसी संस्थान में बहुत सारी समस्याएं थीं, हर व्यक्ति का वहाँ विरोध किया जाता था। जब मैं वहां पहली बार गई तो सारे हताश शेर की भांति छोटे कमरे में बैठे थे। मैं गई, थोड़े नाराज से लग रहे थे। नमस्कार हुआ और मैंने अपने ऑफिस के लोगों को कहा कि इस छोटे कमरे में मेरा ऑफिस सेट करो, मैं यहां बैठूंगी, लंच के बाद आऊंगी यह कहकर मैं चली गई। तीन दिन बाद सब की सभा बुलाई, परिचय दिया, जानती तो मैं सब को पहले से ही थी, मुझे लगा इतने कम वेतन में इन सब की गृहस्थी चलना मुश्किल है, इसलिए यह हताश हैं और उस हताशा के कारण इनका व्यवहार ऐसा है। इन कर्मचारीयों सहित 32 लोगों के हित के लिए रात-दिन प्रयत्न किया और उसमें सफलता भी मिली, जिसका परिणाम यह हुआ कि जब मैं इस पद से भारमुक्त हुई तो इन सब की आंखें नम थीं और इनकी दी हुई माता की मूर्ति आज भी निरंतर मेरी आंखों के सामने रहती है। जितना आदर और प्रेम सब प्रकार की विचारधाराओं से ऊपर उठकर मुझे मिला है, वह अविस्मरणीय है, फिर वहां किए गए बहुत सारे कार्यक्रम आज भी याद आते हैं। शकरोड़ी में लागू की गई मायची योजना एक अनूठी पहल थी। यहाँ से पूरे संस्थान के कार्यरत कर्मचारी दो गाड़िया ले कर शकरोड़ी गए। वहाँ पर आंवला आदि के पौधे मँगवाए गए थे और पूरे गाँव के लोग वहाँ एकत्र थे। हमने मायची योजना का परिचय दिया था। मायची का अर्थ है मायके से संबधित, छोटी बचियों को पौधों का वितरण किया और उन्हें समझाया गया कि आप इसे अपने मायके के खेतों मेँ लगाना। इसका पालन-पोषण करना, विवाह के बाद माता-पिता-भाई इसकी रक्षा करेंगे, क्योंकि इसका संबंध तुम्हारे से था। सब की संवेदनाए उस वृक्ष के साथ जुड़ी होंगी। इसे प्रकृति के प्रति प्रेम का भी वर्धन होगा। एक बार डिस्कवरी चेन्नल वालों ने भी संस्थान और यहाँ की झलकियाँ उस चैनल पर भी दिखाई थी।

ऐसी अनेक यादें हैं जो पटल पर भरी रहती हैं। हम यादें बटोरते हैं। यादें हमेशा दुख में भी सुख का अहसास कराती हैं मेरी दुआ है कि दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति करे मेरा प्यारा विश्वविद्यालय। इसके विकास की गति कभी ना रुके, विद्यामंदिर के प्रवेश द्वार पर ही हर बुराई मिट जाए, अच्छे संस्कार हर एक में उभरकर बाहर आयें ।

The Indelible Romance of Summerhill

-Jayanti Dutta
Faculty, Human Resource Development Centre, Panjab University, Chandigarh



I have met many people who regret studying in small state universities and lament that being in acclaimed universities in metropolitan cities would have given them great exposure and opportunities. Compared to them I have always felt a sense of gratitude for having studied in Himachal Pradesh University (HPU) and having spent my impressionable years in the sylvan campus of Summerhill.

The early 90s were to be the last of the years in human history, when students' were still un-trapped by the web and were able to retain their naivety, inexperience and innocuousness. Little things could bring joy. Those were the years I spent in Summerhill, a campus seeped in the regional culture of Himachal, with conspicuous remnants of the British era and having a fiery students' politics.

The years were a whirlwind of activities- freshers' welcome, student elections, excursions, seniors' farewell- which gave us hands on training in organisation, event management, and team work. There was a lot of planning to do, finances to be managed, creative ideas to be thought of, smooth implementation and wrapping up. It was during these events that we learnt the skills which we used the most in our working careers. It was here that I made lifelong friends and found great fulfilment in my friendships.

There was romance and mystery all around. Cursive glances, half uttered sentences, a kind deed, an unexpected smile, a longing look- were enough to send our hearts aflutter. Perhaps it is the same for all young people, everywhere in the world, but Summerhill gave it a special twist, with the murmur of the ancient deodars, the scent of resin in the air, the mist and the fog, it was the perfect romantic novel setting. The indelible experience did make us die-hard romantics and helped us survive with our souls intact as we later stepped into the dark pessimistic real world.

Most fondly, I remember the walk from Boileauganj to Summerhill and back. The bus ride cost one rupee but most of the time I would give it a miss. Walking that pathway meandering through the slopes of the hill with the Viceregal Lodge at the crest- was a kind of meditation. During April and May there were wild flowers on

the slopes, the Rhododendrons bloomed to create a riot in red, during the rainy seasons mushrooms, fungus and snapdragon made their presence known and the snowy winters brought the starkness of the landscape. On that path, as I walked solitarily, I had mulled over myriad philosophical questions, encountered existential angst, noted down lines of poetry swirling in my head or just marvelled on the beauty of nature which I felt blessed to behold. On some days friends accompanied me and we discussed all things under the sky from idealistic dreams to ghost stories of Shimla. Those walks have been the most cherished possession of my Summerhill days.

नियुक्ति के बाद, मैंने पहला काम, विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रन्थालय में, भोटी तथा बौद्ध धर्म-दर्शन से सम्बद्ध, हिन्दी, अंग्रेज़ी, संस्कृत, पालि-प्राकृत आदि भाषाओं में प्रकाशित पुस्तकें मंगवाने का किया, पुस्तकों के चयन में, मेरी सहायता के लिए, विभागाध्यक्ष प्रो. राजदेव सिंह भी आये। हम दोनों ने मिलकर, वाराणसी के विभिन्न प्रकाशकों से, एक लाख से भी अधिक मूल्य की पुस्तकें चयन की। इससे विभागीय विद्यार्थियों को ही नहीं, विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी, बौद्धधर्म की महायान, वज्रयान, थेरवाद आदि परम्पराओं को समझने तथा उनपर शोध करने का अवसर मिला। बाद के वर्षों में, जब विभाग, गाँधी भवन में शिफ़्ट हुआ तो, विभाग में अपनी निजी पुस्तकों की लाइब्रेरी बनाकर, उससे भी, विभागीय विद्यार्थियों को जोड़ने का यथा संभव प्रयास किया, ताकि भोटी तथा बौद्ध धर्म-दर्शन के प्रति, उनकी समझ बढ़े। विभाग के पास, अपना कोई फंड तो था नहीं कि, पुस्तकें रखने के लिए, शेल्फ वाली अल्मारियाँ खरीदी जा सकें, इस कारण, मेज पर ही, पुस्तकों की ढेरी लगी रहती थी। प्रो. सुरेश कुमार, जब अधिष्ठाता अध्ययन के पद पर थे तो, एक रोज, गाँधी भवन में चल रही परीक्षाओं के निरीक्षण के सिलसिले में, उनका गाँधी भवन आना हुआ, मेज पर किताबों की ढेरी देखकर, वे कहने लगे, एम.बी. ए. विभाग में, कई पुरानी अल्मारियाँ पड़ी हैं, उनमें से कुछ आपको देता हूँ और उन्होंने अगले ही दिन, शेल्फ वाली दो अल्मारियाँ भेज दीं, जिससे मुझे अपनी पुस्तकें तरतीब से रखने में सुविधा मिली।

भाषा का महत्त्व

जहाँ तक, भोटी भाषा के महत्त्व की बात ह, महायानी बौद्धधर्म-दर्शन, न्याय, शिल्प कला तथा लद्दाख से लेकर अरुणांचल तक की हिमालयी बौद्ध संस्कृति एवं परम्परा को यथार्थ रूप में समझने के लिए, इस भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है। इसके बिना, इस बृहत् हिमालयी संस्कृति के विविध पक्षों तथा बौद्धधर्म की महायानी-वज्रयानी शाखा को, समझ पाना संभव नहीं, क्योंकि यह इस क्षेत्र की धर्म और संस्कृति की संवाहिका भाषा है। भोटी ही है, जिसने उपर्युक्त बृहत् हिमालय को, भाषायी स्तर पर, किसी ना किसी रूप में, एक सत्र में जोड़े रखा है। यहाँ यह, समझ लेना ज़रूरी है कि भोटी भाषा, उपर्युक्त हिमालय की ही, भाषा नहीं है, अपितु हिमालय के पार, तिब्बत की भी है। उपर्युक्त सभी हिमालयीय क्षेत्रों में, इस भाषा को, भोटी के नाम से अभिहित नहीं किया जाता है। कहीं पर, यह लद्दाखी या बोद-यिक के नाम से तो, कहीं पर, यह भोटी, बोधि, बाद-स्कद, ज़ोङ्खा आदि विभिन्न नामों से जानी जाती है। भारतीय सीमान्त क्षेत्रों के भोटी-भाषा भाषी लोगों के अतिरिक्त, शेष भारत यानि हिन्दी जगत्, इसे प्रायः तिब्बती भाषा, तो अंग्रेज़ी जगत् इसे तिबेटन लैंगवेज के नाम से जानता है।

पाँचवीं सदी में गुप्तवंशीय राजा कुमार गुप्त द्वारा स्थापित नालंदा[3], आठवीं सदी में पालवंशीय नरेश गोपाल प्रथम द्वारा स्थापित ओदन्तपुरी[4], आठवीं शताब्दी के अन्तिम वर्षों या नौवीं शताब्दी के शुरुआती वर्षों में, इसी वंश के राजा धर्मपाल(783-820ई.) द्वारा स्थापित

---

[3] प्राचीन बौद्ध महाविहारों में, वर्तमान बिहार राज्य में स्थित, नालंदा महाविहार, सर्वोपरी था। यह, वह शिक्षा संस्थान था, जहाँ बौद्धधर्म-दर्शन, न्याय, तन्त्र, शिल्प आदि की शिक्षा के लिए, देश-देशान्तर से छात्र आते थे। यहाँ दस हज़ार छात्र, छात्रावासों में रहकर, अपने एक हज़ार पाँच सौ दस गुरुओं स, शिक्षा ग्रहण करते थे। इस महान् शिक्षा केन्द्र को, सन् 1202 ईसवी में, मुहम्मद बख्तियार खिलजी ने जलाकर, नष्ट कर दिया था। देखें, श्रीवास्तव, एस. के., नालंदा बौद्ध शिक्षा केन्द्र (लेख), विद्याभारती अंक-4, छोस खोर लिङ् बौद्ध सेवा संघ, ब्रेलिंग, किन्नौर, (हि.प्र.), 5 नवम्बर, 1987, पृ. 23-29; मिश्र, जयशंकर, प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, 2002, पृ. 540-42.

विक्रमशिला[5] आदि, विश्व विख्यात महाविहार (शिक्षा संस्थान), जिनमें एशिया के विभिन्न देशों के छात्र अध्ययन करके, अपने को गौरवान्वित महसूस करते थे, वे आज, हमारे सामने खँडहर में तबदील हुए पड़े हैं, उनमें जो शास्त्र, उस समय पढ़े-पढ़ाये जाते थे, उन्हें सांस्कृतिक विद्वेष के चलते, बाहरी आक्रमणकारियों ने, अग्नि की भेंट चढ़ा दी; कहते हैं, उस अग्नि में, नालंदा का धर्मगंज नामक विशाल ग्रन्थालय, जिसकी रत्नोदधि, रत्नरञ्जक तथा रत्नसागर नाम से तीन मंज़िलें होती थीं, छः महीने तक जलता ही रहा था, इससे समझा जा सकता है कि, उसमें कितनी पुस्तकें रही होंगी। भारत के लिए, यह परम सौभाग्य की बात है कि, सातवीं शताब्दी में, जो भोटदेश (तिब्बत) भारत आकर, उसका शिष्य बना था[6], वह बहुत ही क़ाबिल शिष्य साबित हुआ। उसने अपने गुरु से, उपर्युक्त महाविहारों में उपलब्ध संस्कृत बौद्ध शास्त्रों का, ना केवल, सांगोपांग अध्ययन किया, प्रत्युत् भारत में प्रचलित, तत्कालीन रञ्जना तथा वर्तुल लिपि पर आधारित, क्रमशः उचेन (दबु-चन=शिरो रेखा वाली) तथा उमेद (दबु-मेद=शिरो रेखा विहीन) नाम से दो भोटी लिपियों का निर्माणकर, उन शास्त्रों को भोटी भाषा में अनूदित करके, संरक्षित एवं संवर्धित करने का काम भी किया। आज भोटी भाषा के माध्यम से, दुनिया को बौद्धधर्म-दर्शन का, जो ज्ञान वह बांट रहा है, उसे लेकर वह, बड़े फख़्र से दुनिया को कह रहा है कि, यह ज्ञान उसने, अपने गुरु आर्य देश भारत से प्राप्त किया है। क्या यह, उसके गुरु के लिए कम गौरव की बात है? आज हिमालयी क्षेत्रों में स्थित गोनपाओं यानि बौद्धविहारों तथा लोगों के अपने व्यक्तिगत पूजागृहों (छोद-खङ) में, कनग्युर (बुद्ध वचन संग्रह) और तनग्युर (बुद्धवचनों का भारतीय आचार्यों द्वारा रचित व्याख्या रूप संग्रह) के नाम से, सुन्दर वेष्टनों में वेष्टित, हज़ारों की संख्या में, जो भोटी शास्त्र उपलब्ध हैं, वे वही शास्त्र तो हैं, जिन्हं बाहरी आक्रमणकारियों ने कभी जला दिये थे। भले ही, आज वे शास्त्र, अपनी मूल भाषा संस्कृत में उपलब्ध नहीं हैं, किन्तु अनुवाद रूप भोटी में

---

4 ओदन्तपुरी को उड्यंतपुर भी कहा जाता है। यह प्राचीन महाविहार, वर्तमान बिहार राज्य में स्थित था। अतीत में, यह, बौद्ध विद्या के अध्ययन-अध्यापन का, एक प्रसिद्ध केन्द्र था। 13वीं शताब्दी के आरम्भ मं बख्तियार के पुत्र मुहम्मद (बिन-मुहम्मद बख्तियार) के नेतृत्व में, मुसलमान आक्रमणकारियों ने, इसे नष्ट कर दिया था। देखें, बाहरी, डॉ. हरदेव, प्राचीन भारतीय संस्कृति कोश, विद्या प्रकाशन मन्दिर, नई दिल्ली, 1988, पृ. 66.

5 भारत के मगध जनपद में, पालवंशीय राजा धर्मपाल (783-820ई.) द्वारा स्थापित, विक्रमशिला महाविहार, अतीत में, एक विश्वविख्यात बौद्ध शिक्षा केन्द्र था। सन् 1203 ई. में, बख्तियार खिलजी ने, इसे तोड़कर तथा जलाकर नष्ट कर दिया था। देखें, पाठक, प्रो. सुनीति कुमार, विक्रमशील और विक्रमशिला (लेख), विद्याभारती अंक-7, छोस खोर लिङ् बौद्ध सेवा संघ, ब्रेलिंग, किन्नौर, (हि.प्र.), 20 मई, 1989, पृ. 6-10; मिश्र, जयशंकर, प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, 2002,पृ. 542-43.

6 सातवीं शताब्दी में, तिब्बत के बत्तीसवें राजा, नम-री-स्रोङ्चन के पुत्र, ठि-दे-स्रोङ्चेन, जो स्रोङ्चेन गम्पो (मृ.649/650ई.) के नाम से प्रसिद्ध हैं, के काल में पहली बार, बौद्धधर्म तिब्बत पहुँचा था। इससे पूर्व छब्बीसवें राजा, ला-थोथोरी जनचन(ज.173ई.) के काल में भी, बौद्धधर्म का प्रचार अवश्य हुआ था, किन्तु भाषायी अज्ञानता के कारण, वह सफल नहीं हो पाया था। स्रोङ्चेन गम्पो से पहले तिब्बत में कोई लिपि नहीं थी। स्रोङ्चेन गम्पो ने, लिपि तथा भाषा के महत्त्व को समझा। इसलिए उन्होंने अपने मन्त्री थोन-मी संभोट को, सोलह साथियों के साथ, लिपि तथा विद्या अध्ययन क लिए भारत भेजा। उनमें थोन-मी संभोट ही, एक ऐसे सौभाग्यशाली व्यक्ति रहे, जो ना केवल भारत की भीषण गर्मी में बच पाये, प्रत्युत् अपनी शिक्षा पूरी कर पाने में भी सफल रहे। उनके, अन्य सभी साथी, भारत में ही मृत्यु को प्राप्त हो गये थे। थोन-मी संभोट ने, कई वर्षों तक, भारत में रहकर, भारतीय लिपियों का अध्ययन किया। उन्होंने कश्मीरी ब्राह्मण लिपिकार (लिजिन) से, भारतीय भाषाओं और पण्डित देवविद्या सिंह से पाणिनि, कलाप और चान्द्र व्याकरण का अध्ययन किया। स्वदेश लौटकर, उन्होंने राजा के आदेशानुसार, अपने देश के लिए, तत्कालीन भारतीय लिपियों के आधार पर, 'उचेन' और 'उमेद' नाम से दो लिपियों का निर्माण किया और सुम-चु-पा(त्रिंशिका), तग्स-जुग (लिंगावतार) आदि आठ अध्यायों वाले व्याकरण ग्रन्थ की रचना की। देखें, नेगी, विद्यासागर, हिमालयी संस्कार एवं कृषि संस्कृति, किन्नौर के आलोक में, ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दरिया गंज, नई दिल्ली, 2018, पृ., 17-18.

तो हैं। भोटी भाषा की, जिस उचेन लिपि में ये शास्त्र, अनुवाद रूप में उपलब्ध हैं, उसकी वर्णमाला देवनागरी उच्चारण सहित, यहाँ दो जा रही है, ताकि सुधी पाठक उसके आकार-प्रकार से परिचित हो सकें-

भोटी स्वर-

ཨཨ།།ཨཱཨཱིཨཱུཨཱེཨཻ།

इ. उ. ए, ओ।

भोटी व्यञ्जन-

ཀཁགང་།ཅཆཇཉ།ཏཐདན།པཕབམ།

क.ख.ग. ङ। च.छ.ज.ञ। त.थ.द.न। प.फ.ब.म।

ཙཚཛཝ། ཞཟའཡ། རལཤས། ཧཨ།

च़.छ़.ज़.व। ज.ज़.ह़.य। र.ल.श.स। ह.अ।

भोटी संयुक्त व्यञ्जन-

ཀྱཁྱགྱཅྱཆྱཇྱཉྱ།ཀྲཁྲགྲདྲཔྲཕྲབྲམྲཧྲསྲཧྱ།

क्य.ख्य.ग्य.च.छ.ज.ञ। ट.ठ.ड.ड.ट.ठ.ड.म्र.श्र.स्र.ह्र।

ཀླཁླགླཟླའླརླསླ།རྐཀྱརྒཀྱརྔཀྱརྕཅྱརྗཆྱརྙཇྱརྟཏྱརྡཐྱརྣདྱརྨནྱརྩཙྱརྫཛྱ།

ल.ल.ल.द.ल.ल। क.ग.ङ.ज.ञ.त.द.न.ब.म.च़.ज़।

ལྐཀྱལྒཀྱལྔཀྱལྕཅྱལྗཆྱལྙཇྱལྟཏྱལྡཐྱལྣདྱལྦཔྱལྨམྱལྩཙྱལྫཛྱ། སྐཀྱསྒཀྱསྔཀྱསྕཅྱསྗཆྱསྙཇྱསྟཏྱསྡཐྱསྣདྱསྦཔྱསྨམྱསྩཙྱ།

क.ग.ङ.च.ज.त.द.प.ब.ल्ह। क.ग.ङ.ञ.त.द.न.प.ब.म.च़।

ཀྭཁྭགྭངྭཅྭཆྭཇྭཉྭཏྭཐྭདྭནྭཔྭཕྭབྭམྭཙྭཚྭཛྭཞྭཟྭའྭཡྭརྭལྭཤྭསྭཧྭ།།

क्व.ख्व.ग्व.च्व.ञ्व.त्व.द्व.च़्व.छ़्व.ज्व.ज़्व.र्व.ल्व.श्व.स्व.ह्व।[7]

योग्य विद्यार्थी

[7] भोटी भाषा का विस्तृत परिचय के लिए देखें, लाहुली, के. अंगरुप, संभोट व्याकरण, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी, 1996.

हिमाचल विश्वविद्यालय के लिए, उपर्युक्त भोटी लिपि तथा भोटी-भाषा बिल्कुल अपरिचित था, इस कारण शुरू के वर्षों में, भोटीभाषा-अध्ययन के प्रति, छात्र अधिक आकर्षित नहीं हुए, लेकिन बाद के वर्षों में, जब विद्यार्थियों ने, इस भाषा को, उनके शोध के क्षत्र में सहायक के रूप लाभप्रद और मुझे बौद्धधर्म-दर्शन तथा किन्नौर आदि हिमालयी क्षेत्रों की संस्कृति तथा समाज के अध्ययन में मार्ग दर्शक के रूप में पाया तो, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शोधछात्र-छात्राएँ भी आने लगीं। कांगडा, मण्डी, बिलासपुर, ऊपरी शिमला, लाहौल-स्पीति आदि क्षेत्रों की छात्र-छात्राएँ, जब कभी विभाग में खाली समय में, आपस में अपनी-अपनी बोलियों में बातें कर रही होती थीं तो, मैं उनकी भाषायी शब्दों को पकड़ने का प्रयास करता रहता था, जो आगे चलकर, किन्नौरी बोली के शब्दों में, कितने उसके अपने हैं और कितने आयातित हैं और किन-किन बोलियों से लिये हैं, इसे पकड़ पाने में मुझे बहुत सुविधा हुई।

भोटी भाषा के विद्यार्थी के रूप में, डॉ. लक्ष्मण सिंह ठाकुर, डॉ. रेणु तुली, डॉ. कौशल्या चौहान आदि भी आये। डॉ. लक्ष्मण के कारण, पहली बार, मुझे डॉ. रघुवीर सिंह पिर्टा तथा डॉ. चेतन सिंह के क़रीब जाने का मौका मिला। डॉ. लक्ष्मण, पश्चिमी हिमालयी बौद्ध इतिहास पर, डॉ. पिर्टा, जन्तु-व्यवहार (Animal behaviour) तथा पर्यावरण पर, जबकि डॉ. चेतन, हिमालयी इतिहास पर शोध करते थे। इन विद्वानों के प्रभाव में आकर, मेरी शोध की दिशा ही, बदल गई। डॉ. पिर्टा की प्रेरणा से ही, मैं किन्नौर के पशु पालकों की समाज-संस्कृति को लेकर, एक बृहत् शोधपरक पुस्तक[8] लिख पाने में सफल हुआ, जिससे आज इस विषय से सम्बद्ध शोधार्थियों को लाभ हो रहा है। डॉ. लक्ष्मण ने, बौद्ध विहारों तथा मणि दीवारों (मणि मन्थङ)[9] के प्रति, श्रद्धा के साथ-साथ, ऐतिहासिक दृष्टि से अध्ययन करने की दिशा मं, मेरी सोच को आगे बढ़ाया, जबकि डॉ. चेतन से मैंने, पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही मौखिक इतिहास को, प्रामाणिक कसौटी पर, कसने-परखने की विधि सीखी। भाषा वैज्ञानिक आधार पर, शब्दों के मूल को पकड़ने की कला, मैंने डॉ. कौशल्या चौहान से ही सीखी। डॉ. कौशल्या चौहान, इस विश्वविद्यालय में, पहली अध्यापिका हैं, जिन्होंने, भोटी में डिप्लोमा करने के बाद, अपने विद्यार्थियों को,बौद्धदर्शन के क्षेत्र में, शोध के लिए प्रेरित किया। उन्हीं की बदौलत, उनके अनेक विद्यार्थी, बौद्ध दर्शन में, शोध कर पाने में, सफल हो पाये। डॉ. लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने, भोटी भाषा में डिप्लोमा करने के बाद, बौद्ध विहारों में, भोटी भाषा में उपलब्ध भित्ति लेखों, बुद्ध-बोधिसत्त्वों की मूर्तियों के आसन भाग पर उकेरित अभिलेखों, मणिदीवारों तथा अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध ऐतिहासिक शिलालेखों को लेकर, जो अध्ययन प्रस्तुत किया है, वह क़ाबिले तारीफ़ है। रॉयल एशियाटिक सोसाइटी के जर्नल में प्रकाशित, डॉ. लक्ष्मण का, किन्नौर के पूह के कोरो क्षेत्र में उपलब्ध, भोटी शिलालेख पर शोधपत्र[10], विश्वविद्यालय के लिए तो, गौरव की बात है ही, शोधार्थियों के लिए भी, कम प्रेरणास्पद नहीं है।

बहुगुणा का आगमन

---

8 पुस्तक देखें, नेगी, विद्यासागर, पश्चिमोत्तर हिमालय के आरण्यक-भेड़पालक: किन्नौर के सन्दर्भ में, सामाजिक-सांस्कृतिक अध्ययन, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी, 2007,

9 किन्नौर, लाहौल-स्पीति, लद्दाख आदि हिमालयी क्षेत्रों में, धार्मिक भावना से स्थापित की जाने वाली मणि दीवारों (मणि मन्दङ/ मन्थङ) के सम्बन्ध में विस्तृत परिचय के लिए देखें, नेगी, विद्यासागर, एक हिमालयी चरवाहे की आध्यात्मिक यात्रा, ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दरिया गंज, नई दिल्ली, 2013, पृ.10 का फु.नो. 2.

10 Thakur, Laxman, S, A Tibetan Inscription by lHa Bla-ma Ye-shes-od From dKor (sPu) Rediscovered, Journal of the Royal Asiatic Society, Third. Series, Volume, 4. Part 3, Cambridge University Press, November, 1994, PP.369-375.

जहाँ तक डॉ. रघुवीर सिंह पिर्टा की बात है, वे अपने जन्तु-व्यवहार तथा पर्यावरण अध्ययन के चलते, इटली आदि विभिन्न देशों के पशु पालकों से भी जुड़े थे, एक बार तो, वे इटली के अनेक पशुपालकां के संग, फील्ड-स्टडी में किन्नौर के विभिन्न क्षेत्रों में भी गये थे, इस दौरान मुझे भी किन्नौर के नाको में, दो दिन के लिए, इस स्टडी ग्रुप के साथ, शामिल होने का अवसर मिला था। इन लोगों ने, यहाँ के किसानों तथा पशुपालकों के संग, ना केवल अपना विचार साझा किया था, प्रत्युत् रात को, आयकर आयुक्त, श्री एच.सी.नेगी के घर पर, अपने क्षेत्र के भेड़पालन व्यवसाय पर बनायी गई वीड़ियो भी दिखाया था। इतना ही नहीं, डॉ. पिर्टा पर्यावरण को लेकर, विश्वविख्यात पर्यावरणविद् एवं चिपको आदोलन के नेताओं में अग्रगण्य, पद्मविभूषण से सम्मानित, श्री सुन्दर लाल बहुगुणा[11] जी (9-1-1927-21-5-2021) के पर्यावरण तथा चिपको आन्दोलन से भी जुड़े थे। उन्हीं की बदौलत, अनेक बार, हमारे विश्वविद्यालय को, श्री सुन्दर लाल बहुगुणा जी का पर्यावरण संरक्षण तथा पारिस्थितिकी संतुलन (Ecological Balance)का महत्त्व तथा आवश्यकता पर व्याख्यान सुनने का अवसर प्राप्त हुआ था। एक बार, जब उनका 1996 के अगस्त में आगमन हुआ था, उस समय 25 अगस्त को मुझे भी, अपनी संस्था 'भारत-तिब्बत मैत्री संघ, शिमला' के तत्त्वावधान में, पंथाघाटी में आयोजित, एक विशेष कार्यक्रम में, व्याख्यान के लिए, उन्हें आमन्त्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। इस व्याख्यान कार्यक्रम में, तिब्बती समुदाय के लोगों के साथ- साथ, डॉ. योगेन्द्र वर्मा, डॉ. इन्द्राणी चक्रवर्ती, डॉ. पिर्टा, डॉ. मोहन झार्टा आदि विश्वविद्यालय के लोगों के साथ, शिमला से डॉ. बंशीराम शर्मा, पूर्व सचिव, हिमाचल कला, संस्कृति भाषा अकादमी, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी से, डॉ. वंगचुक दोर्जे नेगी, शिमला स्थित तिब्बती कल्याण अधिकारी, लॉ ओफिसर सुश्री सरोज नेगी, भोटी विभाग के छात्र आदि भी सम्मिलित हुए थे।

डॉ. रघुवीर सिंह पिर्टा, देश तथा विदेश के छात्र-छात्राओं को हिमाचली पहाड़ी संस्कृति तथा पारिवारिक पर्यावरण से रू-ब-रू कराने के लिए, पैदल यात्राओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करवाते थे। एक बार तो, इस यात्रा में, बहुगुणा जी भी सम्मिलित हुए थे। इन सब शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते ही, डॉ. पिर्टा "Pastoralism and The Tribes man of Mountain, the arung zed sa of Kanaor" नामक पुस्तक[12] लिख पाने में सफल हुए थे, जो उपर्युक्त विषय पर शोधार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी है।

फील्ड-स्टडी

---

11 श्री सुंदर लाल बहगुणा जी, परमपावन दलाई लामा जी के भी, अत्यन्त घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने ही, परम पावन जी को, पर्यावरण संरक्षण में पेड़ों क महत्त्व को, अपने प्रवचनों के माध्यम से, आम लोगों तक पहुँचाने के लिए, निवेदन किया था। परम पावन जी ने, इस बात का जिक्र, मधु पाठक की पुस्तक को लिखे, अपने निम्न संदेश में भी किया है-

"I deeply admired my good friend, the late Shri Sunder Lal Bahuguna, particularly the way he made "ahimsa" the core of his tireless campaign to protect the environment. Having grown up in the Garwhal, in Uttarakhand State, he was acutely aware of the need to preserve the rivers, forests and hills of the Himalayan region, and felt it was his mission to draw other people's attention to it.

Shri Bahuguna, once asked me to spread the word about the importance of planting trees and caring for the environment, especially in places such as Ladakh, Himachal Pradesh, Sikkim, Arunachal Pradesh. I had happily agreed to repeatedly urge people to care for their environment, as this has ramifications far beyond the regions where they live." देखें, पाठक, मधु (सम्पादक), संकल्प के हिमालय, सुन्दर लाल बहुगुणा, बिमला बहुगुणा एवं सुन्दर लाल बहुगुणा, पर्यावरण संरक्षण एवं शोध संस्थान, देहरादून, 2022.

12 Pirta, Raghubir Singh, Pastoralism and The Tribesman of Mountain, the arung zed sa of Kanaor, Shipra Publications, Vikas Marg, Shakarpur, New Dehli, 2009.

उन दिनों, पूरा जून महीना, विश्वविद्यालय में, ग्रीष्मावकाश रहता था, किन्नौर, लाहौल, स्पीति, लद्दाख आदि प्रत्यन्त हिमालय-क्षेत्रों में फील्ड-स्टडी के लिए, यह अवकाश, शोधार्थियों के लिए, बहुत उपयोगी होता था, क्योंकि शीतकालीन अवकाश के दौरान, इन क्षेत्रों में, अत्यधिक शीत लहर तथा बर्फ़बारी के चलते, जा पाना संभव नहीं होता है। पहली जून को डॉ. लक्ष्मण, डॉ. पिर्टा और मैं, कभी, साथ-साथ तो, कभी अकेले-अकेले, उपर्युक्त क्षेत्रों में फील्ड-स्टडी के लिए, निकल जाते थे और 30 जून को ही, हम लोग वापस विश्वविद्यालय लौटते थे। शेष समय में, हम लोग, विश्वविद्यालय में रहकर, फील्ड-स्टडी में एकत्र की गई, शोध-सामग्री का अध्ययन करते थे।

बौद्धिक विकास

विश्वविद्यालय की शिक्षा पूरी करके जाते समय, एक विद्यार्थी हाथ में, कागज़ का, मात्र एक टुकड़ा लेकर ना जाये, इसलिए एक अध्यापक, अपने विद्यार्थी के सर्वांगीण बौद्धिक विकास के लिए, भरसक प्रयास करता है। उसकी कामना होती है कि, उसका विद्यार्थी हर क्षेत्र में अव्वल रहे। इसलिए, वह अपने विद्यार्थी को, एक दृष्टि देने का प्रयास करता है ताकि उसका विद्यार्थी, उसे पाकर, समाज में अपनी पहचान स्वयं बना सके। इस संदर्भ में, बौद्ध धर्म-दर्शन तथा पालि के मूर्धन्य विद्वान्, अपने गुरु प्रो.जगन्नाथ उपाध्याय का जिक्र करना, यहाँ प्रासंगिक होगा। प्रो.जगन्नाथ उपाध्याय जी का, अपने सभी विद्यार्थियों के प्रति व्यवहार, सदैव पुत्रवत् रहता था। इसी के चलते हम लोग, उनसे, इतने घुल-मिल गये थे कि, उनसे किसी भी प्रकार का प्रश्न पूछने में, हम लोगों को, कोई संकोच नहीं होता था। एक बार मैंने, उनसे, किन्नौरी समाज में प्रचलित एक अवधारणा से सम्बद्ध एक प्रश्न पूछ लिया, उन्होंने उसका, उन्हें ज्ञान नहीं होने की बात कही, इस पर मैंने कहा, हम लोग तो ऐसा मानते हैं, इस पर गुरु जी ने अच्छा कहा। इतना कहते ही, मैंने कहा, ''आज तो, गुरु जी, शिष्य से हार गये''। इस पर, उन्होंने निम्न श्लोकांश सुनाया-

सर्वत्र जयमिच्छेत् पुत्रात् शिष्यात् पराजयम्॥

अर्थात्-

सभी जगह, विजय की कामना करनी चाहिए, किन्तु

पुत्र और शिष्य से पराजय की अभीप्सा होनी चाहिए।

जब मैं, नियुक्त होकर, विश्वविद्यालय जाने लगा तो, भोट-बौद्ध धर्म-दर्शन एवं तन्त्र के, दुर्लभ कोटि के विद्वान्, मेरे गुरु प्रो. सेम्पा दोर्जे जी, जो मेरे सभी सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यों के दिशा- निर्देशक हैं, ने कहा, ''अब तुम एक अध्यापक बनकर, विश्वविद्यालय जा रहे हो, तुम अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को ही, अपने विद्यार्थी नहीं समझना, बल्कि वे सारे भी, तुम्हारे विद्यार्थी हैं, जो तुमसे कुछ जानने की चाहत लेकर, तुम्हारे क़रीब आते हैं, इसलिए, बिना किसी भेदभाव के, सबको समय देना और उनकी जिज्ञासा, शान्त करने का प्रयास करना।'' मेरे इन दो गुरुओं ने यह जो बातें कहीं, वे एक अध्यापक के आन्तरिक सद्गुण हैं। इसीलिए, मैंने अपने अध्यापन काल में, अपने गुरुओं के उपर्युक्त उपदेशों को, सदैव व्यवहार देने का प्रयास किया और आज भी कर रहा हूँ।

जैसेकि प्रसंगवश पहले कहा जा चुका है कि, विद्यार्थी काल से ही, मैं विभिन्न सामाजिक- सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़ा रहा और अध्यापक बनने के बाद भी, मैं उनसे कभी विलग नहीं हुआ। इस कारण, संस्थाओं द्वारा आयोजित, विभिन्न परिसंवाद गोष्ठियों में, मुझे जाना पड़ता था। जब भी, मुझे परिसंवाद गोष्ठियों में जाने का अवसर मिलता था, मैं अपने साथ, हर बार, तीन-चार विद्यार्थियों को, अवश्य ले जाता था। ले जाने से पहले, मैं संगोष्ठी से सम्बद्ध विषयों पर, उनसे लेख लिखवाता था, उसे सुनता था और संगोष्ठी में कैसे प्रस्तुत करना है और जिज्ञासुओं द्वारा उपस्थापित प्रश्नों का उत्तर कैसे देना है, इनके बारे में, उन्हें प्रशिक्षित करता था, इसके बाद ही, उन्हें संगोष्ठी में लेख प्रस्तुत करने देता था। इतना ही नहीं, संगोष्ठी स्थल पर भी, अवसर देखकर, उनसे मंच संचालन करवाता था, संगोष्ठी की कारवाई (Proceedings), लिखने देता था। इन सबके पीछे, मेरी यही भावना रहती थी कि, मेरे विद्यार्थी हर क्षेत्र में पीछे ना रहें और जब विश्वविद्यालय से अपनी शिक्षा पूरी करके जाएँ तो, उन्हें ऐसा ना लगे कि, इतने साल, विश्व विद्यालय में गुज़ारने के बाद भी, वे खाली-खाली जा रहे हैं।

पाठ्यक्रम निर्माण

सन् 1996 में, हिमाचल प्रदेश सरकार ने, गुगे (पश्चिमी तिब्बत) के राजा, देवगुरु येशे ओद (ज्ञानप्रभ) तथा देवगुरु जङ्छुब ओद (बोधिप्रभ) के प्रोत्साहन से, लोछेन रिनछेन ज़ङ-पो (महानुवादक रत्नभद्र, 958-1055ई.)[13] के दिशा-निर्देशन में, 996 ईसवी में, स्थापित हिमालय की अजन्ता के रूप में, विश्वविख्यात ताबो बौद्धविहार[14] के सहस्राब्धि-समारोह का आयोजन किया। इस समारोह के उद्घाटन अवसर पर, तत्कालीन हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने, जब विश्वविद्यालय में 'बौद्धविद्या केन्द्र' (Centre For Buddhist Studies) खोलने की घोषणा की तो, विश्वविद्यालय में संचालित भोटी विभाग के नाम को परिवर्तित कर, इसका नया नामकरण 'बौद्धविद्या केन्द्र' किया गया और पूर्व संचालित द्विवर्षीय भोटी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के स्थान पर, देश के अन्य विश्वविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमानुसार, एक वर्षीय प्रमाणपत्रीय (Certificate), एक वर्षीय डिप्लोमा (Diploma) तथा एक वर्षीय उच्चत्तर डिप्लोमा (Advanced Diploma) पाठ्यक्रम के रूप में, संचालित करने का निर्णय लिया। साथ ही, बौद्धधर्म-दर्शन के अध्ययन की सहायक भाषाओं, यथा पालि, चीनी आदि में डिप्लोमा स्तरीय, जबकि बौद्धविद्या (Buddhist Studies) में भोटी वर्ग के साथ, स्नातकोत्तरीय पाठ्यक्रम संचालित करने का प्रावधान किया गया। इस निमित्त पाठ्यक्रम बनाकर, विभिन्न समितियों से पारित कराया गया। इसके अलावा, बौद्धविद्या में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG Diploma in Buddhist Studies) पाठ्यक्रम, परमपावन दलाई लामा जी के दफ़्तर के सहयोग से, धर्मशाला स्थित महाविद्यालय में संचालित 'Centre For Ancient Indian Wisdom' का पाठ्यक्रम तथा 'हिमाचली पहाड़ी भाषा अध्ययन केन्द्र' का 'पहाड़ी भाषा प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम' भी बनाये गये और उन्हें सभी समितियों से पारितकर विश्वविद्यालय के स्टेचूट (Statute) में भी, शामिल कराये गये। यहाँ, यह भी स्पष्ट कर देना उचित होगा कि, अध्यापकों के पद सृजित नहीं किये जाने के कारण, Ancient Indian Wisdom के पाठ्यक्रम को छोड़कर, शेष

---

13 For Rin-chen-bzang-po, see, Tucci, Giuseppe, Indo-Tibetica-11, Aditya Prakashan New Dehli, 1988; नेगी, विद्यासागर, महानुवादक रत्नभद्र, (द्वितीय संस्करण), हिमाचल कला, संस्कृति भाषा अकादमी, शिमला, 2012.

14 For Tabo Monastery, see, Tucci, Giuseppe, Indo-Tibetica-111.1, Aditya Prakashan New Dehli, 1988, pp.21- 140; Thakur, Laxman S., Buddhism in Western Himalaya : A Study of Tabo Monastery, Oxford University Press, New Delhi, 2001; Handa, O.C., Tabo Monastery Buddhism in the Trans Himalaya, Indus Publishing Company, New Delhi, 1994

संचालित नहीं किये जा सके। इतना ज़रूर है कि, निकट भविष्य में, विश्वविद्यालय, इन पाठ्यक्रमों के समसामयिक महत्त्व को ध्यान में रखते हुए, अध्यापकों की नियुक्ति करे तो, पाठ्यक्रम से सम्बद्ध सभी प्रक्रियाएँ पूरी की जा चुकी हैं।

परमपावन का आगमन

विश्वविद्यालय में रहे, प्राय: सभी कुलपतियों ने, अपनी-अपनी क्षमता तथा समय की मांग के अनुसार, विश्वविद्यालय के विकास कार्य में, अपना योगदान किया है। प्रो.ए.डी.एन.बाजपेयी, अर्थशास्त्र के आचार्य ही नहीं थे, एक उच्चकोटि के लेखक, कवि एवं वक्ता भी थे। विश्वविद्यालय में कुलपति (25-5-2011-24-5-2017), का ओहदा संभालते ही, उन्होंने पहला काम, प्रो. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, पूर्व कुलपति, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, से विश्वविद्यालय का कुलगीत लिखवाने का किया। देश के प्राय: सभी विश्वविद्यालयों के कुलगीत हों और अपने विश्वविद्यालय का ना हो, यह बहुत खलता था। प्रो.बाजपेयी की यादाश्त, बहुत जबरदस्त थी, जिस व्यक्ति से, एक बार, वे मिलते थे, उसका नाम तथा शक्ल, वे कभी नहीं भूलते थे; विश्वविद्यालय में कोई, ऐसा व्यक्ति नहीं होगा, जिसे वे नाम व शक्ल से नहीं जानते हों। उनकी एक ख़ासियत, यह भी थी कि, वे देश के लब्धप्रतिष्ठित विद्वानों को विश्वविद्यालय में आमन्त्रित कर, उनका व्याख्यान तो, करवाते ही थे, साथ ही, विभिन्न धर्मों के सर्वोच्च गुरुओं को भी आमन्त्रित कर, उनका भी व्याख्यान करवाते थे। विश्वविद्यालय के स्थापना-दिवस के अवसर पर, कई बार, हिन्दू, मुसलिम, सिख, ईसाई तथा बाद्धधर्म के अनुयायियों से मंगलाचरण करवाकर, देश की सांस्कृतिक-धार्मिक विविधता में एकता का संदेश देने का भी प्रयास करते थे। व्याख्यान सुनने के लिए, विश्वविद्यालय के शिक्षक, ग़ैर शिक्षक सभी को बुलाते थे। अपनी उपर्युक्त ख़ासियत के चलते, वे परम पावन चौदहवें दलाई लामा जी को भी, विश्वविद्यालय में आमन्त्रित करना चाह रहे थे; जब सीधे तौर पर, संभव नहीं हो पाया तो, प्रो. सुरेश कुमार और प्रो. एस. एन. बिष्ट ने, कुलपति महोदय के समक्ष, इस काम में मुझे भी जोड़ने का सुझाव रखा। एक दिन, दोपहर बाद, कुलपति-दफ़्तर से, मुझे फोन आ गया, जब मैं कुलपति महोदय से मिला तो, वे कहने लगे, मैं परम पावन जी को, विश्वविद्यालय आमन्त्रित करने में, उनकी सहायता करूँ; यह बात सुनकर, एक बार तो मैं अवाक्-सा रह गया। फिर मैंने कहा, ''इस विषय में, मैं तिब्बती प्रशासन के शिमला स्थित, कार्यालयाधिकारी से बात करके पता करता हूँ।''

12 जून, सन् 2002 को, शिमला के संजोली स्थित, 'जोनङ् फुन्छ़ोग तगतेन छोसलिङ्, बौद्ध विहार' के प्रमुख खेल्खा-जेचुन-दम्पा जम्पल नम-डोल छोस-की ग्यलछ़न (ज.3-1-1933- मृ.1-3-2012) जी के निवेदन पर, सप्ताह भर के प्रवचन-कार्यक्रम के तहत, जब परम पावन जी, संजोली पधारे थे तो, उस समय, उन्हें विश्वविद्यालय में आमन्त्रित करने के सम्बन्ध में, तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक, श्री ए.आर चौहान ने भी, व्यक्तिगत तौर पर, मुझ से कहा था कि, यदि मैं परमपावन जी को, व्याख्यान के लिए, विश्वविद्यालय आमन्त्रित कर पाऊँ तो, विश्वविद्यालय, इसकी व्यवस्था कर सकता है। उस समय मैंने उन्हें कहा, ''मेरी क्या बिसात कि, मैं इतने बड़े व्यक्ति, जो भोट-बौद्ध जगत में करुणा के साकार रूप, आर्यावलोकितेश्वर के साक्षात् अवतार माने जाते हैं, को मैं अकेला निवेदन कर पाऊँ।'' लेकिन इस बार, कुलपति की इच्छा थी। कुलपति की इच्छा का मतलब है, पूरे विश्वविद्यालय की इच्छा। मैंने परमपावन जी को सम्बोधित, एक पत्र तैयार किया और उसे लेकर, शिमला में तिब्बती प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से धर्मशाला स्थित, परम पावन जी के कार्यालय से सम्पर्क किया तो, वहाँ से 'नो' में जवाब आया। इस जवाब से, मुझे बहुत निराशा हुई।

नोबेल शान्ति पुरस्कार से सम्मानित, परम पावन दलाई लामा जी, जो दुनिया के अनेक संसदों, विश्वविद्यालयों तथा विभिन्न जन समुदाय क कार्यक्रमों में, व्याख्यान के लिए आमन्त्रित होते हैं, वे अपने गृह राज्य की राजधानी में स्थित विश्वविद्यालय में आमन्त्रित ना हों, यह बात मुझे आगे-पीछे भी हमेशा खलती थी। इससे पहले, विश्वविद्यालय के किसी भी कुलपति ने, परमपावन जी को, विश्वविद्यालय में आमन्त्रित करने की इच्छा नहीं जताइ थी। अब जब, विश्वविद्यालय चाह रहा है, तो उधर से 'नो' में जवाब आ रहा है। मैंने इस सम्बन्ध में कुलपति महोदय को सूचित कर दिया।

28 नवम्बर, 2013 को शिमला के रिज पर, तिब्बत की निर्वासित सरकार की ओर से, एक दिवसीय हिमालयन फेस्टिवल का आयोजन होना था, इसमें, तत्कालीन तिब्बती प्रधानमंत्री (सिक्योङ्) डॉ. लोब्ज़ङ् सङ्ग्ये ने भी, पधारना था। तिब्बती प्रशासन की इच्छा थी कि, इस रोज दोपहर बाद, Democracy in Exile : the case of Tibet, विषय पर, डॉ. लोब्ज़ङ् सङ्ग्ये का विश्वविद्यालय में, एक व्याख्यान रखवाया जाये ताकि विश्वविद्यालय में, उक्त विषय पर चर्चा हो। इस विषय को लेकर, जब शिमला स्थित, तिब्बती प्रशासन के प्रतिनिधि ने, कुलपति महोदय से निवेदन किया तो, कुलपति महोदय ने, हाँ करने में तनिक भी देरी नहीं की। व्याख्यान को सफल बनाने के लिए, व्यवस्था से सम्बद्ध कार्य का दायित्व, राजनीति शास्त्र की डॉ. विजय शर्मा, रशियन लैंग्वेज की डॉ. श्यामा जोशी तथा मुझे सौंपा गया और मंच संचालन की जिम्मेदारी डॉ. विजय शर्मा को दी गई। व्याख्यान के अवसर पर, अपने सम्बोधन में, कुलपति महोदय ने परमपावन जी को विश्वविद्यालय आमन्त्रित करने में, उनकी सहायता करने के लिए, डॉ. लोब्ज़ङ् सङ्ग्ये से निवेदन किया। उन्होंने इस सम्बन्ध में यथा संभव, प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस प्रकार, डॉ. लोब्ज़ङ् सङ्ग्ये की मदद से, कुलपति महोदय, 19 मार्च, 2014 को आयोजित विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में, परम पावन जी को, मुख्य अतिथि के रूप में, आमन्त्रित कर पाने में सफल हुए।

दीक्षांत समारोह के अवसर पर, परम पावन जी के स्वागत के लिए, डॉ. जोगीन्द्र धीमान की अध्यक्षता में, एक समिति गठित की गई, लेकिन आध्यात्मिक बौद्ध गुरु का स्वागत करने के तौर-तरीके से, अपरिचिय के कारण, प्रो. सरेश कुमार, अधिष्ठाता अध्ययन के कहने पर, यह काम, मुझे सौंपा गया। मैंने इस काम के लिए, अपनी छात्र-छात्राओं की एक बैठक बुलायी और उसमें, परम पावन जी का, पारम्परिक रीति से स्वागत करने का निर्णय लिया और उसी के मुताबिक हम सभी ने तैयारी शुरू कर दी। इस निमित्त, किन्नौर, धर्मशाला, केन्द्रीय तिब्बती स्कूल छोटा शिमला से क्रमशः किन्नौरी, स्पीतियन तथा तिब्बती पारम्परिक पोशाकें मंगवायी गयीं; लाहौली पोशाक विश्वविद्यालय में ही, लाहौली छात्र संगठन से उपलब्ध हो गयी। साथ ही, च्मखा (*Oroxylum indicum*) की फूलमाला (ऊ-मालङ्) तथा चिलगोज़े की पारम्परिक किन्नौरी मालाएँ (दर-मा) तैयार की गईं, खतक मंगवाए गए, कोरङ् यानि स्वागत पूजा के लिए, मक्खन की तीन बत्तियाँ (करछोल) युक्त दूध का लोटा तथा सत्तू युक्त पात्र तैयार किये गये। इस प्रकार, अपनी छात्राओं की सहायता से, किन्नौरी, लाहौली, स्पीति तथा तिब्बती परम्परा से, परम पावन जी का स्वागत किया गया। दीक्षांत समारोह में, परम पावन जी तथा हिमाचल प्रदेश, विश्वविद्यालय के सुप्रतिष्ठित इतिहासवेत्ता एवं लेखक प्रो. एस. आर. महरोत्रा (23 जून-1931-17 जुलाई, 2019) को विश्वविद्यालय की ओर से, डी.लिट.की मानद उपाधि (Honorary D,Litt, Degree) से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, उपस्थित छात्रों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए, परम पावन जी ने कहा, ''यह आर्य देश-भारत, वह देश है, जिसने विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों को, ना केवल, एक साथ रहने के लिए, अपने यहाँ शरण दी, अपितु, उन्हें पल्लवित और पुष्पित होने के लिए, समान अवसर भी उपलब्ध कराये। इस देश ने सारी दुनियाँ के

लिए, करुणा और मैत्री का संदेश दिया है। दुनियाँ भारतीय ज्ञान विज्ञान और उसके वैभव की कायल रही है।'' परम पावन जी ने आगे कहा, ''मैं आधुनिक भारत की बात नहीं कर रहा, जो पश्चिमी देशों की तर्ज़ पर बदलता-सा प्रतीत हो रहा है। मगर इसी देश ने, पहले, सदियों से अज्ञान के अतल गह्वर में पड़े, तिब्बत जैसे देश को भी, अपने ज्ञान के प्रकाश से, पहली बार, आलोकित किया था। यह देश हमारा गुरु है और हम इसके शिष्य हैं। आप छात्र लोग, बरसों के कठिन परिश्रम के बाद, अपनी मंज़िल तक पहुँच पाने में सफल हुए हैं। अब आप लोग गुरु बनने जा रहे हैं। इस लिए, अब इस देश की, पुरातन ज्ञान निधि को, व्यवस्थित तरीके से, नई पीढ़ी तक पहुँचाने की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी, आप लोगों की है।'' डी. लिट. की उपाधि पर, बोलते हुए, मज़ाक़िया लहजे में, उन्होंने कहा, ''आप लोगों को, कठिन परिश्रम के बाद, यह उपाधि मिली है, लेकिन मुझे बिना परिश्रम के ही, मिल गई। मुझे मानद उपाधि, प्रदान करने के लिए, मैं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति तथा महामहिम राज्यपाल के प्रति, आभार प्रकट करता हूँ।[15]''

परम पावन जी का दीक्षांत समारोह में पधारकर, छात्र-छात्राओं सहित, उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार को आर्शीवाद देना, विश्वविद्यालय के इतिहास में, एक अविस्मरणीय घटना थी, जिसका श्रेय निश्चित रूप से तत्कालीन कुलपति प्रो.ए.डी.एन.बाजपेयी तथा उनकी टीम को जाता है। इस ऐतिहासिक घटना ने, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को, देश के भीतर ही नहीं, अपितु देश से बाहर, बी.बी.सी. तक की ख़बर बनने का अवसर दिया। प्रो. गिरिजा शर्मा ने इस अवसर पर दीक्षांत समारोह से सम्बद्ध शोभा यात्रा का, जिस अंदाज में आँखों देखा हाल प्रस्तुत किया, वह भी कम दिलचस्प नहीं था, जिसकी चर्चा, विश्वविद्यालय में, बाद के दिनों में भी, यदा-कदा होती रही।

दीक्षांत समारोह के अगले दिन परम्परया अवकाश रहता है, उसके अगले दिन दोपहर बाद, उन सभी लोगों, जो दीक्षांत समारोह से सम्बद्ध विविध कार्यों में जुड़े रहे, के प्रति आभार ज्ञापित करने के मक़सद से, कुलपति महोदय ने, एक बैठक बुलायी, जिसमें दीक्षांत समारोह की सफलता को लेकर चर्चा की गई और सबको धन्यवाद दिया। इस अवसर पर, कुलपति महोदय ने, जो बात कही, वह ग़ार करने लायक थी। उन्होंने कहा, ''आज तक, मेरे कार्यकाल में, जितने भी दीक्षांत समारोह, इस विश्वविद्यालय में हुए, उन सबसे, यह हटकर था, मुझे व्यवस्था से सम्बन्धित विभिन्न कार्यों के लिए, किसी को कुछ बोलने की ज़रूरत ही नहीं पड़ी, हर काम स्वतः स्फूर्त हो रहा था, मानो कोई अदृष्य शक्ति, उन सबके पीछे काम कर रही हो।'' कुलपति महोदय की, इसी बात को आगे बढ़ाते हुए, योग विभाग की डॉ. रीता भल्ला ने कहा, ''परम पावन के विश्वविद्यालय में आगमन से, अनेक नकारात्मक शक्तियाँ भी शान्त हुई होंगी।'' इस बात में, कत्तई अतिश्योक्ति नहीं समझनी चाहिए कि, जिस किसी भी क्षेत्र में, पवित्र आत्माएँ, चाहे वे किसी भी, धर्म सम्प्रदाय से जुड़ी हों, प्रवेश करतीं हैं तो, वे उस क्षेत्र के मानवमात्र का ही नहीं, अपितु अशेष सत्त्वों (प्राणियों) का भी उद्धार करती हैं और उनके चरण पड़ने से, उस क्षेत्र की भूमि भी अधिष्ठित होती है।

उपाय कुशलता

प्रो.ए.डी.एन.बाजपेयी के कुलपतित्व में, मेरे साथ घटी एक घटना, जिसने मुझे, उस समय भीतर तक झकझोर दिया था, का उल्लेख करना इसलिए ज़रूरी समझता हूँ, क्योंकि यह, एक अध्यापक को आत्मनिरीक्षण करने के लिए प्रेरित करती है। विश्वविद्यालय में कुलपति ने,

[15] दीक्षांत भाषण के कुछ अंश का भावानुवाद।

आदेश जारी कर रखा था कि, सभी अध्यापक, किसी अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर, अन्य समय में, सुबह दस से शाम पाँच बजे तक, विभाग में ही रहें; इसलिए हम सभी, अपने-अपने विभाग में, अनिवार्य रूप से रहते थे। चौड़ा मैंदान स्थित, विद्युत विभाग के दफ़्तर में, अर्की के एक सीनियर कैशियर, श्री प्रकाश चन्द होते थे, दूसरे तो, सुबह दस बजे से पहले, दफ़्तर नहीं पहुँचते थे, लेकिन वे नौ बज आकर, उपभोक्ताओं के बिजली-बिल जमा करना शुरू कर देते थे। मेरे लिए, यह समय सुविधाजनक था। आगे पीछे भी, मैं सुबह बिजली-बिल जमा कर, समय पर विश्वविद्यालय पहुँच जाता था। एक बार, जब मैं, वहाँ पहुँचा तो, खिड़की बन्द पड़ी थी। पूछताछ करने पर, पता चला कि, श्री प्रकाश चन्द, तीन-चार दिन की छुट्टी पर हैं और उनका काम किसी महिला कर्मचारी को सौंपा है, वह 10 बजे से पहले, बिल नहीं लेती है। 10 बजे के बाद भी, जब वह नहीं पहुँची, तो पता चला कि, वह बहुत दूर से आती है और जाम में फँस जाने क कारण, उस रोज वह, समय पर नहीं पहुँच पा रही है। बिजली बिल जमा किये बग़ैर, मैंने वापस जाना उचित नहीं समझा। वह महिला साढ़े 10 के बाद ही, पहुँच पायी और मेरी बारी आते-आते 11 बजने जा रहा था, बिल जमा होते ही, मैं विश्वविद्यालय की ओर दौड़ पड़ा। मुश्किल से, एक फरलांग का फासला तय किया होगा कि, एक सफ़ेद रंग की कार, पीछे से आयी और मुझ से कुछ कदम आगे जाकर रुक गयी, मैं उसके चलने का इंतज़ार करने लगा ताकि आगे सुविधापूर्वक दौड़ पाऊँ। यह क्या, आगे चलने के बजाय, उससे एक व्यक्ति बाहर निकलकर, कहता है, साहब मुझे बुला रहे हैं। उसके कहने पर, मैं तुरन्त कार के निकट गया, जब भीतर देखा तो, भीतर कुलपति महोदय बैठे हुए थे, मैंने उन्हें नमस्कार किया। वे मुझे अपनी बग़ल वाली सीट पर बैठने के लिए कहने लगे। उनके कहने पर, मैं बैठ तो गया, लेकिन मन से परेशान था, सोचने लगा, कार में बैठाकर, कुलपति महोदय पूछेंगे, क्या मेरे विश्वविद्यालय पहुँचने का यही वक्त है। कुलपति का इतना कहना भी, कम नहीं होता है, लेकिन वे सहज रूप में कहने लगे, ''मैंने सोचा, विश्वविद्यालय पहुँचने तक आपके साथ, कोई सकारात्मक बातचीत ही, की जाये।'' उन्होंने विचारों की महत्ता को लेकर, बातचीत शुरू की, मुझे भी कुछ बोलना था तो, मैंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, ''दुनिया में विचार ना हो तो, कोई काम ही ना हो क्योंकि विचार, भविष्य में घटने वाली घटना के लिए वातावरण तैयार करता है, विचार के बिना किसी भी कार्य की, सिद्धि संभव नहीं है।'' इस पर, वे गम्भीर होकर, कहने लगे, ''आप सही कह रहे हैं।'' मैं बातें तो, ज़रूर उनसे कर रहा था, लेकिन भीतर ही भीतर अपराध बोध से, दबा भी जा रहा था क्योंकि मैंने उनके आदेश का उल्लंघन किया था। वे मुझे अपने कार्यालय के बाहर तक ले गये। कार से बाहर निकलकर, आभार ज्ञापन स्वरूप, मैंने उन्हें नमस्कार किया और वहाँ से, अपने विभाग पहुँचा, लेकिन मैं, भीतर से असहज महसूस कर रहा था। सोचने लगा, कुलपति महोदय ने, भले ही मुझे ना डांटा हो और ना ही विलम्ब होने का कारण ही पूछा हो, लेकिन कार में, अपने साथ बैठाकर, मुझे यह तो, ज़रूर जतला दिया कि, मैं समय का पाबंद नहीं हूँ। मेरी समझ से, यह उनकी उपाय कशलता थी कि, किसी को कुछ बोलो भी नहीं, लेकिन अपने व्यवहार से, उसे उसकी गलती का ऐहसास भी करा दो। यह बात ज़रूर है कि उपायकुशता को व्यवहार देने के लिए, दूसरा पक्ष यानि सुनने वाला भी, उतना ही संवेदनशील होना चाहिए, जितना सुनाने वाला।

नई तकनीक

विश्वविद्यालय में, जब कंप्यूटर पर काम होने लगे तो, प्राय: सभी बड़े विभागों में, कंप्यूटर आ गये, लेकिन विदेशी भाषा तथा मेरे विभाग को बहुत बाद में मिले, वह भी मेरे तथा डॉ. श्यामा जोशी के संयुक्त प्रयास से। विभाग में कंप्यूटर तो, आ गया, लेकिन उसका खोंप ऐसा रहा

कि, एक साल से भी अधिक समय तक, मैं उसे छूने से भी कतराता रहा और यही हाल, मेरे तत्कालीन कार्यालय प्रभारी का भी था। जब कभी, ईमेल करना होता था तो, मैं अपने किसी विद्यार्थी को बुलाकर, उससे करवाता था। मेरी एक छात्रा सुश्री रेणुका ने, जब यह देखा तो, एक रोज शाम के समय, विभाग में, अचानक आकर, कहने लगी, वह मुझे कंप्यूटर सिखाने आयी है, जब मैंने, इस जन्म में, कंप्यूटर सीख पाना मेरी बस की नहीं है कहा तो, उसने जबरन्, मुझे कंप्यूटर के निकट बैठाकर, पॉवर ऑन-ऑफ करने से शुरू करके, बीस मिनट क अन्दर, मुझे ईमेल करना सिखा दिया। इसके बाद, दो-तीन रोज, वह मुझे आकर सिखाती रही। बाद-बाद में तो, कंप्यूटर खुद ही सिखाने लग गया। मैं कंप्यूटर की भाषा को पढ़ता और उसके अनुसार कमांड देता और की-बोर्ड के अक्षरों को दबाते जाता था, इस प्रकार, मैने धीरे-धीरे कंप्यूटर चलाना सीख लिया। इससे पहले Academic Staff College में Computer Awareness की इक्कीस दिवसीय क्लास भी लगायी, लेकिन कंप्यूटर ज्ञान के मामले में, कुल मिलाकर, मैं सिफ़र ही रहा। सच कहूँ तो, मेरे कंप्यूटर ज्ञान के गुरू, मेरी उपर्युक्त छात्रा थी।

विश्व विद्यालय में, प्रो.पी.के.अहलूवालिया जी की गम्भीर मुद्रा तथा बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्नता के चलते, मैं उनसे बातें करने में, अक्सर सकुचाता था, आगे-पीछे, जब कभी भी, मैं उन्हें देखता था तो, वे हमेशा गम्भीर ही दिखते थे। जब वे डीन प्लानिंग तथा टिचरस मेटर के पद पर थे तो, एक रोज, बालूगंज में उनसे भेंट हो गई, वे अपनी गाड़ी से, आगे जा रहे थे, जबकि मैं बस स्टेण्ड जाने के लिए, बस की इंतज़ारी में, वहाँ खड़ा था, अचानक मेरे सामने कार रोककर, वे पूछने लगे, मैं कहाँ जा रहा हूँ, जब मैंने बस स्टेण्ड कहा तो, उन्होंने मुझे अपनी बग़ल वाली सीट पर बैठने के लिए कहा, मैं सकुचाते-सकुचाते बैठा तो ज़रूर, लेकिन संकोचवश, उनके साथ बैठना, मुझे बहुत भारी लग रहा था, सोचने लगा, मैंने क्यों बस स्टेण्ड कहा, काश ऐसा नहीं कहा होता तो, यह नौबत ही नहीं आती। उनकी मुद्रा अब भी गम्भीर ही थी, बालूगंज की भीड़-भाड़ वाली सड़क पार करने पर, उसी मुद्रा में ही, उन्होंने मुझसे पूछा, क्या मेरे पास लेपटॉप है, जब मैंने ना में उत्तर दिया तो, कहने लगे, हम आपको विश्वविद्यालय की ओर से लेपटॉप देंगे।

अगले ही दिन, विभाग में क्या-क्या नहीं है, इसका डिटेल मंगवाकर, ना केवल, उन्होंने विभाग को लेपटॉप दिया, साथ ही प्रिंटर सहित कंप्यूटर, कंप्यूटर टेवल, चेयर, सक्रीन सहित पॉवर पोइंट प्रोजेक्टर भी दे दिया। अचानक ये सब मिलने पर, मैंने सोचा, संकोचवश उनको गाड़ी में बैठना, उस समय मुझे, भले ही, भारी लग रहा था, लेकिन विभाग को तो, कल्पनातीत लाभ हुआ। अगर मुझे, उनकी गाड़ी में बैठने का अवसर, प्राप्त नहीं हुआ होता तो, विभाग को इतनी चीज़ें शायद ही, उपलब्ध होतीं। उनके दिये लेपटॉप पर, सेवानिवृत्त होने तक, मैं काम करता रहा, मेरी दो-दो पुस्तकं उसी पर टाइप हुई थीं, उससे मुझे इतना अटेचमेन्ट हो गया था कि, सेवा निवृत्ति पर, उसे विभाग के हवाले करते हुए, मैं बहुत भावुक हो उठा था, जबकि मेरे पास, अपना भी लेपटॉप था। विश्वविद्यालय में बिताये दिनों की ढेर सारी मधर यादें हैं, लेकिन लेख की, एक सीमा है, इसलिए विवश होकर, लेखनी को जबरन् यहीं रोकना पड़ रहा है। अन्त में, इतना ज़रूर कह देना चाहता हूँ कि, जितना विश्वविद्यालय में रहकर, मैंने सीखा, लिखा, उसका श्रेय, जितना मेरे सभी गुरुजनों को जाता है, उतना ही, मेरे गुरु भाइयों, विश्वविद्यालय के मेरे सहकर्मी मित्रों तथा मेरे प्रिय छात्र-छात्राओं को भी जाता है। मैंने सबसे कुछ ना कुछ सीखा और पाया है।

दुःख सत्य

आज, जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूँ तो, प्रकृति के नश्वर विधान के आगे, मेरे अनेक सहकर्मी मित्र, इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं। मुझे नियुक्त करने वाले ना तो, तत्कालीन कुलपति प्रो. के.सी.मल्होत्रा ही रहे और ना, मेरे प्रथम विभागाध्यक्ष ही; इतना ही नहीं, मेरे कुछ प्रिय छात्र तथा गुरुभाई भी, असमय इस दुनिया को छोड़कर, चले गये। उन सबकी यादें, रह-रहकर मेरी आँखों को, नम होने के लिए, विवश कर रहीं हैं। उनकी यादों में, भगवान् बुद्ध द्वारा उपदेशित, दु:ख आर्यसत्य की निम्न पंक्तियाँ, दोहराने के सिवा और क्या किया जा सकता है-

जाति पि दुक्खा, जरा पि दुक्खा, व्याधि पि दुक्खो,

मरणम्पि दुक्खं, अप्पियेहि सम्पयोगो दुक्खो, पियेहि विप्पयोगो दुक्खो,

यम्पिच्छं न लभति तं पि दुक्खं-सङ्खतेन पञ्चुपादानक्खन्धा दुक्खा।(संयुत्त निकाय)।

अर्थात्-

जन्म भी दु:ख है, जरा भी दु:ख है, व्याधि भी दु:ख है, मरण भी दु:ख है, अप्रियों का संयोग भी दु:ख है, प्रियों का वियोग भी दु:ख है, इच्छा करने पर किसी (चीज) का नहों मिलना भी दु:ख है। संक्षेप में पाँच उपादान स्कन्ध ही दु:ख है।

अनिच्चा वत सङ्खारा, उप्पादवय धम्मिनो।

उप्पज्जित्वा निरुज्झन्ति, तेसं वूपसमो सुखो ति।।(जातक अट्ठकथा-प्रथम भाग)

अर्थात्-

सभी संस्कार अनित्य हैं, उत्पाद और वय धर्मों से युक्त हैं।

उत्पन्न होकर निरुद्ध हो जाते हैं। उनका उपशमन होना ही सुख है।

(सर्व मंगलम्)

परिशिष्टः लेख से सम्बन्धित चित्र



बौद्ध विद्या केन्द्र



बौद्ध विद्या केन्द्र का कार्यालय



शिष्या को पत्रिका सम्पादन-कला के गुर सिखाते हुए केन्द्र प्रमुख वी एस.नेगी



विभागीय ग्रन्थालय



अध्यापक दिवस पर, बौद्ध विद्या केन्द्र के विद्यार्थियों के साथ केन्द्र प्रमुख वीएस. नेगी



पंथाघाटी में व्याख्यान देते हुए विश्वविख्यात पर्यावरणविद् श्री सुंदर लाल बहुगुणा



दीक्षांत समारोह के उपरान्त स्वर्ण पदक प्राप्त बौद्ध विद्या केन्द्र की छात्राएँ



पारम्परिक वेश-भूषा में सज्जित केन्द्र की छात्राओं के साथ केन्द्र प्रमुख वीएस. नेगी



पूज्य दलाई लामा जी के साथ कुलपति प्रो. ए.डी.एन. बाजपेयी तथा अन्य लोग



परम पावन दलाई लामा जी के साथ कुलपति प्रो. ए.डी.एन. बाजपेयी



परम पावन दलाई लामा जी के विश्वविद्यालय आगमन पर स्वागतार्थ खड़ी छात्राएँ-1



परम पावन दलाई लामा जी के विश्वविद्यालय आगमन पर स्वागतार्थ खड़ी छात्राएँ-2



बौद्ध विद्या केन्द्र कीछात्राओं का स्वागत स्वीकार करते हुए परम पावन दलाई लामा जी



परम पावन दलाई लामा जी से आशीर्वाद ग्रहण करते कुलपति प्रो.ए.डी.एन. बाजपेयी

मानव मूल्यों का सान्निध्य


डॉ० ज्योति प्रकाश
प्रति कुलपति ,हि० प्र० विश्वविद्यालय ,समरहिल



सुन्दरनगर के एक छोटे से गाँव सकराह की ग्रामीण पृष्टभूमि के बचपन से निकल कर महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्याल, सुन्दरनगर से विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूर्ण कर वर्ष 1987 में समरहिल में स्थित अपने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में गणित विभाग में स्नातकोतर में प्रवेश मिला। पाठशाला व महाविद्यालय स्तर पर खेल में रूचि व दक्षता होने पर भी विज्ञान का विद्यार्थी होने के कारण खेल में आगे नहीं बढ़ पाया यह बात आज भी मन के किसी कोने में घर बनाई हुई है। संगठनात्मक गतिविधियों में जुड़ाव के साथ-साथ पढाई में भी थोड़ी -बहुत उपलब्धियां प्राप्त हुई जिनमें एम फिल का स्वर्ण पदक व आचार्य स्व० मिहिर बरन बैनर्जी S.S. Bhatnagar Awardee के मार्गदर्शन में पीएच डी होना प्रमुख थी। बैनर्जी सर की क्रिकेट में रूचि के कारण ही उनकी मुझ पर दृष्टि पड़ी जिसके कारण ही उन्होंने मुझे एम फिल में मार्गदर्शन दिया। ये मेरे पुण्य ही थे जिनके प्रताप से बैनर्जी सर जैसे संत पुरुष के सान्निध्य में रहने का अवसर प्राप्त हुआ। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय समरहिल का ऋणी हूँ कि मुझे ऐसे मित्रों का सदाचरण भरा सान्निध्य प्राप्त हुआ जिससे मैं हमेशा बुरी संगत से बचा रहा |

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला का इस मायने में भी बहुत बड़ा ऋण मेरे ऊपर है कि उसी अन्तराल में मेरे किन्ही पूर्व जन्मों के पुण्य के फलस्वरूप एक प्रिय मित्र द्वारा मुझे विपश्यना साधना की जानकारी मिली और जयपुर के ध्यान केंद्र में मई,1996 में विपश्यना रूपी धर्मगंगा के दस दिवसीय शिविर में डुबकी लगाने का सुअवसर प्राप्त हुआ और सही मायने में मानव जीवन का अर्थ समझ आया। देख रहा हूँ कि कैसे मेरे विद्यार्थी, मित्र, सम्बन्धी भी अपने-अपने पुण्य प्रताप से इस विद्या की ओर खींचे चले आ रहे है, जिसमें सहयोगी होने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हो रहा है,प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ने के उपरांत सन 2010 से हिमाचल प्रदेश

विश्वविद्यालय शिमला में पढ़ाने का सुअवसर प्राप्त हुआ | प्रशासन में भी कार्य करने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं , स्वयं को सौभाग्यशाली समझता हूँ | मेरा विश्वविद्यालय दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति करता हुआ बहुत ऊंचाईयों को छुए और यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी मानव-मूल्यों से भरपूर हों तथा वे अपने परिवार, समाज व राष्ट्र के कल्याण को सामने रखते हुए निस्वार्थ भाव से कार्यरत रहें तो ही हमारे प्रयास सफल होंगे, तो ही समरहिल की पुण्य भूमि का ऋण चुकता होगा ऐसा मेरा मानना है|



HPU into Fifty Second Year

-Dr Lalit Mohan Sharma
Former Principal, Govt College Dharmshala



From class tenth to second year of my graduation in English Honours, the final mark sheets bore the stamp and signature of Panjab University. With establishment of HPU in July 1970, I was one of those of its alumni who joined it in the very first year. After my Master's in English and MPhil as a teacher- fellow at PU Chandigarh and a seven- year teaching in Panjab College, I registered for PhD at HPU in July 1982 after joining HP education service barely two months back.


At that time, there was a limit on PhD scholars to be attached with any teacher in the department. Having noticed the friendship- alchemy between me and Prof Kamal N Awasthi, Dr Som Ranchan suggested my getting registered with Dr Awasthi, who, along Mr Ranjit Sra, was one of early PhD scholars with Ranchan sahb. Recalling one incident, Dr Awasthi told me how Dr Ranchan, instead of going to his Sanjauli home, stayed one night with Awasthi at his lower Mall residence. Mid- night, Dr Awasthi saw that Ranchan sat in a posture of meditation. Well, well, Awasthi thought, morning shall be easier. Then, around four in the morning, Awasthi heard a call, ' Kamal, Kamal', and he found, it was the Guru only. Let's read that chapter now, Awasthi heard his Guru telling him. Frenzied, hard-task master! Awasthi wrote his dissertation on ' Five Faces of the Hero'. Mine, suggested by Dr Ranchan, " Quest for Self in the American Novel: Mark Twain to Bernard Malamud". Again, a Jungian analysis. Never an easy task; Ranchan visited Dharmshala a couple of times, to hear and see what we were doing. It was simply great: these two years changed me in more ways than I can tell. Submitted in August 1984, just a month more than two years that I registered. Sheer madness indeed; but there was always a method in it. Both Dr Ranchan and Dr Awasthi are no more available on any mob- contact, just enrich my mind and imagination.




To go on with this, let me share with you a vignette from a UGC Seminar held on Fiction of 60s. Scholars from all over the country


joined and at the valedictory, Dr Pandey from. BHU, had a word of special praise for Dr Ranchan, who as Director of the Seminar, summed up the whole paper in so brief a time and also made very insightful interventions. Pastiche was a new literary phenomenon then, and Dr Jai Dev had done a paper on it. Not very convinced, Dr Pandey confessed that he shall have to think more on that subject when he gets back to Benaras. Such original minds HPU have had. The very ambience of research had been energised in department of English with a renaissance touch due to Professors like DR Som P Ranchan and Dr Jaidev.

HPU, a 200 acre campus, early on started its reach for Distance Education, ICDEOL, while IGNOU was established in 1985 only. The HPU as such opened the doors for education, especially post-graduation, fulfilling as such need for higher education in northern India. Several of my cousins from Panjab, took its advantage even as they were engaged in jobs. As a lecturer in College, over the years, I watched HPU expand in education facilities and affiliation to hundreds of colleges. Selection as Prinicpal by HPPSC allowed me a dozen years at colleges like ones in Dharmshala and Hamirpur. As HPU soldier I could actively play various roles in organising youth festivals and sports tournaments as hundred of students visit the host college.









Gala events with a touch of carnival are indeed a challenge as also an opportunity to manage a disciplined display. Especially as Principal of host college and also as President of HP Council for Sports and Cultural activities, I have had the good fortune to gather support for giving away more awards and recognition to greater number of participating students, like individual dancers of wining top three positions to get individual momentos. At one youth festival at Govt College Hamirpur, we let NCC cadets escort guests and also act as security personnel since a uniform has a salutary impact. It's been a policy of UGC and our HPU also for our

colleges to opt for opening their doors for visit by NAAC teams. Even as I attended workshops at HPU on NAAC, I could lead two colleges, Hamirpur and Joginder Nagar, in getting National Accreditation. Having trained at Gurukul Kangri, Haridwar as NAAC official, as NAAC Peer ream member, this HPU alumnus visited a private college at Mukundpur in Panjab and Government College, Badherwaha in J& K in Nov 2006.














College Principals are lauded for introducing new courses to their institutions. I had no choice but to opt for a rather unpopular decision at GC Hamirpur, where a graduation course came to be introduced without appropriate affiliation of AICTE; two batches were on the line, and had to be shifted to HPU Campus. It was really tough, problematic; several departments were involved, local press, education directorate. But all said and done. Career of those students were saved by the author, with the help and guidance of another HPU alumnus, Dr PK Ahluwalia. Since that day, we have been friends since that year of 2004.


Whatever we got from life in professional terms, credit completely goes to having been one of the Alumni of Himachal Pradesh University. My father, Prof Parmananda Sharma, Masters from Govt College Lahore, served at GC Dharmshala in 50s and again since December 1968, till his superannuation in 1982, and he also served HPU in various roles including as Member of HPU Executive Council. As Principal, I have had the luck to be nominated/elected member of HPU Court, HP Academic Council and a Member of the committee to advise Academic Staff College. Big or small, like Walt Whitman says, we all make contributions. There are several men and women in HPU family I should like to recall, but one name I must mention here: Dr Anil Wilson, VC, and during his time, I happened to be Principal, Government College Dharmshala, also officially commanding as Director, HPU Regional Centre at Dharmshala till June 2008 when Dr Agnihotri took over. Candid, forthright, erudite and a reservoir of new ideas, Dr Wilson involved me in exchange of ideas and innovations which, not much later, became a part of higher education in Himachal Pradesh. Salutations to Summer- Hill
























A Strange Bond of Thirty Three Years

-Dr. Anjali Dewan
Associate Professor (Retd.), Department of Home Science, St. Bede's College, Shimla



I have not been a student of Himachal Pradesh University but was working for more than 33 years in St. Bede's College, Shimla as an Associate Professor & Head, Department of Home Science. Every day working there was like a bond with the University. I was extremely fortunate that I was able to do one Orientation and two UGC sponsored Refresher Courses from the Academic Staff College in the University. I also attended a month long personal contact programme in the Department of Education for the completion of M.Ed. which I was doing from Indira Gandhi National Open University (IGNOU). It was an enriching experience for me to be a student again. The hot paranthas, rajmah - chawal, hot cups of tea and coffee, I enjoyed with my classmates who were all younger than me. I attended a number of conferences and workshops as a delegate and sometimes as a Resource person. Whenever I came to the University for any Administrative Work, I was always provided with timely help and attention. I have spent many hours going through the books in the library. My self written books of Hindi poetry entitled ' Lamha lamha' and ' Manzilein aur bhi hain' can be found on the book shelves of HPU library, a satisfying experience.

I feel honoured that when H.P University adopted RUSA, I framed the syllabus of Home Science. I have been on the Board of Studies in the subject of Home Science from the year 1986 - 2019. I have been a paper setter for more than 30 years. I also received the Women Achiever's Award in the year 2017. I remember during one of the Refresher courses organized by Academic Staff College, most of the teachers were from the Department of Music. I was told that I was not a good singer and needed to improve my singing. I practiced regularly and on the last day sang a ghazal with a renowned musician of our group. The Vice Chancellor that time Prof S.K. Gupta (I am not sure about the name) really appreciated my effort. I also composed a poem including names of all the participants.

On the collaboration of research projects, many of us will always treasure the moments of delightful discussions and the hearty laugh that shattered the weekend silence in the Psychology Department. Prof. Malhotra had been a great supervisor and a mentor to his students. His strict demeanour and dedication towards research have shaped and moulded the students towards high expectations and achievements. There is no word to express our sincere appreciation to him for his valuable and tireless guidance. The best memories of our lives were those spent with him. Sir inspired us to engage and connect with other colleagues in from different universities through his tireless effort connecting us through conferences, seminars and

collaborating to write well in areas of our research interest. His energy and enthusiasm was exemplary and we will always miss his smile and patience with us to complete our various undertakings. Sir's benevolent dedication to family, friends and colleagues was something out of this world. Everyone will remember his enthusiasm, wit and his ability to laugh at adversity. He had the magical powers of transforming all negative into complete positive and making the weeping eyes welled up with ecstasy. The person of such a magnificent stature is born but once in a millennium. We are greatly indebted to you sir for all that you did for us.

Nevertheless you are not with us today. But we all believe that you left your mortal coil only to get eternally coiled in our hearts to help us steering forth in our lives. Thank you so much, Sir!

A Humble Tribute to a great teacher

Shonali,
Professor (Retd.), Department of Psychology, St. Bede's College Shimla



I had this good fortune of being mentored by Prof. Dr. Malhotra way back in 1981 when I did my Masters in Psychology. One incident which remains imprinted on my mind is that sir would walk in majestically to class without a single notebook or paper in hand. This is exactly what he did one morning facing a nervous group of beginners in Psychology when he had to deliver one of his lectures on Schizophrenia.

After the class had greeted him, he turned towards the board and in his wonderful calligraphic script filled the black board with all that one had to learn about Schizophrenia

To the utter amazement of the entire class, he verbatim remembered all and never once did he consult any paper or note.....


This left a very deep impact on my young mind and later when I myself became a teacher of Psychology I found it a hard task indeed to emulate sir by writing so beautifully on the board or even recall the entire lecture that I had prepared....

An admirable quality that speaks of my Professor!

Salutes to you Sir...

स्वर्गीय डाक्टर दलीप कुमार मल्होत्रा जी की यादें

डॉ राकेश परिहार, Clinical Psychologist, Regional Hospital, Keylong Lahaul Spiti



परम् पूज्य और आदरणीय स्वर्गीय डॉ दलीप कुमार मल्होत्रा जी को याद करते हुए कुछ शब्दों के रूप में श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। मैंने वर्ष 2002 में हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय में एम. ए. मनोविज्ञान विभाग में प्रवेश लिया। वहीं मेरी गुरुदेव डॉ मल्होत्रा जी से मुलाकात हुई। प्रथम दृष्टि में ही उनका व्यक्तित्व आकर्षित और प्रभावित करने वाला था। हर कोई उनके व्यक्तित्व से प्रभावित हो जाता था। उनकी बहुत सी यादें हैं परंतु मैं आपको एक घटना जिसने मेरे जीवन पर प्रभाव डाला बताना चाहता हूं जिससे उनके पास कितना विशाल हृदय था, का पता चलता है। घटना तब की है जब मैं एम. ए. तृतीय वर्ष का छात्र था, मेरे घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, तो मेरे पिताजी ने मुझे अपने मित्र के सम्बंधी की दुकान में काम करने को कहा। दुकान किताबों की थी, मैं भी काम करने को तैयार हो गया और काम करने लगा। जब यह बात गुरुदेव को पता चली तो वह स्वयं वहां पहुंच गए और इशारा करके मुझे दुकान से बाहर बुलाया। उन्होंने कहा कि तुम अपनी पढ़ाई मत छोड़ो, मैं तुमे छात्रवृति दूंगा और तुम पढ़ाई पूरी करो। मेरी आंखों से आंसू निकल आए, क्योंकि मैं वह काम नहीं करना चाहता था। उसके बाद मैं वहां नहीं गया और अपनी पढ़ाई पूरी की। मुझे दो वर्ष तक सर ने छात्रवृति दी। मुझे बाद में पता चला की सर अपनी माताजी की स्मृति में वह छात्रवृति अपने अंतिम समय तक जरूरत मंद को देते रहे। पता नहीं अगर सर उस दिन वहां नहीं आते तो मैं आज क्या कर रहा होता। यह घटना उनके पास कितना विशाल हृदय था यह बताती है। मैं आज जो कुछ भी हूं सर की शिक्षा और उनके आशीर्वाद से हूं। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं की उनकी आत्मा को परम् शांति प्राप्त हो।

चलता ही रहा हूँ मैं निरंतर!

-डा. प्रियंका वैद्य
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय



जीवन की धरातल पर अभी पाँव टिके ही नहीं थे। दुनिया देखने के लिए बाहर झाँकना संभव न था।

नन्हें-नन्हें हाथ खिड़की तक नहीं पहुँचते थे और छोटे-छोटे पाँव दुनिया की तेज़ रफ़्तार में भाग ही नहीं सकते थे।

जब माँ ने पहली बार अनिल की आँखों में देखा था तो एक अजीब सी चमक थी, करोड़ों उम्मीदें थी और उम्र के हर पड़ाव पर उसकी उँगलियाँ माँ की उँगलियों को थामेंगी ऐसी आकांक्षा थी।

जब अचानक ये एहसास हुआ कि बच्चे को जीवन की सड़क पर भागने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ रही है तो वह कांप गई। बच्चा मात्र डेढ़ वर्ष का और तेज़ रफ़्तार से भागती ज़िंदगी।



बेटे के भविष्य के बारे में सोचकर माँ चिंतित हो जाती, जब वह बेटे के हाथ में बैसाखियों की कल्पना करती तो आँखों से अश्रुधार बह जाती।

बच्चा माँ की उँगलियों को पकड़ता, फिर नन्हें हाथों से माँ को स्पंदित कर देता। मानो कहना चाहता हो, “ये हाथ तुम्हारा साथ कभी नहीं छोड़ेंगे, माँ!”

अनिल के इरादों में अद्‌भुत और अद्वितीय साहस था जो उनकी मुस्कान

में हमेशा झलकता था। माँ की कमज़ोरी ताक़त में बदलने लगी थी। माँ को एहसास हुआ कि बेटा ज़िंदगी की दौड़ में बहुत तेज़ भागेगा।

पिता के माथे पर कभी शिकन नहीं थी, उन्हें अनिल के इरादों और अपने संस्कारों पर अटूट विश्वास था। वे हमेशा अनिल को जीवन पथ पर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करते।

दोस्त ज़िंदगी में जीवंतता भर देते हैं, ये सोचकर अनिल की आँखें अकसर नम हो जाती हैं।

मात्र दस वर्ष की उम्र में बिना लाठी के दोस्त हाथ पकड़कर क़रोल टिब्बा की ऊँचाई तक ले गए, ये दोस्ती की अद्‌भुत मिसाल है।

पतझड़ के मौसम के बाद रास्ते बहुत ख़ूबसूरत लगते हैं, मानो क़ालीन बिछा दिया हो,

कालचक्र को परिभाषित करते सूखे पत्ते और उन पत्तों को कुचलते कुछ उन्मादित क़दम, जो सीधे रास्तों पर चलना नहीं चाहते।

ज़िंदगी की दौड़ में भागने के लिए शरीर की क्या भूमिका है और महत्वकांक्षा मनुष्य को गतिमान करती है या क़दम? जीवन में रंग भरने के लिए साधन और सामर्थ्य कहाँ तक चाहिए?

कभी ऊँची मंज़िल पर बने घर की छत से दूर तक नीचे देख अपनी ज़िंदगी के सामने बिछी ऊँची-नीची सड़कों के घुमाव को देख अचंभित हो जाता और वक़्त को ज़ंजीरों से थाम अभीप्साओं के दम पर आगे बढ़ने की सोचता।

मन-मस्तिष्क इतनी तेज़ी से भागता कि रास्ते छोटे और उड़ान लम्बी लगती।

चाहतें ज़्यादा थीं और रास्ते ख़ुद तलाश करने थे।

स्कूल में सहपाठियों की आँखों में सांत्वना की जगह प्रेम दिखता।

आनंद और संतुष्टि की पराकाष्ठा होती, जब दोस्त रोज़ शाम बैसाखियों को किनारे कर, अपनी मज़बूत हथेलियों से थाम, जीवन मार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करते, “गले लगाकर धड़कन सुनने की बात ही अलग होती

है"! दोस्तों के साथ बीते लम्हें ज़िंदगी में रंग भरते रहे। कोई फ़िल्म अनिल के बिना देखना उन्हें गवारा नहीं था। अनिल को कभी उसके दोस्त ये एहसास नहीं होने देते थे कि वह किसी भी तरह से असमर्थ है, बल्कि वह उन्हीं की रफ़्तार से ज़िंदगी की दौड़ में भाग रहा था।

अभी भी डॉ. अनिल ठाकुर इस बात को याद कर भाव-विभोर हो जाते हैं, "तेज़ बारिश हो रही थी और मैं अपने कमरे की खिड़की से जीवन की सड़कों को नाप, हाथ को लोहे की सलाख़ों से बाहर करके बारिश की बूँदों को महसूस करने की कोशिश कर रहा था, सोच रहा था कि ज़िंदगी की अनगिनत शामों को कैसे ख़ाली पन्नों पर समेटना है, चिंतन गहन था।"

अचानक ज़ोर से दरवाज़ा खुला और एक प्यारे से मित्र ने अनिल की उस कल्पना की उड़ान को रोक दिया और कहा, "तुम्हें लम्बे सफ़र पर निकलना होगा!" अनिल का साहस और विश्वास दोस्तों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत रहा। घर की सौ सीढ़ियाँ कभी ज़्यादा नहीं लगी।

पिता और माता के लिए अनिल वह दीपक है जिसका प्रकाश कभी कम नहीं होगा।

पंखों में मज़बूती आने लगी थी, उसे ऊँचा उड़ना था, बहुत ऊँचा। कभी अकेलापन महसूस होता तो वह चील की ऊँची उड़ान को देखता।

कुछ इच्छाएँ हमेशा पूरी नहीं होती, सुबह की सैर की इच्छा, जब सूरज संग भाग प्रकृति के रंगों को पीया जा सके। परंतु उगते सूरज को देख ऊर्जा तो अनिल ने संग्रहित कर ही ली थी।

अभी तो सफ़र की शुरुआत थी।

तेज़ दिमाग़ और अद्‌भुत इच्छाशक्ति। कम्प्यूटर के ऊपर तेज़ी से घूमती उँगलियाँ। कोई भी चीज़ अनिल को रोक नहीं पायी। चाहे वह क़रोल टिब्बा की ऊँचाई हो या साधुपुल की गहराई।

पिता के अदम्य साहस और पुत्र पर विश्वास की पराकाष्ठा।



"सुना है मारुति ज़ेन ने नई ऑटमैटिक कार निकाली है"।

"नहीं! सब्सिडी का इंतज़ार नहीं करेंगे, बेटा तुम गाड़ी ख़रीद लो।" वह जीवन की सड़कों को नापकर , आसमान की ऊँचाइयों को छूने की शुरुआत थी। सोलन से शिमला यूनिवर्सिटी तक का डॉक्टरेट का सफ़र अद्भुत था। अनगिनत सफ़े पलटे और जिस सोलन महाविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि ली



वहीं पढ़ाने का गौरव प्राप्त होना अद्वितीय था। फिर मारुति के सफ़र से कब हवाई जहाज से कॉम्प्यूटेशनल फ़िज़िक्स में नए मुक़ाम ढूँढते हुए यू. एस. ए. पहुँच गया ,पता नहीं चला। अभी भी अनिल को वह चेक याद आता है जो उन्हें मारुति कम्पनी वालों ने डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर भेजा था। उड़ान आकांक्षाओं से होती है ,ज़िंदगी ज़िंदादिली का दूसरा नाम है ,फिर चाहे सीमित ज़मीन मिली हो ,उड़ान तो मनोबल से ही होती है। क़रोल टिब्बा अनिल के जीवन पर अमिट छाप छोड़ गया ,वो जीवन को परिभाषित करने वाला सफ़र। जो रास्ता तय कर लिया था वह बहुत बहुत लम्बा था। वह गौरवान्वित महसूस कर रहा था। उसने हर तरह की चुनौतियाँ स्वीकार की ,सबसे बड़ी चुनौती थी,पथ पर अग्रसर होना और गतिमान रहना। थोड़ा आगे बढ़ा तो चट्टानों के बीच में एक पीला फूल दिखा, वह पथरीले रास्ते में उग आया, था इस रास्ते पर बहुत भूले-भटके मुसाफ़िर आते होंगे। दूर-दूर तक कोई नहीं था, दोस्त के हाथों का वह स्पर्श और सान्निध्य इंसानियत को परिभाषित कर गया। वह उस फूल को देखकर मुस्कुराया। वापिस लौटकर उसे भी यूँ ही खिलना था। आज भी दस वर्ष की उम्र में क़रोल टिब्बा का सफ़र और दोस्तों के मज़बूत हाथ अनिल को याद आते हैं और वह सोचता है", चलता ही रहा हूँ मैं निरंतर, पुष्प सदा खिलते रहेंगे जीवन पथ पर" !

(डा .अनिल ठाकुर के जीवन पर आधारित) **25**

My Alma Mater: Where Dreams Got Wings!

Dr. Jagdish Kumar
Assistant Professor of Physics, Central University of Himachal Pradesh, Dharamshala



Belonging to a low income rural family has many challenges and advantages. Especially as a child in such family you have a bunch of miraculous expectations and many (appearing to be) unrealistic dreams which you are supposed to bring to the reality. It was the time of 1990's. A student in rural settings (at least in our times) had to struggle harder for their studies owing to multiple reasons. Being underconfident is also another characteristic feature of rural students. Coming from such background and being almost like a half cooked stuff up to his graduation, a young student, in the year 2005, tried for admission in three departments of Himachal Pradesh University, Shimla: Physics, Chemistry and Mathematics. It was an entrance-based admission so he was not confident enough if he could get the opportunity to study from HPU. Also, among the above subjects, he found Physics the most challenging and boring one. Since, there were three options in one prospectus, so he tried for all three. Interestingly, his score in the entrance was sufficient for admission in all departments. Along with above, he also had applied for B.Ed. admission as this was a kind of convention in those times. And luckily he could also score well to fetch a seat in government college Dharamshala for B.Ed. This course was supposed to be a better choice for employment in teaching. So an under confident student, who thought it was hard to get admission, was now having four choices.

Guess what this student would have opted for!

It was Physics, yes, the boring and challenging one according to him. He was criticised by some 'intellectuals in his contact' for ignoring B.Ed. seat as this was almost the default choice. That time, the conventional people used to believe that Physics does not have much career prospects and should not be an option for a student coming from a poor rural family.

The reason for this young man opting for Physics was also funny, because the Physics department was the first to complete admission process. Good thing about this student was that he was not afraid of getting into boring and complicated things. Rather, somehow he wanted to do something which was not everybody's cup of tea.

Then, he started his journey for M.Sc. from the Department of Physics in HPU. Don't know what magic this department had that they turned this student as one of the best students in the department. Towards the end of his M. Sc. he qualified the prestigious CSIR-NET exam in the year 2007 with Junior Research Fellowship offer from CSIR. So, the Department of Physics turned his dreams into reality.


He then opted for doing his PhD as the financial risks were taken care of by his JRF fellowship so he was almost worry-free. He was offered for doing PhD from NPL-Delhi, one of the prestigious CSIR labs which had state-ofthe-art facilities in experimental physics. This transformed this poor underconfident, rural student into a young confident researcher who was confident enough to face the world. So the department of Physics, HPU had some miraculous ambience.

Today, this young student is working as faculty in one of the Central Universities as Physics Faculty and inspiring many young minds there.

Oh! You might be wondering, how I know so much about him.

:)

Actually, I am that poor young fellow.



कोयले से खींची लकीरें

-डा. प्रियंका वैद्य
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय



कोयले से खींची उन चंद लकीरों ने ज़िंदगी की दिशा बदल दी।

उसके पास रंग ख़रीदने को पैसे नहीं थे।

कायनात के रंग ज़हन में घुल गए थे।

पहाड़ सुबह से शाम तक अनेकों रंग बदलता, कभी हल्का हरा, कभी गहरा हरा, कभी पीला और कभी सूरज की तेज रौशनी से सलेटी नज़र आता। आसमाँ भी तो एक रंग पर टिकता नहीं था। क्या थे सब रंग बाज़ार में मिलते होंगे? वह सोचता।

माँ को चूल्हे में रोटी बनाते देखता और एक दिन कोयले को देखता ही रह गया। कोयले में मानो उसे सारे चित्र, उनकी परिधियाँ दिख रही थी।

कोयला तो काला होता है काला भी रंग ही तो है, चित्रों की रूपरेखा तो काली पेंसिल से ही होती है। इस विचार से वह झूम उठा, मानो उसे कोई बहुत बड़ा तोहफ़ा मिल गया हो। कोयला जो मिल गया था।

फिर तो जैसे उम्मीदों को पंख लग गए। रंग तो थे नहीं, ख़रीदने को पैसे नहीं थे, माता-पिता पढ़े लिखे नहीं थे, चमन की ज़िंदगी में आशा की लहर दौड़ पड़ी जब स्कूल में मास्टर ने कोयले से बनाए चूहे के चित्र की प्रशंसा की। उसको प्रोत्साहन मिला और वह जीवन को रूपरेखा देने में लग गया। स्कूल से चाक लाता और गाँव में बड़ी-बड़ी चट्टानों पर चित्र बनाता। सारी गली उसके बनाए चित्रों से भर गई थी। न रंगों की ज़रूरत थी, न काग़ज़ की और

न ही पन्नों की। धरातल स्वयं एक काग़ज़ था, जिसपर बहुत कुछ खींचना था। “हमेशा चित्र बनाता रहता है, गणित करे तो बात बने”, माता-पिता की बात आज भी चमन के कानों में गूँजती है।



स्कूल से लाए चाक से उसने भाग्य की लकीरें खींच दी थी। वह अपना भाग्य निर्धारित कर रहा था। धामी में छोटे से गाँव हलोग में स्कूल से छः बार चार रुपया बीस पैसा फ़ीस न भरने की वजह से निकाला गया।

पुरानी किताबें जिनमें कभी शुरुआत के अध्याय फटे होते तो कभी अंत के, उन्हीं किताबों को पढ़कर जीवन का शब्दकोश बढ़ाया। सीखने की गहन इच्छा थी। किताबें ख़रीदने के लिए पैसा नहीं था परंतु एक चाह थी जो उसके जीवन की पतंग को दिशा और उड़ान को आसमान दे रही थी। स्कूल में कला अध्यापिका गोदावरी ने अमिट छाप छोड़ी। उसका अनूठा सानिध्य मिला। वह चमन के बनाए चित्र देख स्तब्ध रह जाती और उसे गले से लगा लेती।





चमन उस अनुपम प्रेम से प्रोत्साहित हो, नए आयाम हासिल कर रहा था। पूरी रात जागकर चित्र बनाता और प्रकृति का हर एक अंश उसे नए चित्र बनाने के लिए प्रेरित करता। कभी पहाड़ों में खो जाता, तो कभी विशालकाय पेड़ों की टहनियों को काग़ज़ पर आकार देता। कभी नदी को काग़ज़ पर उतार देता और कभी झरने उसके रंगों में बहते। ग़रीबी से संघर्ष ख़त्म ही नहीं हो रहा था। रंग नहीं थे, कल्पना तो थी, काग़ज़ नहीं थे परंतु उम्मीद तो थी। रात दिन नौकरी का स्वप्न देखता और माँ बाबा का सहारा बनने के लिए प्रार्थना करता। बीस साल की उम्र में नौणी विश्वविद्यालय में लिपिक की नौकरी के लिए साक्षात्कार दिया। बी. एस. नैन्टा ने पूछा, “क्या पसंद है?” साक्षात्कार में शबीह चित्र बनाने के लिए कहा

गया और चमन के द्वारा काग़ज़ पर खींची गई लकीरों ने उसके जीवन पथ को तय किया। उस एक चित्र ने उसके जीवन को आकर दे दिया और अब उसे सफ़ेद और काले रंगों के अलावा और रंग मिल गए। 960 रुपये की नौकरी मिली। वह ईश्वर की अनुपम देन थी। ख़ुशी इतनी हुई कि चार रातों तक जागता रहा। "चमन ने पहली बार पाँव में जूता नवीं कक्षा में पहना था!" अठारह वर्ष तक लिपिक की नौकरी की। दिनभर काले शब्दों और सफ़ेद पन्नों में उलझा रहता, पेंटिंग को कैसे पीछे छोड़ सकता था? रात-रात भर जागकर चित्र बनाना चमन के व्यक्तित्व को परिभाषित करता है। वह पूरी रात में दो-चार घंटे सोता और रात भर रंगों के साथ अपनी कल्पनाओं को आकार देता। एक स्टूडियो और हज़ारों चित्र, सिर्फ़ रंग ही मन-मस्तिष्क में घूमते और वही रंग चमन की सफलता की उड़ान का रास्ता तय कर रहे थे। अठतिस की उम्र में महाविद्यालय में कला विभाग में सहायक प्रवक्ता के पद के साक्षात्कार के लिए गया।

साक्षात्कार का कमरा प्रदर्शनी बन गया, वह अपने बनाए सारे चित्र साथ ले आया था। सभी की आँखें खुली की खुली रह गई, सब अचंभित हो उसे ताकते रहे, मानो रंगों की नदी उस कमरे में बह रही थी, चयन होना स्वाभाविक था। रंग बोल रहे थे। दीवारें संगीतमय हो उठी और कहानियाँ कहने लगी। शब्दों का औचित्य नहीं रहा।

वह अठतिस वर्षों की तपस्या का परिणाम था। जीवन का नया सफ़र निर्धारित हुआ और गाँव में कोयले से चित्र बनाने वाले चमन ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आसमान में रंग भरे। कायनात के प्रत्येक कण में चित्र दिखता। ज़िंदगी चलता-फिरता दृश्य बन गया। पहले वह द्रष्टा था, बारिश को बंद खिड़की से देखता था और सारी सृष्टि को स्वयं में आत्मसात् कर लेता।बूँदों को बिन छुए पी लेता।और मौन के अथाह समंदर में उतर जाता। अब वो दरवाज़ा खोलता और बारिश में तब तक भीगता जब तक वो बूँदों के साथ एक न हो जाए।

(डा. चमन शर्मा के जीवन पर आधारित)


Cache Memories

Anuja Rathore Sharma
Department of English (Batch: 1982-84)



While the purpose of a university is getting on with education, it is also a unique and unforgettable time, with memories that will last for a lifetime.

HPU campus brings back so many memories. I joined the English department in 1982. The first day in the campus was a cultural shock. The classroom and the department were far from what I had imagined. It was 'tiny' and unimpressive!! But soon the physical dimensions of the rooms were relegated to the background and the sincere and committed teachers awed me with their knowledge and humility. Dr. Pankaj Singh, Dr. Girija Sharma, Dr. Pathania, Dr. Som P. Ranchan, Dr. Jaidev Dr. Kataria and Dr. Asnani, impacted and shaped my young mind. The camaraderie within the department put us all at ease. Lasting bonds with friends and teachers were made. The boys were lesser in numbers compared to the girls in the department, so we always had an upper hand in deciding where to go for a department picnic or when to bunk class en masse!!



Me, Mini and Vinod (in pic)

The Student Elections were a complete riot in those days with canteen window panes smashed and hockey sticks used more as 'weapons,' and also the elections had participation from the Shimla Medical College boys, who were an integral part of this 'hungama'!!

I do remember my seniors from Law, who are prominent national leaders now.

I have made lifelong friends on this campus.

We didn't know we were making memories, we were just having fun, but lessons of life were learned and when the two years flew by, we faced the daunting task of charting the course of our life. But confident

enough we did find our ways and destinations. I'm an associate professor at St. Bede's college, Shimla, now. Thanks to my Alma Mater, my life is a beautiful mélange of memorable moments and experiences, some gainful, some painful but overall enriching my life.

I'll conclude with an anonymous quote:

"Good days are to be gathered like grapes, to be trodden and bottled into wine and kept for age to sip at ease beside the fire. If the traveller has vintaged well, he needs trouble to wander no longer; the ruby moments glow in his glass at will".



I. D. Sharma, Gargi, Vinod and myself.

This song by Mary Hopkin, sums it up all-

'Once upon a time…. …. remember how we laughed away the hours

And think of all great things we would do

Those were the days my friend, we thought they'd never end

We'd sing and dance forever and a day

We'd live the life we choose

We'd fight and never lose

For we were young and sure to have our way…..'

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय विद्यालय में मेरे प्रारम्भिक वर्ष

प्रोफेसर पद्मनाभ गौतम
सेवानिवृत निदेशक, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र, धर्मशाला,
अध्यक्ष एवं प्राध्यापक, लोक प्रशासन विभाग, हिमाचल विश्वविद्यालय, शिमला



पहले कुछ दिन : मैंने 16 मार्च,1990 के दिन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग में ज्वाइन किया। मेरा मकान संजौली में है। अतः समरहिल तक का सफ़र बस से ही करना था। मुझे पता नहीं था कि संजौली से समरहिल के लिए विश्वविद्यालय की बसें कब और कहाँ से चलती हैं। अतः मैंने अन्य स्थानीय बस से ही यात्रा करना ठीक समझा। मुझे बस अड्डे (अब पुराना बस अड्डा) तक ही बस मिली। बस अड्डे पर जैसे ही मैं उतरा मुझे विश्वविद्यालय की बस दिख गई। मैंने हिम्मत करके हाथ दे दिया। वह विश्वविद्यालय की बसों को सवारियों को उतारने व चढ़ाने का स्थान नहीं था, फिर भी चालक ने मेरे लिए बस रोक दी। मेरे लिए यह बहुत ही ख़ुशी का क्षण था। मैंने चालक की शिष्ठता के लिए धन्यवाद किया। मुझे लगा की यह सज्जनता उन्होंने मेरे पहनावे तथा शारीरिक व्यवहार (Body Language) को देखकर, मुझे विश्वविद्यालय का अध्यापक समझ कर दिखाई है तथा विश्वविद्यालय के चालक व परिचालक बहुत सज्जन हैं। मेरा यह विश्वास मेरे विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण सेवाकाल तक बना रहा और सेवानिवृत्ति के बाद भी रहा। अतः उन सभी का इस लेख के माध्यम से धन्यवाद करके मैं उनसे कुछ सीमा तक ऋण-मुक्त होना चाहूँगा।

बस बालूगंज व समरहिल चौक होती हुई विश्वविद्यालय पुस्तकालय के नीचे रुकी। विद्यार्थी, अध्यापक तथा कर्मचारी बहुत शीघ्रता से उतरने लगे। मैं भी नई उर्जा, आशाओं तथा संजोये हुए सपनों के साथ बस से उतरा और अपने विभाग की ओर जाने लगा। हमारा विभाग उन दिनों इस्पात के ढारों में चल रहा था। उस प्रांगण में कुछ और भी विभाग काम कर रहे थे। विभाग के पास दो कमरे थे, एक विभाग के अध्यक्ष तथा बाबू के लिए तथा दूसरा अन्य सभी अध्यापकों के लिए। विभाग के पास दो कक्षा कक्ष भी थे, जहाँ दोनों समेस्टरों की कक्षाएं लगा करती थीं। प्रोफेसर आर. डी. शर्मा विभाग के अध्यक्ष थे, अन्य सहयोगियों में डॉ. शिवराज सिंह रीडर, सर्व श्री पी.पी. एस. गिल, सेवा सिंह चौहान तथा संजीव महाजन लेक्चरर थे। इन सभी ने बाद में पीएच डी. की उपाधि ली। श्री

ज्ञान चंद क्लर्क तथा श्री देवराज चपड़ासी थे। इन सभी ने मेरा हृदय से बहुत स्वागत किया। नए सहयोगी को पाकर सभी खुश थे। इन्होंने विश्वविद्यालय के बारे में अनौपचारिक बातें बताकर मेरी जानकारी में वृद्धि की। ख़ुशी-ख़ुशी के वातावरण में समय बहुत जल्दी बीत गया। दोपहर का समय होने पर मैंने अपने साथियों से कहा, "चलो कहीं लंच कर लेते हैं"। मैंने विश्वविद्यालय में रीडर के पद पर ज्वाइन करने से पहले हिमाचल लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा), फेयरलॉन में लगभग ग्यारह वर्ष तक सहायक प्राध्यापक के पद पर काम किया था। वहां अपने सहयोगियों के साथ दोपहर का भोजन करना एक रूटीन बात थी। जबकि विश्वविद्यालय के आचार्यों में इस तरह का प्रचलन नहीं था। फिर भी मेरे सुझाव पर प्रोफेसर आर. डी. शर्मा जी ने खाना मंगवाया और हम सभी सहयोगियों ने एक साथ भोजन का आनंद लिया। नयी-नयी दुल्हन की हर बात मानी जाती है, वैसे ही मेरी बात भी मानी गई। किन्तु अगले दिन से मैंने विश्वविद्यालय के विभागों के प्रचालन के अनुसार अपने लंच का स्वयं ही प्रबंध किया।

पहले एक-दो दिनों में ही अर्थशास्त्र के लेक्चरर श्री एन. एस. विष्ट जी से मिलना हुआ। विष्ट जी हिप्पा से अध्यापन के लिये आया करते थे, अतः मेरा उनसे परिचय था। उन्होंने स्वभाविक प्रसन्नता पूर्वक मेरा अभिवादन तथा स्वागत किया और मुझे पास ही केन्टीन में चाय पीने के लिए गए। एक बहुत अच्छी और शान-वान की नौकरी छोड़ कर विश्वविद्यालय में आने का कारण पूछा, मैंने बताया मुझे पढ़ना, लिखना, चिंतन करना तथा स्वतंत्रता अच्छी लगती है। अतः मैं यहाँ आकर प्रसन्न हूँ। विश्वविद्यालय के पास चायली गाँव के मेरे परिचित एक सज्जन मिले, उन्होंने भी मुझसे वही प्रश्न किया और यह बताया कि आप व्यर्थ में ही बहुत अच्छी नौकरी छोड़कर एक बेकार स्थान पर आ गए हैं, पर मैं तो अपनी धुन का पक्का था।

औपचारिकता निभाने के लिये मैं उप-कुलपति प्रोफेसर मल्होत्रा साहब के कार्यालय में उनसे मिलने के लिए गया। उनसे मिलने के लिए चिट देना पड़ता था। वहीं कुछ विद्यार्थी भी उनसे मिलना चाहते थे। उन्होंने भी अपने चिट दिये। कार्यालय के बाहर खड़े होकर वे आपस में बाते कर रहे थे। उनमें से कुछ कह रहे थे, ये चिट का तरीका ठीक नहीं। सीधे वी. सी. से जाकर मिलने की व्यवस्था होनी चाहिए। मुझे उनका सुझाव अव्यवहारिक होने पर भी अच्छा लगा। यह भी लगा कि यहाँ विचारों की स्वतंत्रता तो है, पर कुछ दिनों बाद लगा कि यह स्वतंत्रता बहुत ही ज्यादा है। स्वतंत्रता की पहली बानगी मैंने तब देखी जब एक दिन विश्वविद्यालय के कैंपस में एक अध्यापक के स्कूटर से किसी विद्यार्थी के स्कूटर का थोड़ा टकराव हो गया। उस विद्यार्थी ने आव देखा न ताव पटाक से



अध्यापक की पिटाई कर दी। बाद में अखबारों में छपी खबरों में उसे "manhandling" बताया गया। दूसरी बानगी, फिर कुछ दिनों बाद एक बहुत सम्माननीय वरिष्ट प्रोफेसर जिन्होंने वी.सी. साहब के पक्ष में कुछ कहा था जो विद्यार्थियों के किसी एक वर्ग को ठीक नहीं लगा, उस पर उनकी भी कुछ विद्यार्थियों ने पिटाई की। बाद में अपनी मांगों को लेकर विद्यार्थियों के मुर्दाबाद और जिंदाबाद के नारे तथा बैनर्स तो रोजमर्रा की बात हो गई।


रजिस्ट्रार कार्यालय में भी मैं रजिस्ट्रार श्री ए. आर. चौहान तथा बहुत से शीर्ष अधिकारियों से औपचारिकता निभाने के लिए मिला। श्री बांके राम जी, मेहता साहब, डोग्गर साहब, मुझे अब विशेष रूप से याद हैं। श्री एम. एस. गर्ग पुस्तकालय अध्यक्ष थे, तथा शर्मा जी उनके सहायक थे। श्री राम कृष्ण कौशल जी पब्लिक रिलेशन आफिसर थे। सभी सज्जन पूर्व परिचित थे, अतः मुझे इनके साथ रहना तथा काम करना बहुत अच्छा लगा। मेरी वेतन सम्बन्धी तथा कार्यालय सम्बन्धी औपचारिकताएं बहुत सहज तथा सरल ढंग से पूरी हो गईं। अपने विभाग में भी विद्यार्थियों को पढ़ाना मुझे सहज तथा आनंददायक लगा। विभाग में भी बहुत समरसता का वातावरण था। संक्षेप में, विश्वविद्यालय का सारा वातावरण प्रारंभिक दिनों में बहुत अच्छा लगा।

हनीमून का अंत

कुछ समय बाद हनीमून की समाप्ति हो गई, होनी भी थी। मुझे भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली, एक सेमिनार के लिए भेजा गया। वापिस आने के बाद मैं अपना यात्रा भत्ता तथा बिल लेकर रजिस्ट्रार कार्यालय गया और वहां सम्बन्धित लिपिक से मिला। वहां एक साथ मुझे कई झटके लगे। पहला झटका, लिपिक महोदय ने मुझे बैठने के लिए कुर्सी तक नहीं दी। दूसरा झटका, बड़े रोब से बातें करने लगे। तीसरा झटका, मैंने डीलक्स बस से सफ़र किया था, अतः डीलक्स बस से ही राशि लिखी थी। मैंने टिकट संभाल कर नहीं रखे थे और बिल के साथ भी नहीं लगाए थे। अतः लिपिक महोदय ने कहा, आपको साधारण बस का ही किराया मिलेगा। हिप्पा में टिकट लगाने का प्रचलन नहीं था। एक सीनियर गजेटेड ऑफिसर का हस्ताक्षरों से यह लिखना ही काफी होता था कि उसने डीलक्स बस से सवारी की है। लिपिक महोदय और भी कुछ आपत्तियां लगाई। बिल तो कुछ समय बाद पास हो गया, किन्तु वे सारे झटके मुझे अपने विश्वविद्यालय के कार्यकाल में नहीं भूले। इसके बाद भी विश्वविद्यालय की लेखा ब्रांचों तथा स्थानीय लेखा-परीक्षा के साथ मेरे अनुभव अच्छे नहीं रहे। इन सभी अनुभवों का विस्तृत वर्णन फिर कहीं अन्य प्रसंग में करना चाहूँगा।

वास्तव में हुआ यूँ कि जब सन 1972 में विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, तब सचिवालय से बहुत से कर्मचारी यहाँ प्रतिनियुक्ति पर भर्ती किए गए। स्वाभाविक ही था कि वे अपने साथ नौकरशाही की कठोर जड़ता वाली नियमावली भी ले आए। वैसे भी सरकारी वित्त विभाग के सारे कानून यहाँ अपनाए जाते हैं। स्थानीय लेखा परीक्षा के अधिकारी व कर्मचारी जो वित्त नियमों में पारंगत होते हैं, वे बहुत कड़ाई तथा स्वविवेकहीनता से इनका कार्यान्वयन करते हैं। तभी बहुत-सी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। यदि प्रारम्भ में ही एक स्तर की पदोन्नति देकर पंजाब विश्वविद्यालय से कर्मचारी व अधिकारी नियुक्त किए जाते तो बात कुछ और ही होती। और भी, विश्वविद्यालय के प्रशासन तथा सरकारी प्रशासन दोनों भिन्न हैं। यहाँ अध्यापन तथा शोध होता है। अतः हमारे यहाँ की लेखा-परीक्षा के मापदंड भिन्न होने चाहिए। ये मापदंड अभी तक न ही हमारे विश्वविद्यालय में बनाए गए और न ही भारत के अन्य विश्वविद्यालयों में पूरी तरह विकसित हो पाए हैं।

मैंने विश्वविद्यालय में अपने प्रारंभिक वर्षों के खट्टे-मीठे कुछ अनुभव आपसे सांझा किए। बाकि पर फिर कभी बात करेंगे।



A TRYST WITH MY ALMA MATER

-Waryam Singh Bains
Deputy Registrar (Retd.) Himachal Pradesh University



"*Those who are armed with knowledge are skilful*."---Motto, HPU.

Just a mention of Summerhill and the picturesque campus comes before our eyes.

The first Chief Minister of Himachal Pradesh, Dr. Y.S. Parmar, had laid down its foundation stone. Earlier, it was the Regional centre of the Panjab University. The campus of the university is in close proximity of the Indian Institute of Advanced Study. Dr. Ram Karan Singh was the first Vice-Chancellor of this prestigious Alma Mater. The University is affiliated to UGC and got NAAC "A" Grade during the times of the former ViceChancellor Prof. ADN Bajpai.

Himachal Pradesh University, Shimla, was set up on 22nd July 1970. I, Waryam Singh Bains, an alumnus and a retired Deputy Registrar served my Alma Mater for 42 years (Joined on 13th April 1973) and had the privilege to work under all the Vice-Chancellors, from first Vice-Chancellor, Prof. RK Singh till the superannuation of Prof. ADN Bajpai. Prior to the University, the Regional Centre of the Panjab University, Chandigarh, was set up in Shimla, in 1968, having its office in Dingle Lodge, near Victory Tunnel. My father late Mr. Kikar Singh Bains who was posted at Punjab University Chandigarh came to Shimla and served in the PU Regional Centre here. Dr. Jagdish Chandra was its Director and he taught English at the post graduate level. The classes of science stream, Chemistry and Physics were started from Manse Building, while the Bio-sciences classes were run from Boileauganj Campus. The Government B. Ed. College, Ava Lodge was used for Correspondence Courses and its Principal was appointed as acting director who was replaced by Prof. K. P. Pandey as a regular Director, who took the Correspondence Courses of the Himachal Pradesh University to new heights.

Now, the Correspondence Directorate has been given the name, International Centre for Distance Education and Open Learning (ICDEOL), which has its separate building in the HPU campus.

When the Himachal Pradesh University took over the Evening Classes, its Principal was Prof. K.K. Malhotra. Under the stewardship of Prof. K .K. Malhotra, the Evening College became quite popular among the in-service people who took admissions in a large number.

Once I asked the University's Public Relations Officer (PRO), Dr. Ranvir Verma, the grandson of the then Rajya Sabha MP Mr. C. L. Verma, a close associate of the first Himachal Pradesh Chief Minister, Dr. Y. S. Parmar, about his role in setting up the university, he said that Dr. Parmar was a great visionary and the Architect of Himachal Pradesh and his contemporaries Mr. C. L. Verma, three time member, Rajya Sabha from Himachal Pradesh and Pt. Padamdev, State's Home Minister and Uncle of the present Town and Urban Development Minister, Mr. Suresh Bhardwaj, were the spirits behind setting up this University. But there were many roadblocks in its long journey. Paucity of land was the main problem. For this, Rajkumari Amrit Kaur, the first Health Minister of India, came forward and donated nearly 241 Bighas of land. She also donated her residence to the All India Institute of Medical Sciences, New Delhi, to be used as a Holiday Home, namely "Manorville," for the nurses and staff of AIIMS. It is said that Mahatma Gandhi used to stay here, whenever he visited Shimla.

This Holiday Home is in close proximity of the University. As of now there is no monument in the name of Rajkumari Amrit Kaur in the University. I would like to suggest the University authorities that some monument must be built in the name of this holy soul.

Same is the case with the first Vice-Chancellor of HPU, Dr. Ram Karan Singh. I would suggest that the Committee Room, in V.C's. Chamber, should be named Dr. R. K. Singh Hall.

The late Chief Minister, Thakur Ram Lal, in the capacity of Education Minister, was also instrumental in establishing HPU.

From its birth to Golden Jubilee, the University has also been a witness to turbulent times and has seen many ups and downs. From time to time the successive governments made amendments in its original Act of 1970. The University authorities, teaching fraternity and students opposed these amendments, which according to them was an attack on the University's autonomy. But facing all the odds, this University has again restored its lost pride and glory of being a University with a difference.

The Horticulture and Agriculture wings were separated to make independent Universities, more so, it was necessary in the face of paucity of space. Now these universities have their own identity and have proved a boon in imparting quality education to the students of Himachal Pradesh. They are, Dr. Y. S. Parmar University of Horticulture and Forestry, Nauni, Solan and Chaudhary Sarwan Kumar Krishi Vishwavidiyalay, Palampur, set up in 1978, during the BJP regime by the then Chief Minister, Mr. Shanta Kumar. The Technical University was set up at Hamirpur by the then Chief Minister, Mr. P. K. Dhumal.

The examinations for the private and government medical colleges were earlier conducted by HPU. But these colleges are now run by the Atal Medical and Research University, functioning from Shri Lal Bahadur Shastri Medical College, Ner Chowk, Mandi.





Now HPU is trying to spread its wings to fly high in the sky, touch new heights and explore new horizons.

The University had come up with the "*Drishti*"--Vision 2020 Document, framed by the former Vice Chancellor, Dr. A.D.N Bajpai, which had envisaged setting-up its second Campus at Ghanahatti to start professional courses. But non-availability of adequate funds is the major bottleneck on raising the state-of-the-art infrastructure. To cope with the situation, the state government should provide liberal funds or it should approach the centre to come to its rescue. Dr. SP Bansal, the present Vice-Chancellor, says that from *Vision Document 2020*, he will lead the University to Diamond Vision-2030, when the University will complete 60 years.

The process of filling up the vacant teaching and non-teaching posts has already started. Hope, in the hands of the present incumbent Vice-Chancellor, Dr. SP Bansal, who has taken over the charge after Prof. Sikander Kumar who was nominated to Rajya Sabha, the University will definitely achieve new heights and explore new horizons and earn name and fame, by adding the required excellent faculty which it had during its infancy.

The production of Himachal Pradesh University's "*Kulgeet*", is the result of the thoughts that emanated from the mind and soul of a thinker, who is none other than the former Vice Chancellor, HPU, Shimla, Dr. A.D.N.

Bajpai. After being inspired by the Banaras Hindu University's "Kulgeet", he asked for a thorough revision of a work by Acharaya Padamshree Abhiraj Rajendera Mishra. It not finding mention of the rivers of Himachal Pradesh, he asked the writer to add something about the beautiful rivers. After adding a few lines, in praise of Himachal Pradesh's beauty, the "*Kulgeet*" was given a thorough look from every angle of Himachal's dances, deities legacies, snow culture, the age old legacies of 'Rishis', reminiscences of Nalanda and the sprawling snow clad mountain range of Dhauladhar and the mention of cedars and the heights the HPU has touched in its long journey.

The task of preparing the music was given to Acharya R. S. Shandil and his students, the University's Music Department. The music of the "*Kulgeet*" is the result of two months' rigorous practice, which evokes the unending music of the heavens.

Before the release of the "Kulgeet", it got the nod from the then following members of the University's Executive Council. The then Education Minister, Himachal Pradesh, Mr. Suresh Bhardwaj (Now Town and Urban Development Minister), Prof. Pankaj K. Singh, Prof. Bal Krishan, Prof. B. P. Mahajan, Prof. Dhani Ram, Prof. Niraj Sharma, Prof. Abha Malhotra and me (Waryam Singh Bains).

It got the final approval from the Chancellor, H. P. Governor and the State Administration. To listen to the melody of the "*Kulgeet*", visit You-tube. Though all the Vice-Chancellors of the University gave their best but Dr. KC Malhotra, Dr. C. L. Kundu, Dr. Anil Wilson, Dr. HP Dixit and Prof. A.D.N. Bajpai were a class apart. It would not be out of place to mention here that late Mr. M.K. Kaw, a senior bureaucrat and Dr. Anil Wilson are still remembered for heading their respective administrative and academic reforms committees.

Now, another University namely, Sardar Vallabhbhai Patel University, Mandi, has been set up at Mandi, by the present Chief Minister Mr Jairam Thakur. But Himachal Pradesh Unviersity will always remain Mother University of all these universities.

समरहिल, नाम ही काफी है

-धर्म पाल भारद्वाज
वैज्ञानिक (सेवानिवृत) केंद्रीय जल आयोग, जल संसाधन मंत्रालय, रायपुर, छत्तीसगढ़



मुझे इस बात का फक्र रहा है कि मैं अपने सहपाठियों और समकालीनों की तरह हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का शुरूआती छात्र हूँ । जुलाई, 1970 में गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, शिमला में B.Sc. में दाखिला लिया था। खबर थी कि शिमला में हिमाचल की अपनी यूनिवर्सिटी खुलने वाली है। 22 जुलाई की दोपहर थी, कॉलेज में पता चला कि आज हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की स्थापना हो गई है और हम इस विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आ गए हैं।

एक यादाश्त मैं और साझा करना चाहता हूँ। बात वर्ष 1974-75 की है, जब मैं M.Sc. (Physics) का छात्र था। तब कक्षाएं माल रोड पर जनरल पोस्ट ऑफिस के पीछे 'दि मान्स बिल्डिंग' में लगती थी, जहां अब सांध्य कालीन महाविद्यालय है। केमिस्ट्री की कक्षाएं भी इसी परिसर में पूर्व स्कॉटिश चर्च बिल्डिंग में लगती थी। सृष्टि को जानने का भी एक जुनून रहता है। Three P's - Physics, Philosophy & Poetry मेरे लिए आकर्षण का विषय रहे। इन के सहारे सृष्टि को गहराई तक समझने में मदद मिलती है। फिज़िक्स की पढ़ाई तो चलती ही रहती थी। मन में कभी भावनाओं की हिल्लोर उठती तो कविता भी लिखी जाती। फिलॉसफी की ओर रूझान मुझे संयोगवश ग्रैंड होटल के उस कमरे तक खींच ले गया जहां एक प्रबुद्ध सन्यासी सूरज जी रहा करते थे। उस दौरान बालजीस ने, ग्रैंड होटल केन्द्र सरकार से लीज़ पर ले रखा था। उन्होंने ही एक कमरा सूरज जी के लिए पिछले कई वर्षों से निशुल्क दे रखा था। कदाचित वहां मेरा जाना रामकृष्ण मिशन के लिटरेचर के संदर्भ में हुआ था। श्वेत वस्त्र धारी उन सन्यासी का व्यक्तित्व ऐसा था कि मैं कभी उन्हें भुला नहीं पाया। वहां रविवार को जाना होता था। वे Gospel of Ramakrishna पढ़ा करते थे। पढ़ते हुए किसी बिन्दु पर आकर जब बोलने लगते तो घंटों बोलते रहते। विश्व की कई भाषायें उन्हें आती थी। बोलने लगते तो धाराप्रवाह बोलते चले जाते। उनके बारे में लोग ज्यादा नहीं जानते थे। वॉकर

अस्पताल (मिलिट्री अस्पताल) के एक बड़े सर्जन उनके बहुत करीब थे। रविवार को वहां नियमित रूप से आने वाले एक सज्जन जो ए.जी. ऑफिस में काम करते थे, ने बताया था कि सूरज जी वर्षों पहले समरहिल में भी रहे हैं। वे वहां के चीड़ और देवदार के जंगलों में घंटों अकेले घूमा करते, जहां ध्यान लग जाता बैठ जाते। प्रकृति के साथ उनका तादात्म्य था। वे प्रकृति को अपने अन्दर महसूस कर सकते थे। एक बार उन्होंने स्वयं भी कहा था कि उन्होंने कई बार घंटों टकटकी लगाए फूल को खिलते देखा है। फूलों का खिलना प्रकृति की एक अद्‌भुत क्रान्ति है। बड़ी सुखद अनुभूति है फूल की पांखुरियों को बाहर निकलते देखना। ए.जी. ऑफिस के उन सज्जन ने बताया था कि सूरज जी ने समरहिल के उन जंगलों में घूमते हुए कहा था कि एक दिन यहां एक यूनिवर्सिटी बनेगी। यह जगह उसी के लिए है।

शिमला शहर सात पहाड़ियों के मध्य बसा हुआ है। इनमें से एक समरहिल है। समरहिल उप-नगर इसी पहाड़ी पर बसा हुआ है। कभी मित्रों के संग घूमते हुए समरहिल भी जाना होता था। चौड़ा मैदान से लगी हुई एक पहाड़ी का नाम ऑब्ज़रवेटरी हिल है। उस पहाड़ी पर बने विशाल भवन, वॉयसरीगल लॉज से सन् 1947 से पहले हिन्दुस्तान पर अंग्रेजों का राज चलता था। आज़ादी के बाद, वर्ष 1965 में इस भवन में भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, IIAS खोल दिया गया था। इस संस्थान के गेट से दायीं तरफ का रास्ता सीधा समरहिल जाता है। दोनों तरफ पेड़ों की सघन हरियाली है। नीचे की ओर रेलवे ट्रैक कहीं-कहीं दिखता है। कभी सीटी बजाती हुई पहाड़ी रेल गाड़ी भी पत्तों के झुरमुट के बीच से निकलती दिख जाती है। गेट के बायीं तरफ का रास्ता बालूगंज से घूम कर समरहिल जाता है। बालूगंज से समरहिल तक का यह रास्ता मार्च-अप्रैल में बुरांस के फूलों से भरा रहता है। सड़क के दोनों तरफ बुरांस के पेड़ ही पेड़। बुरांस के फूल भी क्या होते हैं! बड़े-बड़े, सुर्ख लाल, तोड़ने को मन हो आए। पर बुरांस के पेड़ कच्चे होते हैं। टहनियां भार से टूट भी सकती हैं। जोखिम उठाना भी ठीक नहीं। इस सड़क पर एक बिल्डिंग में तब बॉटनी और ज़ूलॉजी की कक्षाएं लगती थी। विज्ञान की यह चारों स्नातकोत्तर कक्षाएं इससे पूर्व पंजाब विश्वविद्यालय के अन्तर्गत लगती थीं। यूनिवर्सिटी जाने के लिए एक तीसरा रास्ता भी है, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान के गेट से होकर। पर यह रास्ता आम नहीं है। यह तीनों रास्ते समरहिल चौक पर मिलते हैं, जहां पर अंग्रेजों के जमाने से पोस्ट ऑफिस है - शिमला-5, मन्दिर भी तभी से है और शिमला का ऑउटर रेलवे स्टेशन



समरहिल भी। समरहिल में कुछ पुरानी सुन्दर कोठियां थीं जिन्हें विश्वविद्यालय परिसर के अन्तर्गत अधिग्रहण कर लिया गया था। इन में से एक हमारे एक रिश्तेदार श्री मूल चंद सरस्वती की भी थी। वे हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के प्रथम निदेशक भी थे। माता जी के साथ कभी-कभी उनसे मिलने जाया करता था। वे कोटगढ़ में, हमारी रिश्तेदारी में, पहले उच्च शिक्षित व्यक्ति थे। इससे पूर्व वे पंजाब विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार भी रह चुके थे। लेकिन एक इमारत अभी भी है जिसका अधिग्रहण नहीं हुआ, वह भी ठीक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने। यह इमारत है राजकुमारी अमृत कौर की। महात्मा गाँधी भी वहां ठहरा करते थे। अब इस इमारत में ऐम्स (AIIMS), नई दिल्ली का गेस्ट हाउस है।

समरहिल के पीछे की ओर, बायीं तरफ, एक छोटी-सी पहाड़ी है, उसका नाम है पॉटर्स हिल। यहां चिकनी मिट्टी बहुतायत में है, इस कारण वहां पर कुम्हारों की बसाहट ज्यादा थी। मिट्टी के बर्तन बनाना उनका पेशा था। इसी कारण इस पहाड़ी का नाम पॉटर्स हिल पड़ा होगा। मेरे एक घनिष्ठ मित्र श्री सुरेश शर्मा जी बहुत अच्छे चित्रकार रहे हैं। उन दिनों वे अंग्रेजी में एम.ए. कर रहे थे। वे अक्सर ईज़ल, कैनवास और रंग ब्रश लेकर छुट्टी के दिन निकल जाया करते थे, पेंटिंग बनाने। कभी-कभार मैं भी उनके साथ रहता था। यूनिवर्सिटी बन चुकी थी। तब यूनिवर्सिटी का फैलाव पोस्ट ऑफिस के ऊपर की तरफ ही था। शेष क्षेत्र में जंगल और खेत थे। एक बार हम घूमते हुए पॉटर्स हिल की ओर निकल गए। वहां एक छोटा सा गांव है - ताल गांव, कुम्हारों का गांव है। एक छोटा-सा तालाब (ताल) था वहां, कदाचित अब भी होगा। सुरेश जी ने वहां ईज़ल पर कैनवास टिकाया और सामने के लैंडस्केप को कुछ ही समय में ब्रश से कैनवास पर उतार दिया। अब उस गांव की सीमा तक यूनिवर्सिटी के हॉस्टल बन चुके हैं। वहां का वह पुराना लैंडस्केप यादाश्त के तौर पर इस पेंटिंग में ही बचा है। जगह बदल जाती है, यादें रह जाती हैं।


यूनिवर्सिटी बनी तो नए शैक्षणिक और प्रशासनिक भवन भी बने, हॉस्टल बने। परिसर के बीचों-बीच पैगोडा शैली में विशाल पुस्तकालय बना। भवन निर्माण की पैगोडा शैली में आमतौर पर मन्दिर बनाए जाते हैं, ताकि वहां बैठने वालों का ध्यान केन्द्रित रहे। पुस्तकालय भी मन्दिर है। यूनिवर्सिटी का यह पुस्तकालय शिमला के कई क्षेत्रों से

दिखाई देता है। समरहिल की यह पहाड़ी, जहां कभी जंगल था, चीड़ और देवदारों की स्वास्थ्यवर्धक खुली हवा थी, वहां से अब हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, ज्ञान और विज्ञान की स्वास्थ्य और खुली बयार बहा रहा है। हमें इस पर गर्व है। चीड़ और देवदार के पेड़ अभी भी इस विशाल परिसर को अपने घेरे में सुरक्षित रखे हुए हैं।






पॉटर्स हिल, ताल गांव की एक अन्य पेंटिंग, सुरेश शर्मा के सौजन्य से।



YAADON KI BARAAT- OUR HALCYON MBA DAYS IN HP UNIVERSITY!

-Dr. Purnima Chauhan
IAS, Retd, MBA Batch 1980-82
&
Dr Rajinder Chauhan
Sr Industrial Advisor, (Retd.) Govt of HP, MBA 1979-81



When I joined the MBA programme of HPU in 1980, I had no clue that my life was about to take a major turn. Change was not new to me! In fact, it was a constant in our peripatetic life led as an army daughter. School hopping nearly every year with Dad's transfers was routine and we took it in our stride. Having navigated the diverse syllabus, uniforms, atmosphere of most of the convent schools in Chandigarh, erstwhile Uttar Pradesh and Delhi, I landed in Loreto Convent Tara Hall, Shimla, and immediately fell in love with the snow fringed lawn of this vintage building. In those "*Achhe Din*" we jay-walked into Loreto Convent Tara Hall school as tourists and within two hours over a warm cup of tea in the parlour with the Principal Mother Consigliore, I walked out as a newly admitted student! Today we would not believe this episode as it is the stuff that dreams and fairy tales are made of.Perhaps being from Loreto Delhi was the clincher in getting instant admission into class 10 in this prestigious school.

Once again, as a family we had impulsively put the cart before the horse! Finalising a school before deciding on the city or house of your choice is certainly unconventional! But I guess army lends an easy air of adaptability since we are wont to have "ghat ghat ka paani" with frequent transfers! A home in Kelston near Longwood was the beginning of my *Shimla ki deewangi* and the freewheeling camaraderie that everyone shared while "Malling" an activity that meant walking rounds of the fashionable Mall Road where much of Cupid's action blossomed quietly.

My graduating from St Bede's College with a gold medal surprised me more than anyone else. But I was even more astonished at sailing through the MBA admission test of HP University that had stiff competition being a much coveted programme. The co-ed University atmosphere jolted us out of the sheltered cocoon of a girl's college. The group discussion during MBA admission test attracted an unprecedented audience since we were six Bedians pitted strategically against each other. It should have come as no surprise that subsequent ragging

was clearly directed to bring us down from the stereotypical image of the 'high horse ' that presumably all Bedians rode. Well prejudice prevails in all institutions and we were at the receiving end…romance turned the tables! And good ol' harmless ragging was the ice breaker about which seniors salivated and freshers dreaded!

Seniors kept an eagle eye out for any fresher blessed with even a remote semblance of talent in any field! Trust me if such harmless ragging instead of stark sadism was the norm in all educational institutions no Court would have banned this practice that actually helped shed many inhibitions and created cherished memories that many alumni now share over a beer! In our case my senior, now my husband, Rajinder Chauhan's popularly called Raju's unwavering focus on me was disconcerting to say the least. Secretly I was flattered by this attention showered on me by this very popular, handsome, fiery young debator who was gallant enough to ensure that the ragging doesn't get ugly.

'If music be the food of love, play on, play on' wrote the Bard in Twelfth Night! The nostalgia of my university days is peppered with musical interludes! Shimla, the queen of the hills, is also popular as the favourite abode of Cupid whose love darts pierce hills and valleys to find and bind soul mates until every "*patta patta boota boota*" knows "*haal hamara jaane re*"! Having discovered wide ranging budding talent during MBA ragging freshers were summarily ordered by the senior "sirs" and "mams" to put their best foot forward in dancing, acting, mimicking, singing, poetry to win the Inter Faculty Trophy by beating the permanent challenge that the Law faculty gleefully posed to our Commerce Faculty!

While practising the Lata song, "*aap ki nazron ne samjha pyaar ke kaabil mujhe, dil ki aii dhadkan thehr jaa mil gai manzil mujhe*" from the film Adalat little did I know that my husband-to-be, Raju, stopped in his tracks on hearing my voice! Mesmerised, he walked into the auditorium and kept looking unblinkingly at me which was very disconcerting until it dawned on me later that wicked Cupid was turning his arrow! "*Zara nazron se keh do jee nishana chook na jaaye*!"! Suffice it to say that Raju missed his bus to return home that evening. Not surprisingly he continued to miss the homebound bus every day since I had joined the Chandrabhaga hostel! To join the hostel I had convinced my parents that a 12 km walk to and fro daily was impeding my studies! Later they knew better!

If this unerring *Do dil mil rahen hain* "heart trouble" took some time to dawn on me it was clearly visible to our delighted friends. These pals are still a vital part of our slice of a Bollywood romance! It is strange how they continue to add chapters to our memory of those halcyon days. Raju and I, in a world of our own, walked on a cloud blissfully unaware of much that was happening around us! Even today we laugh at the parallels of our story with old romantic Hindi films of holding hands under the library table while staring unseeing into thick management tomes. Of a library table being unofficially reserved just for us until one wannabe fresher

invaded this privacy to get Raju's attention that led to a full blown war between us! Of he and his pals pushing me into joining them for tea at *Shahji ka dhaba* by throwing a well aimed cardboard carton from the first floor that landed with a loud thump on my library table shattering the silence forcing me to hastily abandon preparing reference notes! My blushing deep red at the embarrassment of the sniggers that followed with some serious candidates tapping their pens on the tables to restore silence! The Earth could have happily swallowed me!

Memories return of merrymaking in our ramshackle MBA department. We could not bear the ignominy of it being labelled as "cowsheds" so the inimitable Bedians decided to take matters into their own hands. Much to the amusement of our amazingly intellectual and completely unconventional Head of Dept, Dr MK Sharma, we asked for brooms to clean up the "cowsheds" and plant flowers in the surroundings! I have a strong suspicion that this instinctive action did much to instil respect in his heart that replaced the inherent bias against Bedians being candy- floss type.

Freshers are fledglings trying to find their feet in a new milieu. As an attempt to cobble a cultural performance for the seniors we did an impromptu gypsy dance! Lo and behold - it made headlines for all the wrong reasons! Props are always hard to find for our last minute acts! We converted our midi skirts into gypsy look by stitching colourful streamers on them! Someone spread a malicious rumour that these girls were dancing in 'paper skirts"! Well we could not have scotched that rumour since there was nothing like digital social media. But its unwitting outcome was that any MBA performance had a "house full". Our desire to keep the Faculty banner high made cultural evenings follow galore. Despite the senior junior divide we all had an unwritten pact to excel in all spheres so that competition comes nowhere near breasting the tape for Commerce Faculty. This strong bonding for the Faculty led us to many memorable eleventh hour wins despite odds being stacked against us!

